CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 23 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 118 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन : कांग्रेस पेज 2



स्मृति मंधाना 4,000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं खेल टाइम्स



रोजगार के लिए गारंटी मिशन सम्पादकीय



भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: आसिम मुनीर पेज 12



जम्मू-कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू के बाहरी इलाके नागरोटा स्थित एनसीसी शिविर में पूर्ण पोशाक पूर्वाभ्यास में भाग लेते हुए।

## मनरेगा का खत्म होना सबकी नैतिक नाकामी: सोनिया गांधी

**कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा: देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा**

**मनरेगा पर बुलडोजर शीर्षक से छपा सोनिया गांधी का लेख पढ़ें: राहुल-प्रियंका गांधी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और दूसरे कानूनों में बदलावों के जरिये वह जनता के अधिकारों पर आधारित कानूनी ढांचे को खत्म कर रही है।

श्रीमती गांधी ने एक अंग्रेजी दैनिक में सोमवार को अपने लेख में सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा का कमजोर होना 'सबकी नैतिक नाकामी' है। इससे देशभर के करोड़ों लोगों को वित्तीय नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक कल्याण की पहल नहीं थी, बल्कि यह अधिकारों पर आधारित कार्यक्रम था, जो गांव के परिवारों को रोजी-रोटी की सुरक्षा और सम्मान देता था। मनरेगा ने महात्मा गांधी के सभी के कल्याण के सपने को पूरा किया और काम करने



का संवैधानिक अधिकार दिया था। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने सभी से एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है कि हम एकजुट हों और उन अधिकारों की रक्षा करें, -शेष पृष्ठ दो पर

## संसदीय समिति वीबी-जी राम जी से मनरेगा पर प्रभाव की करेगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने मनरेगा और वीबी - जी राम जी अधिनियम की समीक्षा करने के लिए 29 दिसम्बर की प्रस्तावित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

इस बैठक में वीबी - जी राम जी अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी और पुरानी एवं नई योजना की तुलना की जाएगी। यह बैठक वीबी-जी राम जी विधेयक को संसद के हाल ही में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मंजूरी देने के पश्चात हो रही है। इस नए कानून का मकसद ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी के लिए एक नया ढांचा देना है। इसे दो मुख्य आधारों पर विपक्ष की आलोचना का सामना करना पड़ा है। पहला यह कि यह प्रभावी रूप से महात्मा गांधी के नाम पर चल रहे प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की जगह लेता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में एक फीट तक बर्फबारी, मुगल रोड बंद

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में 40 दिन के चिल्लई कलां की शुरुआत रविवार से हो गई। पहले ही दिन गुलमर्ग-सोनमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे बर्फबारी जारी रह सकती है। कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए हैं। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं।

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंच रही हैं। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मध्य प्रदेश के 16, यूपी के 40, राजस्थान के 10, बिहार के 24, हरियाणा के 12 और उत्तराखंड के 6 जिले कोहरे की चपेट में हैं। यूपी और झारखंड में सर्दी के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इंजन में खराबी के कारण दिल्ली लौटा एआई का विमान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का दिल्ली से मुंबई जा रहा एक विमान सोमवार सुबह इंजन में खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 887 दिल्ली से मुंबई जा रही थी। रास्ते में तकनीकी समस्या के कारण चालक दल के सदस्यों ने विमान को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारने का फैसला किया। विमान की दिल्ली में सकुशल लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। उन्हें पूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विमान की जांच की जा रही है।

### आज श्रीलंका जाएंगे जयशंकर, शीर्ष नेतृत्व संग करेंगे वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका का दौरा करेंगे और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है और यह भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति को प्रदर्शित करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया उत्तराखंड में वन भूमि अतिक्रमण पर स्वत: संज्ञान

## शीर्ष अदालत ने वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल लगाई रोक

**वन विभाग को दिया निर्देश, जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं, खाली जमीन को अपने कब्जे में लें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर बड़े पैमाने पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जे के आरोपों को लेकर सोमवार को स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की।

पहाड़ी जिलों में संरक्षित वन भूमि पर अनधिकृत कब्जे से जुड़ा यह मामला अदालत की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष आया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल थे। पीठ ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए वन भूमि पर सभी निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगा दी। साथ ही वन विभाग को निर्देश दिया कि जहां पहले से रिहायशी मकान मौजूद नहीं हैं, वहां की सारी खाली वन भूमि अपने कब्जे में ली जाए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की कथित निष्क्रियता पर चिंता जताई और कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें यह देखकर हैरानी हो रही है कि उत्तराखंड राज्य और उसके अधिकारी आंखों के सामने वन भूमि पर कब्जा होते देख भी मूक दर्शक बने हुए हैं। इसलिए हम इस मामले में स्वत: संज्ञान ले रहे हैं। न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्य -शेष पृष्ठ दो पर



## माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक, बची रहेगी विधायकी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेता माणिकराव कोकाटे की 1995 के धोखाधड़ी मामले में दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीमित समय के लिए दोषसिद्धि पर रोक लगाने के आदेश से श्री कोकाटे फिलहाल विधानसभा की अयोग्यता से बच जाएंगे, जो उनके लिए एक बड़ी राहत है। भारत के मुख्य



न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने श्री कोकाटे की ओर से बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उनकी सजा तो निलंबित कर दी थी, लेकिन दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था।

# सोनिया गांधी व राहुल गांधी को नोटिस जारी

## नेशनल हेराल्ड मामला

**दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी की ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी, सोनिया गांधी और अन्य के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग शिकायत पर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित और लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और आरएस चीमा ने अदालत में दलीलें दीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की ईडी की याचिका पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च 2026 को होगी। हाईकोर्ट में ईडी ने 16 दिसम्बर के ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि एजेंसी की शिकायत पर संज्ञान लेना कानूनन अस्वीकार्य है, क्योंकि यह किसी एफआईआर पर आधारित नहीं है। विशेष जज विशाल गोगने ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए कहा था कि गांधी परिवार पुलिस की एफआईआर पाने का हकदार नहीं। दरअसल मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में एफआईआर की प्रति देने का निर्देश दिया था। विशेष जज ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को चुनौती वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश सुनाया। जज ने हालांकि कि कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों को यह सूचना दी जा सकती है कि एफआईआर दर्ज की है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 3 अक्टूबर को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## धुंध की मोटी चादर में लिपटी दिल्ली

**दृश्यता कम होने के चलते लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सोमवार सुबह ज़हरीली धुंध की मोटी चादर में लिपटी रही और कम दृश्यता होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सीपीसीबी के डेटा के अनुसार सुबह 6.05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 366 था, जो एक दिन पहले दर्ज किए गए 24 घंटे के औसत 377 से थोड़ा बेहतर था। सीपीसीबी के अनुसार एक्यूआई 101 और 200 के बीच मध्यम स्तर का होता है। इसके बाद 201 और 300 के बीच खराब और 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' होता है। वहीं, 400 से ऊपर का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में आता है।बहुत खराब हवा में लंबे समय तक रहने से सांस की समस्या हो सकती है। यह उन लोगों के लिए खतरनाक है, जिन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं है। दिल्ली में रविवार को दक्षिण-पूर्वी हवाएं चल रही थीं और पिछले 24 घंटों में हवा की गति 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई थी, जिससे हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ।

## मां-बेटी से गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद

**प्रत्येक को 1.81 लाख रुपये अर्थदंड भी सुनाया, एक दोषी की हो चुकी है मौत, दो एनकाउंटर में हुए ढेर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के नेशनल हाईवे-91 पर 28 जुलाई 2016 की रात गाजियाबाद निवासी कार सवार परिवार को बंधक बनाकर मां-बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और सभी परिजनों से लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों की सजा का ऐलान हो गया।

विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ओपी वर्मा ने सभी दोषियों को उम्रकैद और 1.81 लाख रुपये प्रत्येक को अर्थदंड सुनाया। अर्थदंड की राशि का आधा हिस्सा पीड़ित बेटी और उसकी मां को



दिया जाएगा। मामले में पीड़ित परिवार ने दरिंदों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। सजा सुनाते हुए एडीजीसी वरुण कौशिक ने कहा कि ऐसे राक्षसों को सभ्य समाज से दूर रखा जाए। वहीं सजा सुनने के बाद आरोपियों ने कहा कि हम बेकसूर हैं, निर्दोषों को सजा सुनाई गई है। इस प्रकरण में छह आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। जिनमें से एक आरोपी की पूर्व में ही जिला कारागार में बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। जबकि, दो आरोपियों को अलग-अलग मामलों में नोएडा व हरियाणा पुलिस एनकाउंटर में -शेष पृष्ठ दो पर

## उप्र विधानसभा में 24,496.98 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बजट का आकार मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का लगभग 3.03 प्रतिशत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,496.98 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया गया। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट पेश करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 का मूल बजट आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये का था, जिसके सापेक्ष अनुपूरक बजट का आकार 3.03 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में राजस्व लेखा के तहत 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजी लेखा के तहत 6,127.68 करोड़ रुपये के व्यय का प्रावधान किया गया है। श्री खन्ना ने कहा कि इस बजट में औद्योगिक विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, मेडिकल शिक्षा तथा गन्ना एवं चीनी मिल क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया गया है। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए 4,874 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 4,521 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर विकास के लिए 1,758.56 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा तकनीकी शिक्षा के लिए 639.96 करोड़ रुपये, महिला एवं बाल विकास के लिए 535 करोड़ रुपये, नेडा के लिए 500 करोड़ रुपये और मेडिकल शिक्षा के लिए 423 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता संपन्न

**मोदी-लक्सन की टेलीफोन वार्ता के बाद हुई घोषणा**

**भारतीय माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक बाजार में भारतीय इकाइयों के लिए अवसर बढ़ाने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के बीच सोमवार को न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सम्पन्न होने की घोषणा की, जो इस साल ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए व्यापक आर्थिक सहयोग के समझौतों के बाद भारत का तीसरा समझौता है।

इसके तहत न्यूज़ीलैंड अपने यहां आयात की जाने वाली सभी तरह की वस्तुओं (अपनी शत-प्रतिशत प्रशुल्क सूचियों) पर शुल्क समाप्त करेगा। इससे वहां भारत से जाने वाले सभी प्रकार के माल को शुल्क मुक्त प्रवेश मिल गया है। इस कदम से वहां के बाजार भारत के कपड़ा, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। यह समझौता सेवाओं के क्षेत्र में न्यूज़ीलैंड का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्ताव है, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय



सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक सेवाओं में भारतीय सेवा प्रदाताओं के लिए नए अवसर खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड और प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत-न्यूजीलैंड एफटीए की संयुक्त रूप से घोषणा की गई। दोनों प्रधानमंत्रियों की इसी वर्ष मार्च में हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने व्यापार समझौते की बातचीत शुरू की थी। दोनों नेताओं ने कहा कि नौ महीने के रिकॉर्ड कम समय में समझौता वार्ता का पूरा होना साझा महत्वाकांक्षा और राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिखाता है। दोनों पक्षों ने कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा है कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच संबंधों का और विस्तार होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। इससे व्यापार में वृद्धि के साथ एक दूसरे के यहां निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस समझौते की व्यवस्थाओं से दोनों देशों में नवाचार में लगे लोगों, उद्यमियों, किसानों, लघु और मध्यम उद्यमों, छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए मौके भी पैदा होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में मासूम को सोते से दबोच ले गया भेड़िया

**बहराइच।** नेपाल सीमा से सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़ियों को आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जिले के फखरपुर ब्लॉक स्थित रसूलपुर बरेटा गांव में भेड़िया एक तीन साल के मासूम बच्चे को जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग गया। काफी तलाश के बाद बच्चे का क्षत विक्षत शव मिला। गांव के निवासी राम मनो. हर, जो पंजाब में मजदूरी करते हैं, की पत्नी ननकई अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। सोमवार की सुबह ननकई बरामदे में अपने तीन साल के बेटे अंशु को दूध पिलाने के बाद चारपाई में बच्चे को सुला कर अन्य काम में लग गई। इस बीवएक भेड़िया ने हमला कर दिया और मासूम को जबड़े में दबाकर भाग निकला। मां ननकई चीख-पुकार करते हुए भेड़िए के पीछे दौड़ी और करीब सौ मीटर तक उसका पीछा किया, लेकिन घने कोहरे के कारण भेड़िया गायब हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग को घटना की जानकारी दी।

### धर्मांतरण के आरोप में ईसाई मिशनरी के चार लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में कथित रूप से प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले ईसाई मिशनरी के एक महिला समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज. श द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के एक कॉलोनी में रविवार को धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस पहुंची तो वहां एक बड़े कमरे में सभा चल रही थी। सभा स्थल पर ईसाई धर्म का प्रतीक चिन्ह भी लगा हुआ था और वहां दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं, जिनमें इसाई के अलावा हिंदू महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

# डाक्टर लड़की का हिजाब खींचे जाने पर मोदी क्यों मौन:कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि पटना में एक डॉक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप्पी साधे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत। हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्क्त बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं। बेटी बचाओ, बेटी



■ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींच रहे

पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, ये सवाल बहुत गंभीर हो गया है। टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी। अब कहा जा रहा है साब उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है। नीतीश कुमार प्रदेश के मुख्यमंत्री है और उन्होंने डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब कैमरे के सामने खींचने की बार बार कोशिश की है। इस दृश्य को देखकर कितने मां बाप हिम्मत दिखाएंगे कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए भेजें। कांग्रेस नेता ने कहा कि पढ़ लिखकर, मेहनत करके गरीबी से निकल. कर डाक्टर बनी नुसरत परवीन में सोचा था कि अच्छी नौकरी करेगी, लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री ही इस तरह की हरकत करते हैं। इस हरकत के बाद कोई हिम्मत दिखाएगा कि वह अपनी बेटी को पढ़ने के लिए भेजे। यहां सवाल हिजाब का नहीं, डाक्टर नुसरत परवीन का नहीं, बात मुसलमान की भी नहीं है, बात पल्लू की नहीं और घूंघट की भी नहीं है, सिखों की पगड़ी, धोती और लूंगी की भी नहीं है, बात है आपकी और मेरी मर्जी की, बात है मेरी और आपके सम्मान की, बात ये है कि अगर बच्ची पढ़ के बाहर निकलेगी, सार्वजनिक स्थान पर जाएगी तो फिर उसके लिए माहौल और वातावरण कितना सुरक्षित है, वह कितना महफूज महसूस करती है, इस आजादी को हम खत्म करते जा रहे हैं।

### हमारी सरकार ने ग्रामीण रोजगार गारंटी 70 के दशक में कर दी थी शुरू: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण आबादी के लिए रोजगार की गारंटी की वह शुरू से ही समर्थक रही है और यही वजह है कि उसके नेतृत्व वाली सरकार ने 1970 में महाराष्ट्र में ग्रामीणों को सूखे के संकट से उबारने के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू कर दी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि 1970 के दशक में भीषण सूखे के बाद, महाराष्ट्र में वीपी नाइक के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण संकट से निपटने के लिए अग्रणी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि यह तो शुरुआत भर थी, इसके बाद 1980 के दशक के आरंभ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो नई योजनाओं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (एनआरईपी) और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम शुरू कर दी थी।

# विधान परिषद में सपा सदस्यों ने उठाया पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को राज्य विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सपा के विधान परिषद सदस्य डॉ. मानसिंह ने सरकार से सवाल किया कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर क्या कोई निर्णय लिया गया है।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल 2005 से नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई पेंशन प्रणाली को राज्य के राजकोषीय संतुलन को बनाए रखने के साथ-साथ न केवल सरकारी कर्मचारियों, बल्कि संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के कार्मिकों तथा सामान्य जन के लिए बेहतर, राष्ट्रव्यापी वृद्धावस्था सुरक्षा व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। मंत्री ने यह भी कहा कि एनपीएस दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे भविष्य में पेंशन दायित्वों का प्रबंधन सुचारु रूप से किया जा सके। इस पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है और कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का भरोसा देती है।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली जरूरी: डीजीपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा कि अब आपदा प्रबंधन केवल घटना के बाद प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए पूर्वानुमान आधारित, योजनाबद्ध और प्रशिक्षित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभाग अपनी-अपनी तैयारियां करते हैं, लेकिन आपात स्थिति में इन सभी को एकीकृत, समन्वित और समयबद्ध प्रतिक्रिया में बदलना सबसे अहम है। सोमवार को आगामी माघ मेला की तैयारियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) द्वारा प्रयागराज में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं टेबल-टॉप एक्सरसाइज का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सहभागिता की। संगोष्ठी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन योगेन्द्र डिमरी, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के संबोधन से हुआ। इस अवसर पर माघ मेला के दौरान भीड़ के प्रभावी व्यवस्थापन, डूबने की घटनाओं की रोकथाम, शीत लहर तथा अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कृष्ण ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि कुंभ और माघ मेला विश्व के सबसे बड़े पब्लिक गैदरिग इवेंट में शामिल हैं।

## सपा विधायक अतुल प्रधान के सवाल पर सीएम का तीखा जवाब

# समय आने दीजिए जरूर चलेगा बुलडोजर:योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को कफ सिरप मामले में समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है। जांच होने दीजिए समय आने पर बुलडोजर भी चलेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप या नकली दवा से किसी भी व्यक्ति की मौत की कोई जानकारी शासन के संज्ञान में नहीं आई है और इस संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में हाल ही में पकड़े गए सबसे बड़े थोक विक्रेता को वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान लाइसेंस दिया गया था।



■ विधानसभा में कहा: पूरे प्रदेश में कफ सिरप से एक भी मौत नहीं हुई है, जांच होने दीजिए

■ वंदेमातरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक

वर्तमान सरकार ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच तेज कर दी है। योगी ने कहा कि एसटीएफ प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर लगातार छापेमारी कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के भीतर कोडीन कफ सिरप का उत्पादन नहीं होता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कोडीन कफ सिरप का उत्पादन मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में होता है। जिन मौतों के मामले सामने आए हैं, वे अन्य राज्यों से संबंधित हैं, न कि उत्तर प्रदेश से। उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगी और नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार कफ सिरप मामले के आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। इससे पहले सपा विधायक संग्राम सिंह ने कहा कि कोडीन माफिया को सरकार बचा रही है। सरकार का पूरा संरक्षण कोडीन माफिया के साथ है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कह चुके हैं कि इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि सरकार कोडीन माफिया के साथ है। विधानसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर चर्चा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंदेमात. रम स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का उद्घोष है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और क्रांतिकारियों की सच्ची भावना का प्रतीक है।

### विधानसभा में कफ सिरप मामले को लेकर सपा का हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसंभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को समाजवादी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सपा विधायक अतुल प्रधान हाथों में पोस्टर और होर्डिंग लेकर विधानसभा पहुंचे। हंगामे को विधानसभा अध्यक्ष ने शांत कराया, जिसके बाद प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हो गई। अतुल प्रधान के एक पोस्टर में कफ सिरप की तस्वीर के साथ सिपाही आलोक सिंह के घर की फोटो लगी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित मामले में बुलडोजर कार्रवाई कब की जाएगी। वहीं एक अन्य पोस्टर में लैंड क्रूजर वाहन की तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने पूछा कि कथित तौर पर माफिया से जुड़ी इस गाड़ी को कब जब्त किया जाएगा। इस पोस्टर के जरिए उन्होंने धनंजय सिंह पर निशाना साधा। अतुल प्रधान अपने साथ सीटियां भी लेकर आए और लगातार सीटियां बजाईं।



**सेंसेक्स** 85567.48
**निफ्टी** 26172.40



**सोना रु.** 132394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 200336
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई और प्रमुख सूचक. ांक ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.12 अंक (0.75 प्रतिशत) की बढ़त में 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 206 अंक यानी 0.79 फीसदी उछलकर 26,172.40 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 5 दिसम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100



सूचकांक 1.17 प्रतिशत मजबूत हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। आईटी और धातु सेक्टरों में सबसे अधिक तेजी रही। रसायन, ऑटो, फार्मा, स्वास्थ्य और तेल एवं गैस समूहों में भी अच्छी मजबूती देखी गई। एनएसई में कुल 3,283 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 2,252 के शेयर हरे निशान में और 923 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 108 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेसेक्स में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 3.56 फीसदी और इंफोसिस का 3.06 फीसदी चढ़ा। भारती एयरटेल में 2.43 फीसदी, टेक महिंद्रा में 2.09, प्रतिशत से अधिक तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.67 प्रतिशत, बीईएल में 1.57, सनफार्मा में 1.50, मारुति सुजुकी में 1.32, टीसीएस में 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.05 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.60 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो के शेयर लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.81 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 69 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.04 फीसदी ऊपर था, जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.42 फीसदी की गिरावट रही।

# न्यूजीलैंड के साथ एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा: उद्योग जगत

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने न्यूजीलैंड के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष अनंत गोयंका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक व्यापार में भारत की पैठ बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फिक्की भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करता है। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार, निवेश प्रवाह और परस्पर सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दोनों देशों के लिए व्यवसाय के नए अवसर बनेंगे। पीएचडी चैंबर के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार संधि का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत 2047 के भारत के विजन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत भारतीय निर्यात के लिए शत-प्रतिशत शून्य-शुल्क पर पहुंच उपलब्ध होगी। इससे छात्रों, पेशेवरों, छोटे तथा मझौले उद्यमों और श्रम-प्रधान सेक्टरों को मदद मिलेगी। निवेश, नियामक सहयोग और शुल्क-मुक्त निर्यात से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ भारतीय उद्योग के सभी सेक्टर जुड़ सकेंगे।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में गिरावट रही। चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 113 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 14 रुपये टूटकर 2,856 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर आ गई। आटे की कीमत 13 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की कीमत औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 156 रुपये और चना दाल 148 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल 122 रुपये और उड़द दाल 94 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का मार्च वायदा 82 रिगिट चढ़कर 3,987 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 48.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 71 रुपये और पाम ऑयल 56 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सरसों तेल 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति का भाव 142 रुपये और मूंगफली तेल का 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। सोया तेल में 24 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 103 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7856.18 रुपये, मसूर काली 8161. 56 रुपये, मूंग दाल 10095.27 रुपये, उड़द दाल 10374.80 रुपये, तुअर दाल 10601.18 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2856.18 रुपये और चावल 3852.72 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.42 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड: चीनी एस 4312.81 रुपये और गुड़ 4975.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17616.64 रुपये, मूंगफली तेल 17862.47 रुपये, सूरजमुखी तेल 15772.78 रुपये, सोया तेल 13792. 47 रुपये, पाम ऑयल 12448.27 रुपये और वनस्पति 14468.87 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मनरेगा का..** . जो हम सभी की रक्षा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कई बुनियादी अधिकारों को एक-एक कर खत्म कर रही है। खेती क़ानूनों में सुधार का जिक्र करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कृषि से संबंधित तीन काले कानूनों के जरिये सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अधिकार से वंचित करने की कोशिश की थी। उन्होंने आगाह किया कि सरकार भविष्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को खत्म कर सकती है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि मनरेगा को खत्म कर उसने देश के लोकतंत्र और मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है। श्रीमती वाड्रा और श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को अपनी मां तथा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अंग्रेजी अखबार में छपे लेख के समर्थन में यह टिप्पणी की है, जिसमें श्रीमती गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा को खत्म कर करोड़ों मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर बुलडोजर चलाया है। श्री गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा कि न जनसंवाद, न संसद में चर्चा, न राज्यों की सहमति - मोदी सरकार ने मनरेगा और लोकतंत्र दोनों पर बुलडोज़र चला दिया है। यह विकास नहीं, विनाश है-जिसकी कीमत करोड़ों मेहनतकश भारतीय अपनी रोज़ी रोटी गंवा कर चुकाएंगे। श्रीमती गांधी जी का इस गंभीर मुद्दे के हर पहलू का पर्दाफाश करता हुआ लेख ज़रूर पढ़ें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मनरेगा ने महात्मा गांधी के सर्वोदय 'सभी का कल्याण' के दृष्टिकोण को साकार किया और काम करने के संवैधानिक अधिकार को लागू किया। इसका अंत हमारी सामूहिक नैतिक विफलता है, जिसके वित्तीय और मानवीय परिणाम भारत के करोड़ों मेहनतकश लोगों के लिए आने वाले वर्षों तक गंभीर रहेंगे। अब पहले से कहीं अधिक यह अनिवार्य है कि हम एकजुट होकर उन अधिकारों की रक्षा करें, जो हम सभी की रक्षा करते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने...** सचिव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक को निर्देश दिया कि वे एक तथ्य-जांच समिति गठित करें, जो जमीनी हालात का आकलन कर अतिक्रमण की सीमा और राज्य प्रशासन की कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करे। स्थिति में कोई और बदलाव न हो, इसके लिए पीठ ने निजी पक्षों को वन भूमि पर किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोक दिया और स्पष्ट किया कि अगले आदेश तक कोई निर्माण नहीं होगा। अदालत ने दोहराया कि रिहायशी मकानों को छोड़कर सारी खाली वन भूमि वन विभाग के कब्जे में ली जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई पांच जनवरी को न्यायालय के पुनः खुलने के बाद होगी। न्यायालय में 19 दिसम्बर से 5 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां हैं। उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध कब्जे का मुद्दा कई रिपोर्टों में सामने आता रहा है, खासकर संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में, जहां तेजी से शहरी विस्तार हो रहा है।

**मां-बेटी से...** ढेर कर दिया है। 28 जुलाई की रात नोएडा निवासी एक परिवार के छह सदस्य शाहजहांपुर अपने पैतृक गांव में एक तेरहवीं में शामिल होने के लिए जा रहे थे। देहात कोतवाली क्षेत्र में दोस्तपुर फ्लाईओवर के निकट अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार पर कुछ लोहे की वस्तु फेंक कर रुकवा लिया था। इसके बाद आरोपियों ने कार सवार किशोरी, उसके पिता, मां, ताई, ताऊ व तहेरे भाई को बंधक बनाया और कार समेत सड़क के दूसरी तरफ एक खेत में ले गए। जहां, आरोपियों ने तीनों पुरुषों के हाथ पैर बांध दिए और वादी मुकदमा की 14 वर्षीय किशोरी व पत्नी के साथ आरोपियों ने खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी वहां से लूटपाट कर भाग निकले थे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा अफसरों की ऊर्जा व नई सोच महत्वपूर्ण: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नया करने की सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के वर्ष 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग की 275 वर्षों से अधिक पुरानी समृद्ध तथा गौरवशाली विरासत है, जो इसे सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र 2047 तक विकसित भारत बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है इसे हासिल करने में सिविल सेवकों की



भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि ये समावेशी हों और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों की ऊर्जा और नई सोच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने अधिक. ारियों से आग्रह किया कि उन्हें सेवा भाव और कर्तव्य बोध को अपना मार्गदर्शक मंत्र बनाना चाहिए। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सेवा भारतीय सशस्त्र बलों और संबद्ध संगठनों के वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रक्षा सेवाओं की लेखा एवं वित्तीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सशस्त्र बलों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों को समझना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की परिच. ालन तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता, सतर्कता और जवाबदे. ही के उच्चतम मानकों को बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि सार्वजनिक धन करदाताओं की कड़ी मेहनत की कमाई का होता है। उपराष्ट्रपति ने तेजी से बदल रहे प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के युग में निरंतर क्षमता निर्माण के महत्व पर भी जोर दिया।

# अजय कुमार ने रेल सुरक्षा सुधारों की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अजय कुमार ने सोमवार को यात्रियों की सुरक्षा के लिए देश की सभी रेलवे लाइनों पर सुरक्षा कवच लगाने तथा रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें बहाल करने की मांग की।

■ घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया

कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में किराया वृद्धि की हालिया घोषणाओं को आम आदमी के लिए 'नए साल का एक घटिया तोहफा' बताया। उन्होंने सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए उस पर रेलवे को जनसेवा के बजाय 'वसूली का जरिया' बनाने का आरोप लगाया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भारतीय रेलवे की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की। उन्होंने 2024 के चुनावों के बाद से सरकार द्वारा बार-बार किराया बढ़ाने पर प्रकाश डाला और बताया कि प्रति किलोमीटर किराया 2014 में 32 पैसे से बढ़कर आज 67 पैसे हो गया है, जो दोगुने से भी अधिक है। उन्होंने सरकार के संचार के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि रेल मंत्री वैष्णव ने आधिकारिक घोषणा के बजाय परिपत्र के माध्यम से पत्रकारों को सूचित करना चुना। कुमार ने यात्रियों के खराब अनुभवों की ओर ध्यान दिलाया और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें रेलवे के भोजन को 'मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त' बताया गया है, जबकि 2014 से भोजन की कीमतें 30 रुपये से बढ़कर 120 रुपये हो गई हैं।

# साइकिलिंग में ओलंपिक मेडल को बनाए लक्ष्य : रेखा आर्या

■ रुद्रपुर में नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप के खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह,देश भर के 600 से ज्यादा साइकिलिस्ट कर रहे हैं शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर स्थित शिवालिक वेलोड्रोम में आयोजित 77वी सीनियर, 54वी जूनियर और 40वी सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चौंपियनशिप में पहुंचकर खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को साइकिलिस्टों का उत्साहवर्धन किया।

इस आयोजन में देश भर के लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 600 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि साइकिलिंग वेलोड्रोम के बनने के बाद अब यह उम्मीद की जा सकती है कि उत्तराखंड जल्द ही साइकिलिंग की नर्सरी के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान प्रदेश में जो खेल ढांचा विकसित किया गया है उसमें साइकलिंग वेलोड्रोम सबसे अहम है।
खेल मंत्री ने कहा कि आमतौर पर नेशनल गेम्स में ज्यादातर राज्यों को साइकिलिंग का आयोजन दूसरे प्रदेशों में करना पड़ता है क्योंकि यह सुविधा देश के कुछ चुनिंदा राज्यों में ही उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी नियमित रूप से यहां आकर अभ्यास करें, जिससे वें 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम और 2036 के ओलंपिक में पदक के दावेदार बन सके।

इस अवसर पर साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ओंकार सिंह, सचिव मनिंदर पाल सिंह, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी, उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव देवेश पांडे, जिला अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा, विजय पाठक आदि उपस्थित रहे।

# 77 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

■ सीएम ने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के लिए की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएँ मुख्यमंत्री ने ताड़ीखेत में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में किया प्रतिभाग
शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत सोमवार को अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत में आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय जनता से संवाद करने के साथ ही विभिन्न विभागों की और से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर इस शिविर में पात्र लोगों को सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।
मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जिले की लगभग 77.25 करोड़ रुपये की लागत की 32 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 47.85 करोड़ की लागत की 9 योजनाओं का शिलान्यास, 29.40 करोड़ की लागत की 23 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री की और से की गई घोषणाओं में विकासखण्ड भिकियासैंण में गगास नदी तथा रामगंगा नदी पर तटबन्ध निर्माण एवं पैदल पथ के नव निर्माण कराने सहित देवलीखेत, चौनलिया, खिरखेत एवं भुजान स्थित राजकीय इंटर कॉलेजों में मिनी स्टेडियमों का निर्माण कराने, सनणा सिंचाई लिफ्टिंग योजना का उच्चीकरण करने, रानीखेत में एनसीसी ग्राउंड/स्टेडियम के निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने, रानीखेत स्थित रानीझील के विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराने, रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत हैलीपैड निर्माण कराने की घोषणा सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रशासन से जुड़े सभी कार्य और सेवाएँ जनता को उनके ही क्षेत्र में सुलभ कराने को सरकार निरंतर प्रयासरत है।

सरकार ने "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान शुरू कर शासन-प्रशासन को सीधे आमजन के बीच ले जाने का कार्य किया है।

इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा, क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, दायित्वधारी कैलाश पंत, अनिल शाही, ब्लॉक प्रमुख बबली मेहरा, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट भी उपस्थित रहे।



भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन से मिले धामीदेहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें दायित्व ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# डॉ. रावत ने विद्यालयों एवं चिकित्सा इकाइयों का किया औचक निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जनजातीय एवं सीमावर्ती क्षेत्र जौनसार बाबर के दो दिवसीय भ्रमण पर हैं। भ्रमण के दौरान डॉ. रावत ने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं चिकित्सा इकाइयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षिक एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने आज सबसे पहले हनोल स्थित महासू देवता मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा देवभूमि उत्तराखंड की जनता की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने एएनएम सेंटर, हनोल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ रावत ने स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, त्यूनी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपचाराधीन मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवहार एवं व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोपयोगी बनाने को राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है।

इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री डॉ रावत ने मैंद्रथ में बाशिक महासू देवता के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने स्व. पंडित झांऊतराम शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज, अटाल का भ्रमण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें परिश्रम, संस्कार एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी अधिकारियों को दिये। अपने भ्रमण के दौरान डॉ. रावत ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जनपद स्थित पशमी गांव में 'चालदा महासू महाराज' के भी दर्शन किये।

# एआई वीडियो पर हरदा ने दी नई धमकी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में जनहित के मुद्दो और आंदोलनों की चिंगारी के बीच हरदा के एआई वीडिया ने संग्राम मचा दिया है। आम जनता के सवालों के जवाब तलाशने के स्थान पर अब एआई वीडिया के सहारे भाजपा-कांग्रेस एक दूसरे के गिरेबान को चाक करने पर उतारू दिखाई दे रही है।
कांग्रेस को नये अध्यक्ष मिलने के बाद आशा थी के धराली आपदा, वन्य जीवों के हमलों, महिला अपराध और फिर से उजागर हो रहे अंकिता भण्डारी हत्याकांड समेत अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर वह मजबूती से जनाधार बनाएगी, मगर हरीश रावत के एआई वीडिया ने कांग्रेस के अभियान पर ब्रेक लगा दिए है। अपने एआई वीडियो पर हरीश रावत का कहना है कि वो भाजपा को स्थाई रूप से बेरोजगार बना देंगे। इसके साथ ही हरीश रावत ने कहा कि है कि वो कल मंगलवार को एफआईआर दर्ज करवाएंगे। उत्तराखंड में विधानसभा का चुनाव हालांकि 2027 में है, लेकिन उसके लिए राजनीतिक संग्राम अभी से शुरू हो गया है। बयानों के तीर चल रहे हैं तो अब अत्याधुनिक इंटरनेट तकनीक एआई वीडिया का भी इस्तेमाल शुरू हो गया है।उत्तराखंड भाजपा ने जन सरोकार के मुद्दों पर कांग्रेस को तेजी से आगे बढ़ते देख पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए एक एआई वीडिया वीडियो जारी कर दिया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा से तत्काल इस वीडियो को डिलीट करने की मांग कर डाली, ऐसा नहीं करने पर आपराधिक एफआईआर दर्ज कराने और भाजपा प्रदेश मुख्यालय में 7 दिन तक धरना देना की धमकी दी है।हालांकि इस बीच भाजपा पर हरीश रावत की मुकदमा दर्ज कराने और उनके दफ्तर पर धरना देने की धमकी का कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया से हरीश रावत का एआई वीडिया डिलीट नहीं किया है, वही सोमवार को एक नया वीडियों सामने आया है, जिसमें हरीश रावत को टोपी पहने हुए दिखाया गया है।



भाजपा के लोग झूठे-लब्बार हैं। झूठ की राजनीति, अब बर्दाश्त नहीं। मैं उन्हें दिखाऊंगा कि बेरोजगारी किसकी होती है। कांग्रेस तो टेंपरेरी बेरोजगार है और हम भाजपा को उत्तराखंड से स्थाई रूप से बेरोजगार बनाएंगे। मैंने तय किया है कि तीन-चार दिन का समय हम इनको दे रहे हैं और यदि उसके बाद भी उनके पेज से पोस्ट डिलीट नहीं होती है, तो हम पहले पुलिस के पास जाएंगे, फिर चुनाव आयोग के पास जाएंगे तथा उसके बाद उनके कार्यालय पर भी जाएंगे। और उसके बाद भी यदि भाजपा के लोग माफी नहीं मांगते हैं और अपने फेसबुक पेज से पोस्ट डिलीट नहीं करते हैं, तो फिर मैं कोर्ट भी जाऊंगा और राज्य भर में न्याय यात्रा भी निकालूंगा:

**हरीश रावत,पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड।**



# खिलाड़ियों के लिए सीएम ने खोला सुविधाओं का पिटारा

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अल्मोड़ा पहुंच हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी एकता बिष्ट और कोच लियाकत अली खान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों, जनता और विद्यालय का बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनपद अल्मोड़ा के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन, कनेक्टिविटी और शहरी सुविधाओं के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य



किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सोबन सिंह जीना मेडिकल इंस्टिट्यूट में 100 नई एमबीबीएस सीटों के साथ 36 आईसीयू बेड जोड़े गए हैं, जिससे भविष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी और गंभीर रोगियों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। बेस अस्पताल में कार्डियक केयर यूनिट की शुरुआत की गई है, जिससे हृदय रोगियों को जनपद स्तर पर ही उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। इसके साथ ही 5 करोड़ की लागत से महिला चिकित्सालय का उन्नयन कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने खेल सुविधाओं के लिए घोषणा करते हुए कहा कि खेलों के प्रोत्साहन हेतु हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम अल्मोड़ा में खिलाड़ियों के लिए 50 बेड क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार पुनर्निर्माण तथा हैंडबॉल कोर्ट का निर्माण भी किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जीआईसी खेल मैदान में हॉकी और फुटबॉल के लिए दिन एवं रात्रि उपयोग योग्य बहुउद्देशीय आर्टिफिशियल मैदान का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों के हित में राजकीय सेवाओं में चार प्रतिशत खेल कोटा पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास हेतु पर्यटन, रोजगार और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत पिछले चार वर्षों में 250 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया है। 400 करोड़ रुपये की लागत से अल्मोड़ा-पौड़ी-रुद्रप्रयाग सड़क तथा 922 करोड़ रुपये की लागत से अल्मोड़ा- बागेश्वर सड़क चौड़ीकरण कार्य को स्वीकृति दी गई है। उड़ान योजना के तहत अल्मोड़ा में हेली सेवा प्रारंभ की गई है जिससे पर्यटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र ही स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत राज्य के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में 920 विश्वस्तरीय एथलीटों तथा लगभग 1000 अन्य खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। हल्द्वानी में उत्तराखंड के पहले खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कालेज की स्थापना से प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा, मेयर नगर निगम अजय वर्मा, उपाध्यक्ष महिला उद्यमिता परिषद गंगा बिष्ट, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पुर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा महेश नयाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर...

### भारतीय गणित दिवस पर विशेष शिविर

**कालाढूंगी।** सोमवार को भारतीय गणित दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज कालाढूंगी में किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधानाचार्य, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज कालाढूंगी अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी अकील अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणित प्रवक्ता गिरीश चंद्र पांडे ने रामानुज के जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात मौजी राम, जितेन सिंह चौहान, बसंत कुमार कर्नाटक और अकील अहमद द्वारा रामानुज और गणित दिवस के उपलक्ष पर स्वयंसेवियों के समक्ष अपने विचार रखें और एनएसएस शिविर स्वयंसेवियों के कर्तव्यों के बारे में बताया और अपना आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने वार्ड नंबर 5 मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया।

### विधायक तिलक राज बेहड़ ने जताया शोक

**शांतिपुरी।** सोमवार को क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने सैनिक संगठन शांतिपुरी के अध्यक्ष दिवंगत दिगम्बर प्रसाद जोशी के घर पहुंच कर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। और शोकाकुल परिवार जनों को सांत्वना दी और दिवंगत जोशी के निधन को पूर्व सैनिक समुदाय के लिए अपूणीय क्षति बताया। सैनिक संगठन अध्यक्ष जोशी की बीते 19 दिसम्बर की रात को हृदय गति रूकने से मौत हो गई थी। शोक व्यक्त करने वालों में युवा कांग्रेसी बिशन सिंह कोरंगा पूर्व सैनिक एवं स्थानीय ग्रामीण रहे।

### कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल में बाल-उत्सव

**बागेश्वर।** कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल, कठायतबाड़ा में बाल-उत्सव सृजन का रंगारंग आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बागेश्वर विधायक पार्वती दास, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल और सीईओ विनय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर उत्सव का शुभारंभ किया। इस वार्षिक कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेल गतिविधियां, विषयवार प्रदर्शनियां और कुमाऊंनी व्यंजनों के स्टॉल लगाए, जो लोगों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छोलिया नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों का दिल जीत लिया। प्रधानाचार्य अपर्णा कांडपाल ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का जिक्र करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाते हैं। विधायक पार्वती दास और नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में नई चेतना और सृजनात्मकता जागृत करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की अध्यक्ष गंगा पांडे, कोषाध्यक्ष शंकर पांडे, विद्यालय प्रबंधक नंदाबल्लभ भट्ट और अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में म्यूजिकल चेयर और लकी ड्रा जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### फर्जी तरीके से संपत्ति हड़पने का आरोप

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर संपत्ति हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार शाम करीब 04 बजे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर निवासी महिला ने सौंपी तहरीर में बताया कि साल 2002 में उसका विवाह दानिश खान से हुआ था। कहा कि 2022 में उसके पति की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद ननद ने उनकी संपत्ति हड़पने के लिए उनके पति का फर्जी मुत्यु प्रमाण पत्र बना दिया। अब वह पति की संपत्ति हड़पने का प्रयास कर रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग उठाई है।

### सीज वाहनों को हटाने की मांग, प्रदर्शन

**बागेश्वर।** बीडी पांडे कैंपस के खेल मैदान में पुलिस विभाग द्वारा सीज किए गए वाहनों को वहां से हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र छात्राओं ने कहा कि पिछले एक साल से खेल मैदान को संबंधित विभाग द्वारा पार्किंग स्थल बनाया गया है। जिससे खेल में रुचि रखने वाले छात्र छात्राओं को अभ्यास करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र सभी बहनों को वहां से अन्यत्र हटाए जाने की मांग की है। छात्र संघ अध्यक्ष सागर जोशी के नेतृत्व में छात्र छात्राएं कैम्पस परिसर में एकत्र हुए। छात्रों ने नाराजी करते हुए सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने एक साल पहले हाईकोट का हवाला देते हुए कई डंपर व ट्रक सीज कर कैम्पस के खेल मैदान में एकत्र कर दिए। आज तक सीज किए गए वाहन वहां से नहीं हटाए गए है। जिससे खिलाड़ियों एवं सेना की भर्ती के लिए अभ्यास कर रहे छात्रों को काफी दिक्कतें हो रही है। उन्होंने शीघ्र सभी वाहनों को वहां से हटाने की मांग की है। वाहन न हटाए जाने की सूरत में उग्र आंदोलन की चेतवानी दी है। इस मौके पर नीरज जोशी, कमलेश गढ़िया, हर्षवर्धन पांडे, राहुल खेतवाल, कैलाश, सचिन आदि मौजूद थे।

### बहुद्देशीय शिविर में 116 शिकायतों का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकासखंड कपकोट और बागेश्वर के विभिन्न न्याय पंचायतों में बहुद्देशीय शिविर आयोजित किए गए। आरे न्याय पंचायत का शिविर विकासखंड सभागार में हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने की। जिलाधिकारी ने 80 समस्याएं सुनीं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। उन्होंने जलापूर्ति, वन्यजीव-मानव संघर्ष और आपदा से जुड़े मामलों पर ठोस निर्देश दिए। शिविर में विधायक सुरेश गड़िया और पार्वती दास ने भी भाग लिया। वहीं, कपकोट की न्याय पंचायत असों में आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अनिल कुमार चन्याल ने की। शिविर में 46 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 26 का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का समाधान संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में करने के निर्देश दिए गए। दोनों शिविरों में सरकारी विभागों द्वारा प्रदर्शनी और स्टाल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कुल मिलाकर 2407 लोगों ने शिविर में भाग लिया, जिनमें से 116 शिकायतें प्राप्त हुईं। 53 का समाधान किया गया।



## सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पेंशन प्रकरण समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ मुखर हो गया है। सोमवार को संघ से जुड़े शिक्षकों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपा। जल्द पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर 12 जनवरी से भूख हड़ताल की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ लंबे समय से पेंशन प्रकरण के निस्तारण की मांग उठा रहा है। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि 11 जनवरी तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो 12 जनवरी से वह सीईओ कार्यालय में भूख हड़ताल में बैठने को बाध्य होंगे।

# आर्मी स्कूल, वारियर क्लब फुटबॉल विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** श्री गंगा सेवा समिति और वारियर फुटबॉल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हवालबाग मैदान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद की आठ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें रानीखेत, ताड़ीखेत, अल्मोड़ा और हवालबाग क्षेत्र के बालक व बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा और पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने किया। इस अवसर पर वारियर फुटबाल क्लब के सचिव महेंद्र बिष्ट ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से हवालबाग




मैदान में बच्चों को निशुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को निशुल्क जर्सी, ट्रैकसूट और फुटबॉल उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अनुभवी और उच्च कोटि के प्रशिक्षकों के माध्यम से अभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है, ताकि वे क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकें। उद्घाटन अवसर पर कैलाश शर्मा ने कहा कि फुटबाल एक टीम खेल है, जो बच्चों में अनुशासन, मेहनत और सामूहिक लक्ष्य के लिए मिलकर काम करने की भावना विकसित करता है। यह खेल हार को स्वीकार करना और जीत के लिए निरंतर प्रयास करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि फुटबाल केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को सीखने का माध्यम भी है। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां बच्चों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखती हैं। नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं के कारण बच्चों का समय सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में लगता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। टूर्नामेंट के समापन पर आयोजक पियूष पवार ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। बालक वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल ने प्रथम और अल्मोड़ा फुटबाल क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में वारियर फुटबाल क्लब विजेता रहा। मैच के दौरान प्रधान संगठन ब्लाक महामंत्री विनोद जोशी, राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र अधिकारी, देवेंद्र मुस्युनी, कोच सागर राणा, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, संजय बिष्ट, सुनील बिष्ट, आनंद डंगवाल, पूरन मुस्यूनी, सुन्दर भोजक, वैभव सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ग्राम-गोविंदपुर में किसान चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना-फ्रिजवाल द्वारा ग्राम गोविंदपुर कृत्रिम गर्भाधान केंद्र-सितारगंज में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल का उद्घाटन डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक पशुधन प्रबंधन विभाग एवं परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. रिपुसूदन कुमार, सह-प्राध्यापक, पशु पोषण विभाग द्वारा पशु पोषण सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उत्तम पशु आहार बनाने की विधि बताते हुए पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने की सलाह दी गयी। डा. बृजेश सिंह द्वारा पशु नस्ल सुधार एवं देशी नस्ल व प्रजनन संबंधी समस्याओं के सुझाव एवं जानकारी दी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव आराधना फुलार द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 43 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# प्रशासन ने 10 जनवरी तक का भरोसा दिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं उपजिलाधिकारी के साथ दो घंटों तक वार्ता की गई। वार्ता में प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए आगामी 10 जनवरी तक का समय दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को एसडीएम कार्यकाय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिकित्सकों की कमी, जन औषधि केंद्र के लगातार बंद रहने, एंबुलेंस सेवा बदहाल रहने तथा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का डाइट चार्ट सार्वजनिक नहीं करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी



■ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर कांग्रेसियों की वार्ता

डा. कुमार आदित्य एवं उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी से दो घंटों तक वार्ता की गई। वार्ता में कार्यकर्ताओं ने शासन प्रशासन से बदहाल सेवा में सुधार की मांग की है। वक्ताओं ने अस्पतालों में विशेष डाक्टर तैनात करने, सीएमओ कार्यालय में अटैच डाक्टरों को मूल तैनाती स्थान पर भेजने, जिला अस्पताल में पर्ची काउंटरों की संख्या बढ़ाने, जन औषधि केंद्र में दवा उपलब्ध कराने, जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक करने, जिले में 16 बेड का महिला अस्तपाल था, जो आज कागजों में सिमटकर रह गया है। उसे स्थापित करने, जिला अस्पताल की छत पर करोड़ों रुपये खर्च हो गए हैं। उसके बावजूद काम आज तक पूरा नहीं हुआ है उसे पूरा करने, जिला अस्पताल में लगने वाले कैंपों में प्राइवेट अस्पतालों का प्रचार हो रहा है। उसपर रोक लगाने, सीएचसी और पीएचसी में भी मानकानुसार कर्मचारी तैनात करने की मांग की है। जल्द बदहाली दूर नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मांग करने वालों जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, पूर्व संसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, हरीश ऐठानी, भगवत डसीला, लोकमणि पाठक, राजेंद्र टंगड़िया आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भरतपुर नं0-1 तहसील-हल्द्वानी जिला-नैनीताल के खसरा नं0-63 मिन रकबा 213.38 वर्ग मी0 अथवा 2296 वर्ग फिट भूमि के बैनामे/प्रॉपर्टी सम्बंधित मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी है। इसका विवरण इस प्रकार है-
विक्रेता- सतवंत सिंह सतनाम सिंह पुत्र श्री अजायब सिंह निवासी ग्राम नाथूपुर पाडली, तह0 हल्द्वानी।
क्रेता- देवकी देवी पत्नी श्री राजेश दत्त निवासी ग्राम भरतपुर नं0-1 तह0 हल्द्वानी जिला नैनीताल, जो उपनिबंधक कार्यालय हल्द्वानी प्रथम में बही नं.-1 जिल्द (1232) पृष्ठ (217 से 220) व क्रमांक (1016) है दिनांक 12/02/2004 पंजीकृत है। इस रजिस्ट्री के मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें। इसका उपयोग किसी भी बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतय: अवैध माना जाएगा। उक्त रजिस्ट्री केनरा बैंक, बरकिन्डा शाखा जिला अल्मोड़ा में ऋण विरुद्ध साम्यमूलक बंधक की गयी है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो शाखा केनरा बैंक, बरकिन्डा शाखा जिला अल्मोड़ा अथवा दया जोशी पत्नी शंकर दत्त निवासी ग्राम छानी, मासी जिला अल्मोड़ा से 14 दिन में लिखित सम्पर्क करें।

**NAME CHANGE**

I GUL SADAB CHAUDHARY have changed my name from GULEY SHADAB hence forth I shall be known as GUL SADAB CHAUDHARY W/o MOHD ASIF CHAUDHARY R/o Beljuri, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

# 'अग्निवीर' के विरोध में हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अग्निवीर योजना के विरोध में सोमवार को रानीखेत में पूर्व सैनिक विभाग, उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा रानीखेत में जन-जागरूकता एवं हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेशध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल राम रतन नेगी रहे। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा से जुड़ी होने के बावजूद अनेक गंभीर खामियों से ग्रस्त है, जो न केवल युवाओं बल्कि सेना की दीर्घकालिक संरचना और परंपराओं को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि केवल 4 वर्ष की सेवा अवधि में न तो पूर्ण सैन्य अनुभव मिल पाता है और न ही दीर्घकालिक दक्षता विकसित होती है। 75 फीसदी अग्निवीरों को चार साल बाद सेवा से बाहर किया जाना युवाओं के भविष्य को असुरक्षित बनाता है। पेंशन, पूर्व सैनिक दर्जा और पुनर्वास नीति के अभाव से जवानों व उनके परिवारों में गहरी चिंता है। अग्निवीरों को शहादत का दर्जा न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अपमानजनक है। इससे सेना के रेजिमेंटल सिस्टम, अनुशासन और परंपरा पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। कार्यक्रम में समाज और देश सेवा में योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों व वीरनारी को सम्मानित किया गया, जिनमें माधो सिंह नेगी, हरीश आर्या, भीम सिंह माहरा, जगदीश माहरा, मदन माहरा, कैप्टन खुशाल सिंह नेगी, कैलाश गिरी, महेंद्र सिंह टनवाल, पार्वती टनवाल शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। जबकि संचालन संयुक्त रूप से चिलियानौला कांग्रेस नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने एक स्वर में अग्निपथ योजना को वापस लेने तथा स्थायी भर्ती, पेंशन और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित करने की मांग की। यहां नगर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत, नवनियुक्त रानीखेत विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र नेगी एवं नवीन कठायत, ब्लॉक अध्यक्ष द्वाराहाट कांग्रेस प्रकाश अधिकारी, जयमल शाही, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, ग्राम प्रधान किशन अधिकारी, मोहन सिंह बिष्ट, महिला नगर अध्यक्ष नेहा साह माहरा, यूथ अध्यक्ष अंकिता पडालिया पंत आदि मौजूद रहे।

# दो फैक्ट्रियों पर कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रदूषण फैलाने वाली दो फैक्ट्रियों पर प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच में बैट्री बनाने वाली प्राइम टैक लीड रिसाइकिलिंग इंडस्ट्री के पास संचालन करने की अनुमति नहीं मिलने पर सील कर दिया गया। वहीं, ऊषा प्लाईवुड फैक्ट्री को प्रदूषण फैलाने पर नोटिस जारी किया गया है। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि शनिवार को किसी के द्वारा फेसबुक पर महुआखेड़ा गंज में प्रदूषण फैलने और हरे रंग की बूंदे घरों में गिरने की पोस्ट डाली गई थी। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने इसका त्वरित संज्ञान लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम को उनके नेतृत्व में जांच के आदेश दिए। आदेश और शिकायत के आधार पर टीम ऊषा प्लाईवुड फैक्ट्री में पहुंची तो पाया कि फैक्ट्री में किसी नई मशीन का ट्रायल चल रहा था। उसी के कारण पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा था। जिस पर प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पुरानी बैट्री की रिसाइक्लिंग करने वाली प्राइम टैक लीड रिसाइकिलिंग इंडस्ट्री की जांच की तो पाया कि उनके पास न तो एनओसी थी और न ही फैक्ट्री संचालित करने की अनुमति। नियमों का उल्लंघन करने पर मौके पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया। टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता दिलावर अली, पटवारी अकरम सैफी, नीरज कठैत शामिल रहे।

# राम जन्म उत्सव पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआँ।** राधे-राधे सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर राम जन्म उत्सव का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन हुआ। 25 एकड़ क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास पं. पंकज मिश्रा मयंक ने रामायण शैली में श्री राम के जन्म प्रसंग का जीवंत चित्रण किया, जिससे पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कथा व्यास ने श्री राम कथा के आध्यात्मिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में श्री राम के आदर्श, सत्य, त्याग और मर्यादा को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा, शिव धनुष से जुड़ी कहानी ने श्रद्धालुओं को और भी भावुक कर दिया, जब माता सीता ने सहजता से शिव धनुष उठाकर रखा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डाक्टर मोहन सिंह बिष्ट, सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के सीईओ अजय कुमार गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को कथा व्यास ने सम्मानित किया। इस मौके पर यजमान श्री और श्रीमती कुलदीप मिश्रा, उमेश तिवारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। राधे-राधे सेवा समिति के महिला मंडल की टीम भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रही। समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा और अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया।



# करोड़ों से बनी चार सड़कें, शिलान्यास

## जनता से किये गये एक-एक वायदे को पूरा करूंगा: मेयर दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली काशीपुर की दिशा और दशा सुधारने के लिए जिस तेजी के साथ विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं और उन्होंने क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया है।

एनसीएपी के अंतर्गत काशीपुर शहर हेतु बनाई गई वायु प्रदूषण सुधार योजना के अंतर्गत महापौर ने आज तीन करोड़ 61 लाख 42 हजार रु की लागत से बनने वाली चार सड़कों पर दोनों ओर होने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स फिक्सिंग कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने काशीपुर शहर हेतु बनाई गई वायु प्रदूषण सुधार योजना के अंतर्गत मानपुर रोड टी प्वाइंट से रामनगर रोड तक मार्ग के दोनों ओर तथा




अनीता नर्सिंग होम से ब्लॉक कार्यालय की उत्तरी दीवार तक और खड़कपुर देवीपुरा रोड पर सांई स्कूल से शुगर मिल मार्ग पर तथा पुराने टूरिस्ट होटल से लेकर गुरूद्वारे के गेट तक इंटरलॉकिंग टाइल्स फिक्सिंग कार्य का शुभारंभ किया। इन चारों सड़कों की लंबाई 5220 मीटर है और इन पर 3 करोड़ 61 लाख 42 हजार रु. की लागत आएगी।

शिलान्यास करने अपने बीच पहुंचे महापौर दीपक बाली का लोगों ने बड़ी ही गर्मजोशी से स्वागत किया। महापौर दीपक बाली ने नगर निगम क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया है कि उनसे किए गए एक-एक वायदे को वह पूरा करेंगे और हर विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने जनता से काशीपुर को साफ स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने की मुहिम में जनसहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नेता जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मानवेंद्र मानस, पार्षद रवि प्रजापति, अनीता कांबोज, मयंक मेहता, शाह आलम, विजय बॉबी, तबस्सुम, सीमा सागर, अभिषेक वर्धन, अंजना आर्य, कमल प्रजापति, अमर सिंह रावत, सचिन ठाकुर, मिर्जा नदीम बेग, गौरव शर्मा, सोनू चौहान, अजय कुमार, मुकेश कुमार, विक्रम राणा, विजय सहित शिलानाथ क्षेत्र के दर्जनों स्त्री पुरुष एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दी गन्ने की फसल की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** गन्ना विकास परिषद काशीपुर द्वारा काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम मढ़ैयादेवी में आयोजित एक दिवसीय कृषक चौपाल को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने गन्ने की बुवाई जैसे विषय में किसानों को अवगत कराया। नीलेश कुमार ने बताया कि गन्ने की कृषि में गहराई तथा दूरी का बहुत महत्व है। अत: किसान बंधु इसका पालन करें। गहराई में गूल खोलकर गन्ने की बुवाई करें तथा दूरी बनाए रखें जिससे कि गन्ने को फैलाव में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि गन्ना बुवाई के समय गन्ना किसान अपने खेत की अच्छी सी तैयारी करके ही गन्ने की बुवाई प्रारंभ करें। जिन गन्ना किसानों को गन्ना की बुवाई करनी है वह उत्तम बीज का चुनाव करें।

# नेपाल बॉर्डर, यूपी के शहरों में दबिश

## सवा करोड़ के आभूषण लूट के खुलासे को कप्तान ने किया एसआईटी का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिन शहर में हुई बड़ी चोरी के बाद शातिर अपराधी फरार हैं और उनकी लोकेशन अभी तक पुलिस से कोसो दूर है। लेकिन इस वारदात के खुलासे को लेकर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने इन अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए एसआईटी का गठन किया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के एसओजी समेत पुलिस की कई टीमें इस समय उत्तर प्रदेश के तीन शहरों बिजनौर, पीलीभीत और मुरादाबाद में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। साथ ही उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस नेपाल सीमा पर भी पुलिस ने कड़ी निगरानी रखी हुई है। सोमवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि सर्विलांस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। इसके आधार पर तीन टीमों



डा. मंजूनाथ टीसी, एसएसपी

को उत्तर प्रदेश भेजा गया है, जो अब तक एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर दबिश दे चुकी हैं। पुलिस टोल प्लाजा, रेलवे और बस स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। एसएसपी ने बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र के मार्गदर्शन में एसआईटी गठित की गई है, जिसे एसपी सिटी मनोज कत्याल लीड करेंगे। उन्होंने बताया कि इस एसआईटी टीम में 8 क्राइम एक्सपर्ट इंस्पेक्टरों को शामिल किया है। एसएसपी के अनुसार इस चोरी की वारदात में शामिल तीन मुख्य आरोपियों की पुलिस ने पहचान कर ली है। इसके अलावा राधिका ज्वैलर्स के मालिक नवनीत से हुई बातचीत के बाद दुकान मालिक गौरव बिष्ट की भूमिका की भी जांच की जा रही है। नवनीत ने खुलासा किया कि गौरव चोरी की रात शोर-शराबे को अनदेखा करते रहे और दुकान में एक कील ठोंकने पर भी ऐतराज नहीं जताया। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले झारखंड और नेपाल में भी हो चुकी हैं, और इन घटनाओं में शामिल गैंग को भी उनकी टीम चिह्नित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शातिर चोरों शीघ्र ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

### एसएसपी से मिले स्वर्ण कारोबारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राधिका ज्वैलर्स में हुई चोरी की वरदात के आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा सर्राफा मार्केट पटेल चौक में



देखारेख चौकी निर्माण की मांग को लेकर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी से मिले। सोमवार को ग्रीनसिटी सर्राफा एवं स्वर्णकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और कहा कि बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र कुसुमखेड़ा राधिका ज्वैलर्स में हुई चोरी से व्यापारियों में भय का माहौल है। व्यापारियों ने एसएसपी से शातिर चोरों की गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किया हुआ माल भी रिकवरी की मांग की है। उन्होंने बातचीत के दौरान यह भी तय हुआ का सर्राफा मार्केट पटेल चौक में एक देखरेख पुलिस चौकी का निर्माण होगा। जिसमें 12-12 घंटे एक हेड कांस्टेबल और एक होमगार्ड शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जायेगी। इस दौरान ग्रीनसिटी सर्राफा एवं स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी, शिवम वर्मा, नंद किशोर वर्मा, राजन वर्मा मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

## सांसद अजय भट्ट ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सासंद खेल महोत्सव में सोमवार को मुख्य अतिथि सासंद नैनीताल-उधम सिंह नगर अजय भट्ट ने मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।



वॉलीबॉल प्रतियोगिता सिंग क्लब व किंग क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें सिंग क्लब विजेता रही जबकि उपविजेता किंग क्लब रही। इस दौरान श्री भट्ट ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2025 एक राष्ट्रव्यापी खेल आयोजन है जिसका उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना और (फिट इंडिया) अभियान को मजबूत करना है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान करता है। सांसद भट्ट ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है, और राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकसित भारत की ओर अग्रसर है और खेल इस परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्रों से खेल प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाने का सशक्त मंच है। इस मौके पर प्रभारी उपनिदेशक रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, वॉलीबॉल प्रशिक्षण श्याम मन्नू भट्ट, तनुजा आर्या, तिलोक सिंह जीना, निशांत मेहरा, खेल महोत्सव के लोक सभा खेल कूद महोत्सव 2025 के प्रभारी लक्ष्मण खाती, रवींद्र बाली, भुवन जोशी, राजीव जायसवाल, सुरेंद्र बिष्ट, हिमांशु मिश्रा, हीरालाल साहू सहित कई लोग मौजूद रहे।

### एक सटोरिया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक सटोरिये को रंगेहाथ सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बीते रविवार की रात्रि कांस्टेबल मो. यासीन और लक्ष्मण राम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी इन्द्रानगर फाटक के पास टूटी दीवार के पास लोगों का झुंड देखा। वह मौके की ओर बढ़े तो भगदड़ मच गई। सभी भाग गए, लेकिन मौके से नईम पुत्र स्व. सरदार बली निवासी नूरी मस्जिद इन्द्रानगर बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने सट्टे की पर्चियां, पेन व 1390 रूपये की नगदी बरामद की है।

## युवक से लूट, चार दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हरीशताल खनस्यू से खरीददारी करने हल्द्वानी पहुंचे एक युवक को कुछ लोगों ने पटेल चौक स्थित राममंदिर वाली गली में लूट लिया। युवक कुछ समझ पाता तब तक लूटरे युवक वहां से फरार हो गए। अब इस घटना के चार दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जानकारी के अनुसार हरीशताल खनस्यू निवासी रमेश चन्द्र भट्ट ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कहा कि वह बीते 12 दिसंबर को घर से खरीदारी करने के लिए हल्द्वानी आए। तहरीर में उसने कहा कि दोपहर लगभग डेढ़ बजे वह पटेल चौक से होते हुए डीके पार्क की तरफ राम मंदिर वाली गली की तरफ जा रहा था तभी रास्ते में एक लुटेरे ने उनका रास्ता रोक लिया और उनसे गाली गलौच कर धमकाने लगा। इससे पहले कि रमेश कुछ समझ पाता, लुटेरे ने उनकी जेब से 8800 रुपए निकाले और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में जाकर रमेश को फुटेज दिखाए, लेकिन शुरुआत में तस्दीक नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस घटना स्थल के पास पहुंची और वहां के एक सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर पूरी घटना सामने आई। इधर कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी, और जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### डिलीवरी ब्वॉय का खोया मोबाइल पुलिस ने बरामद किया

**हल्द्वानी।** एक डिलीवरी ब्वॉय का मोबाइल फोन खो गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार खालिद नामक व्यक्ति एक कंपनी के लिए डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। रविवार को जब वह रामपुर रोड पर ऑर्डर देने गया, तो उसे पता चला कि उसका मोबाइल कहीं गिर गया है। खालिद ने तुरंत अपने नंबर पर कॉल किया, तो दूसरी तरफ से जवाब मिला, हलो, मैं अपर उप निरीक्षक यातायात प्रकाश चंद्र नगरकोटी बोल रहा हूं। उस समय प्रकाश आईटीआई तिराहे पर तैनात थे। कुछ ही देर बाद खालिद को उसका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल गया।

### गोलापार में कार बनी आग का गोला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार देर शाम गौलापार रोड पर तेज रफ्तार में जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। कार चालक ने समय रहते वाहन से बाहर कूदकर



अपनी जान बचाई, लेकिन देखते ही देखते कार पूरी तरह जलकर स्वाह हो गई। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि किच्छा से हल्द्वानी की ओर जा रही कार जैसे ही गौलापार स्टेडियम के पास पहुंची, तभी उसमें अचानक आग लग गई। कार में आग लगते ही चालक ने तुरंत कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद देखते ही देखते कार में आग तेजी से फैल गई, और कार आग का गोला बन गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर स्वाह हो गई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि चालक को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है, और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### कटआफ तिथि बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत गेस्ट प्राध्यापकों ने 31 दिसंबर 2025 तक कटआफ तिथि बढ़ाने की मांग की है। सोमवार को, डा. प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में गेस्ट प्राध्यापकों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक बंशीधर भगत से मिला। डा. पांडेय ने बताया कि 2014-2015 में गेस्ट प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई थी और इनकी सेवाएं 10 साल पूरी हो चुकी हैं, लेकिन उन्हें विनियमितिकरण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दे पर विधायक भगत ने मंत्री सुबोध उनियाल से बात की और कटआफ तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया। इस बैठक में डा. भुवन मठपाल, डा. बीपी दुर्गापाल, डा. अरुण कुमार, डा. एनसी शर्मा और डा. गौरव जोशी उपस्थित थे।

## मोनिका मिस उत्तराखंड, नवीन बेस्ट डांसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्दूचौड़।** पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण के तत्वाधान में रविवार देर रात तक चले पंखुड़िया महोत्सव-2025 (सीजन-15) में मोनिका आर्या मिस उत्तराखंड निखिल चौधरी मिस्टर उत्तराखंड, चांदनी जोशी क्वीन ऑफ कुमाऊँ, मिताली असवाल उत्तराखंड सुपर मॉडल, अभिषेक पोप-इंडियाज बिगेस्ट डांसर, नवीन हलदार-उत्तराखंड बेस्ट डांसर, धरियाल देवल-लिटिल चेम्प, अंजू चंदेल-सुपर मोम बनी।




निर्णायक डांस इंडिया डांस व डांस प्लस फेम रिंकू जाज, विशाल त्यागी, मेघा परगाई व पूनम गुप्ता थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप कोश्यारी, नगर पंचायत चेयरमेन सुरेंद्र सिंह लोटनी, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, जिला पंचायत सदस्य दीपा कमलेश चंदोला, कांग्रेसी नेता हरेन्द्र बोरा, भाजपा नेता हेमंत नरूला ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट द्वार किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी हेमवती नंदन दुर्गापाल, दिनेश भारद्वाज, बॉबी संभल, गोपाल सिंह अधिकारी, कैलाश दुम्का, प्रमोद बमेटा, कमल सनवाल, उमेश कबड़वाल, रमेश अंडोला, बीडी खोलिया, श्रवण कुमार चौहान, खीम सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट, रमेश चन्द्र जोशी, देवेंद्र तिवारी, सुमित सिंह कार्की, पीयूष जोशी, कैलाश तिवारी, हरेन्द्र असगोला, कौस्तुभ चंदोला, पंकज गोस्वामी, मेघा त्रिपाठी, नेहा बिष्ट, योगिता बनोला, मंजू जोशी आदि मौजूद रहे।

### गुरु नानकपुरा गुरूद्वारा में नेत्र शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा ठंडी सड़क हल्द्वानी में प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर द्वारा चार साहबजादे और माता गुजरी जी की याद में निशुल्क आंखों की जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्होंने आंखों की निशुल्क जांच करवाई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सरदार कमलजीत सिंह गुजराल और दिलप्रीत सिंह ने बताया कि आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने शिविर में आए लोगों की आंखों की जांच की और आवश्यक चिकित्सीय सहायता प्रदान की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली आंखों की जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करना था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के हरजीत सिंह सच्चर, जसपाल सिंह कोली, अमरजीत सिंह, आनंद कंवलजीत सिंह गुजराल, दिलप्रीत सिंह ने सहयोग किया।

## खाकी पर हाथ डाला, हाथापाई करने वाले चार लोगों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र में रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान विवाद के बाद ग्राहकों को पुलिस के साथ हाथापाई करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट पेश किया।

जहां से चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम ज्योलीकोट पुलिस को ोन से जिप्सी रेस्टोरेंट में ग्राहकों द्वारा शराब पीकर हंगामा करने की शिकायत मिली। सूचना पर ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम बोरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां चार व्यक्ति जिप्सी रेस्टोरेंट में खाने के बिल को लेकर नशे में होटल स्टाफ के साथ झगड़ा कर रहे थे।

पुलिस ने मौके पर पूछताछ की तो होटल स्टाफ के कर्मचारी ने बताया कि ये चार लोग रेस्टोरेंट में खाना खा चुके हैं। मेन्यू कार्ड देखने के बाद भी बिल देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया। बिल मांगने पर चारों लोगों पर मारपीट व गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। जब पुलिस ने चारों ग्राहकों से रेस्टोरेंट से बाहर चलने को कहा तो वह पुलिस से भी मारपीट व गाली गलौच पर उतारू हो गये।साथ ही बोतल से जान से मारने की नियत से पुलिस पर वार किया। वहीं बीच बचाव कर रहे होमगार्ड के मुँह पर लात मार कर उसे लहुलूहान कर दिया। इस दौरान वह पुलिस पर भारी पड़े तो ग्रामीणों ने बीच बचाव किया। जिसके बाद चारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी यातायात डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि रेस्टोरेट में मारपीट, पुलिस पर जसनलेवा हमला करने पर अल्मोड़ा सल्ट निवासी दीप चंद्र, मनोज चंद्र, त्रिभुवन शर्मा व दिल्ली निवासी प्रवीन चंद्र के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में पेशी के बाद चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### व्यापारियों ने रविन्द्र बाली का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष रवींद्र बाली को भाजपा अनुसूचित मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर व्यापारियों ने डीके पार्क में फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। व्यापारी नेताओं ने इस



नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए रवींद्र बाली की कड़ी मेहनत और व्यापारी हितों के लिए उनके संघर्ष की सराहना की। व्यापारी नेताओं का कहना था कि रवींद्र बाली पिछले कई वर्षों से व्यापारियों के हित में निरंतर काम कर रहे हैं, और अब भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस मौके पर देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह चड्डा, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, महामंत्री राजीव जायसवाल, परविंदर सिंह प्रिंस, प्रेम चौधरी, जगमीत सिंह मीटी, मोइन बाबा, जसपाल मालदार, मनीष वर्मा, पवन बिष्ट, हीरालाल साहू, अनुज देवल, त्रिलोकचंद गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## बच्चों ने दिखाया प्रतिभाओं के जलवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी रामनगर में आयोजित सपनों की उड़ान प्रतियोगिता में विकासखंड के संकुल स्तरों से चयनित बच्चों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी कला का प्रदर्शन किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक था। सपनों की दौड़ प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय यशवंत नगर के पुलकित ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनपुर के ईशान ने दूसरा व प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर आलिया की नैतिक ने भी तीसरा स्थान हासिल



बीआरसी में सपनों की उड़ान प्रतियोगिता

किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में संकुल चिल्कीया ने प्रथम, संकुल सावले ने द्वितीय, और संकुल छोई तीसरे स्थान पर रही। महिला प्रेरक गीत प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पापड़ी की ईशा देवी ने प्रथम, हाईस्कूल शिवपुरी बेलजुड़ी की नीमा देवी दूसरे स्थान पर रही। स्वच्छता थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक में संकुल छोई प्रथम व संकुल चिल्कीया दूसरे नंबर पर रही। लोग गायन प्रतियोगिता में संकुल जोगीपुरा ने प्रथम, संकुल छोई ने द्वितीय, व संकुल संबंधी तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता निर्णायक भूमिका में भारती लखचौरा, सारिका चौहान, वीरेंद्र सिंह पटवाल, राखी धनगर, हरीश कुमार व रश्मि जोशी रही। इस मौक पर खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ के मनोज तिवारी, प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज हरेंद्र कुमार, बंता सिंह, हरीश चंद, रमा सैनी, गौरव जोशी, महेंद्र सिंह सैनी, शिव ओम अग्रवाल, मदन कुमार, कमलकांत पांड़े, घनश्याम पांड़े, मधु रावत, चेतना जोशी, भूमित्र, कल्पना, चित्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फूलचौड़ कालीपुर चौराहे के पास क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर नरेन्द्र मोदी विचार मंच के कुमाऊं



मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह बोहरा ने सोमवार को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन सौंपा। विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि फूलचौड़ पर पीडब्ल्यूडी द्वारा पिछले वर्ष नहर पुलिया बनाई गई थी। जिससे फूलचौड़ का पानी सड़क पार करके आनंदपुर की नहर में चला जाए। लेकिन वह कार्य सफल नहीं हुआ, नहर बंद के कारण पूरे नहर का पानी सड़क पर आने से पूरी सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा साथ ही क्षतिग्रस्त सड़क से दुर्घटना होने का भी भय बना हुआ है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही जनहित को देखते हुए समस्या का समाधान कराया जाए।

## सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजना जनता तक पहुंचना: बंशीधर भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकास खंड हल्द्वानी के राजकीय इंटर कॉलेज फूलचौड़ में एक वृहद बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फूलचौड़ क्षेत्र की लगभग 19 ग्राम सभाओं और अन्य स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ कालाढूंगी विधायक विधायक बंशीधर भगत और प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 23 सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें लाभान्वित किया




गया। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी जनकल्याणकारी योजनाएँ चल रही हैं, उनका लाभ शिविरों के माध्यम से सीधे जनता तक पहुँच सके। इसके साथ ही उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। शिविर में अधिकतर किसानों ने जंगली जानवरों से फसल के नुकसान की समस्या उठाई। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को सोलर फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए ताकि इस समस्या का समाधान किया जा सके। इस दौरान शिविर में विद्युत, सिंचाई, श्रम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, उद्योग, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी, कौशल विकास, सेवायोजन जैसे विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया गया। इस शिविर में क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता निगलटिया, सोनी दुर्गापाल, भूपेंद्र क्वीरा, ग्राम प्रधान अर्चना विष्ट, अनीता बिष्ट, भावना नेगी, निशा कुलियाल, मोहन पाठक, ललित मोहन नेगी, नवीन चंद्र दुर्गापाल, कृपाल सिंह, मनीष सिंह कुलियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पहले लीग मैच में नीरज राठौर क्लब 5 विकेट से विजयी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 आयु वर्ग के जिला क्रिकेट लीग का सोमवार को गौलापार के एमएस क्रिकेट ग्राउंड में शुभारंभ हुआ। पहले लीग मैच का शुभारंभ क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के संरक्षक हरीश रावल द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।



लीग का पहला मुकाबला नीरज राठौर क्रिकेट क्लब तथा सनराइजर क्रिकेट क्लब बागेश्वर के मध्य खेला गया। पहला लीग मैच नीरज राठौर ने 5 विकेट जीता। सोमवार को गौलापार के एमएस क्रिकेट ग्राउंड में सनराइजर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 32 ओवरों में 150 रनों पर आलआउट हो गई। सनराइज क्रिकेट क्लब की तरफ से उत्कर्ष तिवारी ने शानदार 63 रनों की पारी खेली। जबकि नीरज राठौर क्रिकेट क्लब की टीम की तरफ से आयुष ने 4 व संस्कार ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीरज राठौर क्रिकेट क्लब की टीम ने 26 ओवरो में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर मैच जीत लिया। नीरज राठौर क्रिकेट क्लब की तरफ से आयर्न गोदीयाल ने शानदार 54 रनों की पारी खेली तथा हर्षल ने नाबाद 40 रन बनाये। सनराइज क्रिकेट क्लब की तरफ से हर्ष बिष्ट ने 2 तथा उत्कर्ष ने 1 विकेट लिए। क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर के अध्यक्ष राम पांडेय, सचिव रमेश दानू, सुरेश सोनियाल, रमेश लोहनी, प्रदीप गढ़िया सहित एसोसिएशन पदाधिकारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रधान पतियों के हस्तक्षेप की प्रथा को किया जाएगा समाप्तः सीडीओ

■ महिला सशक्तिकरण को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** स्थानीय सुशासन में महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए जिला पंचायत सभागार ऊधम सिंह नगर में चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ।

स्थानीय सुशासन को और अधिक सशक्त, समावेशी एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से बदलाव का नेतृत्वः स्थानीय सुशासन और उसके परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना विषय पर पंचायतीराज निदेशालय में आयोजित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण के उपरान्त कुमायूं मण्डल का चार दिवसीय (दिनांक 22 से 25 दिसम्बर 2025) जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (Training of Trainers - TOT) कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारम्भ जिला पंचायत कार्यालय में हुआ।

पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सभागार में 04 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्वाचित महिला प्रति. निधियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से कुमांऊ मण्डल के निर्वाचित प्रति. निधियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल द्वारा बताया गया कि बदलाव का नेतृत्व, महिलाओं का सशक्तीकरण, प्रधान पतियों के हस्तक्षेप की प्रथा को समाप्ति हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधान के परिवारजनों का प्रधान के कार्य सम्पादन में हस्तक्षेप किया जाना 73 वें संविधान संशोधन के अनुरूप नहीं है। एसपीआरसी टीम, निद. शालय पंचायतीराज, उत्तराखण्ड देहरादून सुबोध भण्डारी, द्वारा बताया गया कि प्रधानपतियों के वर्चस्व, दबदबे के सम्बन्ध में महिला प्रतिनिधियों को जागरूक किया जाये कि जनता द्वारा आपको चुना गया है। साथ ही इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में व्यक्तित्व विकास सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु अवगत कराया गया।

जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला प्रति. निधियों के नेतृत्व कौशल, संवाद क्षमता, संवैधानिक समझ तथा स्थानीय प्रशासन के संचालन की दक्षता को सुदृढ़ करने पर विशेष अभियान के अन्तर्गत इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 37 प्रतिभागियों के रूप में ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सम्मिलित रहे। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, श्री भट्ट , एसपीआसी टीम देहरादून के प्रतिनिधि, कुमाऊं मंडल के महिला ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## यीशु भक्त सत्संग सोसायटी द्वारा किया गया रैली का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता


**गदरपुर।** यीशु भक्त सत्संग सोसायटी के द्वारा ग्राम राम जीवनपुर नंबर 3 से क्रिसमस के पावन पर्व के उपलक्ष में एक महा रैली का आयोजन किया गया।,

रैली ग्राम रामजीवनपुर से मुख्य बाजार होते हुए दिनेशपुर मोड़ से वापस ग्राम राम जीवन पुर पहुंचकर संपन्न हुई । रैली में यीशु भक्ति सत्संग सोसायटी के अध्यक्ष पास्टर सुरेंद्र सागर द्वारा प्रभु यीशु के जन्म दिवस के बारे में प्रकाश डाला गया ,वहीं उनके द्वारा कहा गया कि यीशु मसीह संपूर्ण संसार के लोगों के लिए उद्धार का मार्ग हैं । उनके द्वारा संसार के कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गई। महारैली में अध्यक्ष सुरेंद्र सागर , उपाध्यक्ष सरिता सागर के अलावा सदस्य अजय कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक मसीह, रेखा सिंधी, सौरभ, पूजा, नेहा, कोमल, भावना, वंदना, शिवा, अभि, सुमन आदि शामिल रहे।

## एक नजर

## आवारा पशु किसानों की मेहनत कर रहे तबाह

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र के ग्राम मड़ैया हट्टू में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खेतों में लगी गेहूं की फसल को आवारा पशु भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसान रात-दिन खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद वे अपनी फसल बचाने में असहाय महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि किसानों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## होटल, ढाबों व रेस्टोरेंट में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत उच्च अधिकारियों के आदेश व निर्देश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, भंडारण के अड्डों के समूल विनिष्टिकरण के क्रम में अपराध निरोधक क्षेत्र-02 खटीमा टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में होटल, ढाबों व रेस्टोरेंट में अवैध शराब परोसने पिलाने एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। टीम में आबक. ारी निरीक्षक लालू राम राणा के नेतृत्व में प्रधान आबकारी सिपाही नितेश भारद्वाज, दीपक चंद्र ,पंकज जोशी आदि शामिल रहे।

## राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष भाटिया का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के नवनिर्वाचित उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया के देहरादून से खटीमा पहुंचने पर जिला इकाई ने उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया



इस दौरान भाटिया सबसे पहले खटीमा शहीद स्थल पहुंचे और उन्होंने खटीमा के राज्य निर्माण सेनानी शहीदों को नमन किया और उसके बाद कार्यकर्ता रैली की शक्ल में सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कैप्टन धन बहादुर चंद के निवास नदन्ना पहुंचे और वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिष्ठान वितरण व जलपान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया का फूल मालाओं पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। भाटिया ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ने पहली बार खटीमा कुमाऊं मंडल को राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष पद से नवाजा है सबसे पहले हमें खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। केंद्रीय नेता को दिला. सा दिलाते हुए कहा उत्तराखंड क्रांति दल को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस दौरान स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष राम सिंह धामी कैप्टन, धन बहादुर चंद, विनोद राजपूत, होशियार सिंह जेठी, दुर्गा सिंह सामंत, भवानी शंकर, तेज सिंह सामंत, शहाबुद्दीन अंसारी, कैलाश भट्ट, हरेंद्र प्रसाद, दर्शन सिंह, कामरेड विनीता देवी, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण व अवैध मांसाहार बिक्री का आरोप

■ कार्रवाई को कोतवाली में दी गई तहरीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ईदगाह कमेटी मुड़िया पिस्तौर, बाजपुर ने ईदगाह परिसर में अतिक्रमण एवं नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कोतवाली में पुलिस को तहरीर दी है।

सोमवार को कमेटी के सचिव अब्दुल नबी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि ईदगाह परिसर की दुक. ानों को किराये पर देते समय स्पष्ट शर्तें तय की गई थीं।जिनमें अतिक्रमण न करने तथा नशीले पदार्थों व मांसाहार की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल है। शिकायत के अनुसार ईदगाह परिसर के भूतल पर स्थित दुकान संख्या 15 के किरायेदार द्वारा इन शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। आरोप है कि दुकान के बाहर अतिक्रमण कर भैंसे के कबाब, टिक्का, हलीम, बिरयानी सहित अन्य मांसाहार खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। ईदगाह कमेटी का आरोप है कि आपत्ति जताने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा कमेटी सदस्यों को धमकाया गया और नियमों का पालन करने से साफ इनकार कर दिया गया।

चेतावनी के बावजूद अवैध बिक्री और अतिक्रमण जारी रहने की बात भी शिकायत में कही गई है। कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ईदगाह परिसर से अतिक्रमण हटवाया जाए तथा अवैध रूप से हो रही मांसाहार बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला में लगी आग से गाय और बछड़े की दम घुटने से मौत

■ लाखों का नुकसान, आर्थिक सहायता व मुआवजे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सोमवार की सुबह भूसे के ढ़ेर अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण दो पालतू मवेशियों की दम घुटने से मौत हो गई। वहीं आग की घटना से अफरातफरी मच गई तथा मौके पर आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।

बिगराबाग निवासी दीपक कापड़ी पुत्र स्वर्गीय गोविंद बल्लभ कापड़ी की गौशाला में तड़के अचानक लगी आग से एक पालतू गाय व उसके बछिया की दम घुटने से मौत हो गई। सुबह के समय जब घर में धुआं भरने लगा तो परिजनों ने उठकर देखा कि गौशाला से आग की लपटें उठ रही है। वहीं उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया तथा मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। वहीं सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई और बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक गौशाला में बांधे दो पालतू जानवरों की दम घुटने से मौत हो चुकी थी।

वहीं गृह स्वामी के अनुसार गौशाला में रखा भूसा, मकान के दरवाजे व अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए तथा मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। आगजनी की घटना में पीड़ित परिवार का लगभग लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं पुलिस परिवार के अनुसार शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सूचना पर आंचल डेरी के पशु चिकित्सक सतीश चंद्र दुबे तथा मिंटू राय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा मृत पशुओं का परीक्षण किया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह राणा सहित तमाम लोगों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर हालचाल जाना। वहीं ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

# महिला सप्तशक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर, बाजपुर में महिला सप्तशक्ति कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाजपुर की एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा उपस्थित रहीं, जिन्होंने वर्तमान समय में समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका व योगदान पर प्रेरक विचार रखे।

कार्यक्रम में रितु बंसल ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. संगीता बंसल (आयुष्मान हॉस्पिटल) ने की। नेहा गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को संकल्प दिलाया, जबकि डॉ. अंजलि सिंघला ने महिला सशक्तिकरण पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। इस अवसर पर नगर की कई विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यवसायी आंचल गर्ग, डा. हर्षिता अग्रवाल, एडवोकेट अंजू लता, गीता चौधरी, कवियत्री काव्यश्री, नीतू गुप्ता, चंद्रिका फोगाट, साधना मिश्रा, दीप्ति शर्मा, शमा परवीन सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा।

# पुरानी तहसील कैंपस के अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड की दुर्गंध से मिलेगी निजात

■ दो एकड़ के भूखंड की चहार दीवारी में होगा नगर के कूड़े का निस्तारण

■ अस्थाई कूड़े घर से नगर वासियों को शीघ्र मिलेगी निजातः रमेश जोशी



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर के मध्य पुरानी तहसील कैंपस के अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड की दुर्गंध की त्रासदी झेल रहे नगर वासियों को अब निजात मिलेगी। इसके लिए नगर पालिका परिषद को ग्राम सुजिया में दो एकड़ सरकारी जमीन मिल चुकी है। इस भूखंड की नगर पालिका द्वारा चहार दीवारी की जाने वाली है।

चहार दीवारी का लगभग 90 लाख का स्टीमेट शासन को भेजा गया है। नगर पालिका के विभिन्न वार्डों से एकत्रित कूड़े को नगर पालिका द्वारा स्थाई रूप से पुराने तहसील ग्राउंड में डंप किया जाता है। यदाकदा अधिक समय तक जमा रहने से न केवल कूड़े के ढेर से दुर्गंध वायुमंडल को प्रदूषित करती है बल्कि नगर के आवारा जानवर भी इस ढेर से अपना भोजन तलाशते रहते हैं। इस स्थाई कूड़े के ढेर से पुलिस चौकी बाजार, हल्का पटवारियों के कार्यालय, वन विभाग, प्राथमिक विद्यालय, सैनिक विश्राम गृह, डाकघर से संबंध रखने वाले लोगों के अलावा तहसील रोड का बाजार तथा इस कैंपस के आसपास रहने वाले परिवारों का यहां रहना दूभर बनने लगा है।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू ने बताया कि नगर पालि. का द्वारा इसका विकल्प तैयार कर लिया गया है। पुराने तहसील कैंपस में डंप कूड़े को समयानुसार हटाकर अन्यत्र डाला जाता है। अब ट्रंचिंग ग्राउंड की व्यवस्था हो चुकी है। ग्राम सुजिया में दो एकड़ के भूखंड की चहार दिवारी होते ही नगर पालिका नगर के कूड़े को स्थाई रूप से वहां डालेगी। नगर वासियों की लाईलाज समस्या का समाधान हो सकेगा।

अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड के लिए चयनित दो एकड़ सरकारी भूखंड की चहार दिवारी का स्टेटमेंट लगभग 90 लाख रुपये का है। शीघ्र इसके लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएंगी। तब तक स्थाई तौर पर नगर पालिका के कूड़े को नानकमत्ता टाउन एरिया के ट्रंचिंग ग्राउंड में कूड़ा डालने की व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने बताया कि नगर पालिका नगर वासियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## उड़ान प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी रामनगर में आयोजित सपनों की उड़ान प्रतियोगिता के अंतर्गत विकासखंड के संकुल स्तरों से चयनित विभिन्न बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। सपनों की दौड़ प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय यशवंत नगर के पुलकित में प्रथम और उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनपुर के ईशान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर आलिया के नैतिक तीसरे स्थान पर रहे।लोक नृत्य में संकुल चिल्कीया प्रथम, संकुल सावले द्वितीय, जबकि संकुल छोई तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला प्रेरक सॉन्ग महिला प्रेरक समूह के अंतर्गत राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पापड़ी की ईशा देवी प्रथम जबकि हाई स्कूल शिवपुरी बेलजुड़ी की श्रीमती नीमा देवी दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान लगाए गए स्टॉल मैं हाई स्कूल शिवपुरी बैलजड़ी का दबदबा रहा।स्वच्छता की थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक में संकुल छोई का दबदबा रहा जबकि संकुल चिलकिया दूसरे नंबर पर रहा। लोग गायन प्रतियोगिता में संकुल जोगीपुरा प्रथम छोई द्वितीय जबकि संकुल संबंधी तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के निर्णायकों में भारती लखचौरा, सारिका चौहान,वीरेंद्र सिंह पटवाल, राखी धनगर, हरीश कुमार एवं रश्मि जोशी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल मनोज तिवारी, प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज हरेंद्र कुमार, बंता सिंह, हरीश चंद, रमा सैनी, गौरव जोशी, महेंद्र सिंह सैनी ,शिव ओम अग्रवाल, मदन कुमार,कमलकांत पांडे, घनश्याम पांडे,मधु रावत, चेतना जोशी, भूमित्र, कल्पना , चित्र जोशी आदि मौजूद रहे।




# एसटीएम कॉन्वेंट स्कूल में हुआ 25 वां वार्षिकोत्सव



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एसटीएम कॉन्वेंट जूनियर हाई स्कूल बाजपुर में 25वां वार्षिकोत्सव हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा और विद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट मोहन चंद्र पांडेय ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया।

छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम कर सभी का मन मोह लिया। शिव सती कथा को देखकर डॉ अमृता शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों को अपनी संस्कृति का ज्ञान होता है। विद्यालय की सचिव कमला पांडे के द्वारा उपजिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट मयंक पांडे, सोबन सिंह, विनीत मठपाल, सुमन जैन, सोनम, शीतल गरिमा कांडपाल, भावना पांडे अनमोल, हेमंत कुमार, शोभा, प्रशांत पांडे, पार्वती राज. कुमारी, शिवानी आदि शिक्षक और शिक्षिकाएं और अभिभावकगण उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा चालकों के लिए स्थान निर्धारित करने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगर में ई-रिक्शा चालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चालकों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पेशकर सजीव कुमर को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से नगर क्षेत्र में ई-रिक्शाओं के लिए एक निश्चित स्थान निर्धारित किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बाजपुर में ई-रिक्शा चालकों के लिए कोई निर्धारित स्टैंड अथवा स्थान न होने के कारण उन्हें आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते ई-रिक्शा चालकों की आवा. जाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर प्रतिकूल असर पड़ा है और परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के लगाए गए प्रतिबंधों से उनकी आमदनी लगातार घट रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि नगर में ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया जाए, जिससे वे सुचारु रूप से कार्य कर सकें और जनता को भी सुविधा मिल सके।ज्ञापन के माध्यम से उपजिलाधिकारी से चालकों की दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। चालकों ने आशा जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कदम उठाएगा। इस दौरान काफी संख्या में ईख्ररिक्शा चालक मौजूद रहे।

## उपाध्यक्ष (राज्य स्तरीय) बीस सूत्री कार्यक्रम ने ली बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** उपाध्यक्ष (राज्य स्तरीय) बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ज्योति प्रसाद गैरोला ने सोमवार को जिला सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में उपाध्यक्ष द्वारा बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2025 में जारी रैंकिग में डी क्षेणी में आये मदों, हर घर जल, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, पीएमजी एसवाई के सम्बन्धित अधिकारियों से डी श्रेणी आने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित अधिकारियों को डी श्रेणी की मदों को ए श्रेणी में लाने हेतु निदेशित किया गया। उन्होंने इसी तरह बी तथा सी श्रेणी प्राप्त मदों से सम्बन्धित अधिकारियों को भी ए श्रेणी प्राप्त करने हेतु आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर जाकर लोगों को योजनओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि कभी-कभी पात्र व्यक्ति योजनाओं की जानकारी न होने के कारण लाभ नही ले पाते है। इसलिए विभाग आपसी समन्वय बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाये। उपाध्यक्ष ने समस्त अधिकारियों को सभी मदों में ''ए'' श्रेणी प्राप्त करने तथा जनपद को गत वर्ष की भांति ही प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए।

# ठुकराल ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

■ पीएसी और रुद्रपुर की टीम के बीच खेला गया पहला मुकाबला



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** लालबहादुर शास्त्री यंग क्लब की ओर से ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पीएसी और रुद्रपुर की टीम के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार तालमेल, गति और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं के चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे और नकारात्मक गतिविधियों से दूर रखने के लिए खेलो का विशेष महत्व है। ऐसे टूर्नामेंट युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाने का अवसर प्रदान करते हैं। ठुकराल ने कहा कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में लगातार खेल गतिविधियों का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि लालबहादुर शास्त्री यंग क्लब जैसे संगठन युवाओं को मंच प्रदान कर समाज के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में इस क्षेत्र से राज्य और देश स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ी निकलकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि खेल भावना से खेला गया हर मैच जीत-हार से ऊपर होता है और खिलाड़ियों को हमेशा खेल को खेल की तरह लेते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर ट्रांजिट कैंप व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, मानस बैरागी, आनंद शर्मा, ब्रजेन मंडल, शुभम स्वर्णकार, सुमित गुप्ता, प्रकाश अधिकारी, रोहित अधिकारी, सुमित निषाद, मोहित निषाद, हर्षित बोरा, सोहन, क्रिश यादव, मुकेश यादव, निखिल, राहुल, राजा, कुलदीप सिंह, अमन यादव, रोहित सिंह, आयुष यादव, चंदन, मुनि, हर्षित, मोहित निक्कू, तुषार, सुमित सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, खिलाड़ी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल पर बैठे पिता-पुत्र

**पटवारी व तहसीलदार पर अतिक्रमण की गलत रिपोर्ट देने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बीते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रधान पद के उम्मीदवार के लिए पिता व पुत्र द्वारा भरे गए नामांकन पत्र अतिक्रमणकारी होने की आपत्ति लगने के बाद हुई जांच में पटवारी व तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में दोनों को अतिक्रमणकारी दर्शाने के बाद पर्चा निरस्त हो जाने के बाद अधिकारो से न्याय की गुहार लगाने के बाद भी न्याय ना मिलने पर पिता पुत्र द्वारा उप तहसील नानकमत्ता में अपने समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल शुरु कर दी है।



सोमवार को ग्राम सरौजा के पूर्व प्रधान सुखविन्दर सिंह मोमी अपने पुत्र वजिन्दर सिंह मोमी एवं सैकडों समर्थकों के साथ उप तहसील नानकमत्ता में अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल पर बैठ गए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए धरने पर बैठे पूर्व ग्राम प्रधान सुखविंदर सिंह मम्मी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा बीते त्रिस्तरिय पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिस पर उनके विपक्षी आपत्तिकर्ता द्वारा उन्हें सरकारी वन भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए आपत्ति दाखिल की थी। आरोप है कि पटवारी तथा तहसीलदार द्वारा गलत तरीके से जांच कर उन्हें अतिक्रमणकारी घोषित किया गया, जिस कारण उनका पर्चा निरस्त कर दिया गया। सुखविंदर सिंह का कहना है कि यदि वह तथा उनके परिवार सरकारी भूमि पर आवास बनाकर अतिक्रमण कर बैठा है तो उसे विभाग चिन्हित करें तथा टीम गठित कर निष्पक्ष सर्वे कराकर उनके द्वारा यदि कोई वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण किया गया है तो उसे सिद्ध करें। यहां धरना स्थल पर वजिन्दर सिंह मोमी, अशोक राना, हरिओम सिंह राना, अनीश राना, सतनाम सिंह, प्रकाश सिंह बब्बर , हरप्रीत सिंह जगजीत सिंह जग्गी,युवराज सिंह, जगीर सिंह, निन्दर सिंह, बलविन्दर सिंह आदि सैकडों लोग मौजूद रहे।

# साइकिलिंग में बच्चे ओलंपिक मेडल को बनाए लक्ष्य : रेखा आर्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर स्थित शिवालिक वेलोड्रोम में आयोजित 77वीं सीनियर, 54वी जूनियर और 40वीं सब जूनियर नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में पहुंचकर खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को साइकिलिस्टों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में देश भर के लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 600 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।



खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि साइकिलिंग वेलोड्रोम के बनने के बाद अब यह उम्मीद की जा सकती है कि उत्तराखंड जल्द ही साइकिलिंग की नर्सरी के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान प्रदेश में जो खेल ढांचा विकसित किया गया है उसमें साइकलिंग वेलोड्रोम सबसे अहम है। खेल मंत्री ने कहा कि आमतौर पर नेशनल गेम्स में ज्यादातर राज्यों को साइकिलिंग का आयोजन दूसरे प्रदेशों में करना पड़ता है क्योंकि यह सुविधा देश के कुछ चुनिंदा राज्यों में ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी नियमित रूप से यहां आकर अभ्यास करें, जिससे वें 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम और 2036 के ओलंपिक में पदक के दावेदार बन सके। इस अवसर पर साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ओंकार सिंह, सचिव मनिंदर पाल सिंह, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, उत्तराखंड साइकलिंग



एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल चौधरी, उत्तराखंड साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव देवेश पांडे, जिला अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा, विजय पाठक आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

## वार्ड 39 में माता गुजरी द्वार बनाने की मांग को लेकर पार्षद ने महापौर से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड 39 से कांग्रेस पार्षद सौरभराज बेहड़ ने महापौर विकास शर्मा से मुलाकात कर वार्ड में माता गुजरी के नाम से द्वार निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।




पार्षद बेहड़ ने बताया कि उनके वार्ड क्षेत्र में बेदी सीमेंट के पास स्थित तिराहा स्थानीय लोगों में माता गुजरी के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्थान क्षेत्रवासियों की धार्मिक आस्था और भावनाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने महापौर से अनुरोध किया कि आमजन की भावनाओं और क्षेत्रीय महत्व को ध्यान में रखते हुए इस तिराहे पर भव्य द्वार का निर्माण कराया जाए, जिसका नाम 'माता गुजरी द्वार' रखा जाए। पार्षद ने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की भावनाओं का भी सम्मान होगा। महापौर विकास शर्मा ने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि द्वार निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इस पर पार्षद सौरभराज बेहड़ ने महापौर का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम प्रधानों और सहायक ग्राम विकास अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों और सहायक ग्राम विकास अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया।



इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और तंबाकू/धूम्रपान से होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। डा. अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की, ताकि हम इसके दुष्प्रभावों को कम कर सकें। इसके साथ ही, तंबाकू, खैनी, और गुटखा के सेवन से होने वाले गंभीर रोगों के बारे में जानकारी दी गई और ग्राम स्तर पर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर कॉन्सलर दशमेश कौर, डा. संतोष पाण्डेय, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्या समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शिविर में प्रशासन और जनता के बीच हुआ सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** 'जन जन की सरकार, जन जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत सोमवार को एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा की अध्यक्षता में बाजपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत बरहैनी के प्रगतिशील जूनियर हाईस्कूल में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई। शिविर में लगभग 2442 लोगों ने लाभ लिया।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, उनके संघर्षों तथा गणित के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर एवं पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामानुजन के विचारों और कार्यों को अवगत कराया।



गणित विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में पोस्टर प्रेजेंटेशन वर्ग में जानकी बोरा ने प्रथम, प्रिया पंत ने द्वितीय तथा राजेंद्र जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पीपीटी प्रेजेंटेशन वर्ग में प्रज्ञा चौहान को प्रथम, सेजल चंद को द्वितीय एवं मुकेश टम्टा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. अविनाश मिश्रा, डॉ. खिलानंद जोशी एवं डॉ. अमन मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सेजल चंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. कुलदीप जोशी ने छात्रख्छात्राओं को रामानुजन के समर्पण और साधना से प्रेरणा लेते हुए गणित को वर्तमान समय में व्यावहारिक रूप में अपनाने पर प्रकाश डाला। डॉ. अविनाश मिश्रा ने रामानुजन द्वारा गणित को आध्यात्म से जोड़कर किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए छात्रों को उनके दृष्टिकोण से परिचित कराया। डॉ. अमन मंडल ने पोस्टर एवं प्रेजेंटेशन की सराहना करते हुए गणित को समाज हित में उपयोग करने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुरेंद्र पडियार ने रामानुजन के संघर्षपूर्ण जीवन और नंबर थ्योरी में उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण पाण्डेय, भगवान सिंह धामी सहित अनेक शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# व्यावसायिक शिक्षा कौशल प्रतियोगिता में निखरी बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा

**जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शानदार आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जीजीआईसी चंपावत में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जनपद के दूरस्थ विद्यालयों के प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं की आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा हार्डवेयर आदि की प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का संचालन हरीश चन्द्र कलौनी तथा प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने शानदार मॉडलों का प्रदर्शन किया तथा विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन किया। डीसी डा. प्रभात पांडेय ने बताया कि समस्त विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाएगा।

निर्णायक के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राजेन्द्र गड़कोटी, पालीटेक्निक लोहाघाट के आईटी विभाग के एचओडी गोविन्द बल्लभ थ्वाल, आईटीआई अनुदेशक मनोज गड़कोटी, विष्णु कुमार आदि रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, डीसी डॉ प्रभात पांडेय, डीसी महेश भट्ट, सी एम भट्ट, मनोज बिष्ट आदि ने अभिलेखीकरण आदि में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सहयोग महिला स्वायत्त सहकारिता रीठा की पहली आम सभा में इंद्रा कुल्याल फिर बनीं अध्यक्ष

**भगवती देवी को कोषाध्यक्ष, हीरा देवी को सचिव की जिम्मेदारी, नौ सदस्यीय निदेशक मंडल का गठन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पाटी विकास खंड के अंतर्गत ग्रामोत्थान परियोजना एवं एनआरएलएम के सहयोग से संचालित सहयोग महिला संकुल संघ स्वायत्त सहकारिता, रीठा की प्रथम वार्षिक आम सभा रामलीला मैदान रीठा में संपन्न हुई। आम सभा की अध्यक्षता इंद्रा देवी ने की, जिसमें बड़ी संख्या में शेयरधारक महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष इंद्रा कुल्याल ने बीते वर्ष के दौरान सहकारिता के अंतर्गत संचालित विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों, वित्तीय स्थिति एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी सदस्यों के समक्ष रखी। बिजनेस प्रमोटर बबलू बिष्ट ने सहकारिता की व्यवसाय योजना, ऑडिट रिपोर्ट, टर्नओवर एवं लाभांश की जानकारी देते हुए सदस्यों को भविष्य की कार्ययोजना से अवगत कराया। आम सभा में प्रत्येक ग्राम संगठन से निदेशकों का चयन कर 9 सदस्यीय निदेशक मंडल का गठन किया गया। नवगठित निदेशक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से इंद्रा कुल्याल को पुन: अध्यक्ष, भगवती देवी को कोषाध्यक्ष, हीरा देवी को सचिव तथा किरन कुल्याल को उपाध्यक्ष चुना गया।

इसके साथ ही आम सभा में दो उपसमितियों का भी गठन किया गया। लेखा समिति में पुष्पा देवी, निर्मला बोहरा और उर्वशी मेहता, जबकि मध्यस्थता समिति में जानकी देवी, आनंदी देवी एवं पुष्पा देवी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। ग्रामोत्थान परियोजना के सहायक प्रबंधक (संस्थाएं एवं समावेशी) प्रकाश चंद्र पाठक ने नवगठित निदेशक मंडल एवं उपसमिति सदस्यों को उनके दायित्वों का निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने का आह्वान करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रीठा कुंदन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लू बिष्ट, ग्रामोत्थान ब्लॉक स्टाफ मनोज बागरी, कुलदीप भट्ट (आईपीआरपी), हिमानी, सहयोग सीएलएफ स्टाफ हेम चंद्र, किरन भट्ट सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## वांछित आरोपी को पुलिस ने स्मैक के साथ दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान वांछित आरोपी को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

सोमवार को नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चैकिंग के दौरान नानक सागर बैराज के तिराहे से एक बाइक सवारी युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पारदर्शी पन्नी में 08.20 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संदीप सिंह उर्फ सन्नी पुत्र संतोख सिंह निवासी कल्याणपुर बताया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत हैं, जिसमें आरोपी वांछित चल रहा था। पकड़ने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार पंत, सिपाही राजकुवर बोरा, गिरीश चंद्र शामिल हैं।

# वन वे ट्रैफिक व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेसियों में उबाल

## विधायक खुशाल सिंह अधिकारी सड़क पर उतरे, पुलिस प्रशासन को चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर में लागू की गई अव्यवहारिक वन वे ट्रैफिक व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने खुला मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसी विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता मीना बाजार चौराहे पर धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि वन वे ट्रैफिक व्यवस्था ने व्यापार चौपट कर दिया है और आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस लोहाघाट की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगी, चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक संघर्ष क्यों न करना पड़े।

विधायक ने पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े आड़े-तिरछे वाहनों को हटाने की जिम्मेदारी निभाने में पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे वाहनों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती, जबकि अव्यवहारिक वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर आम नागरिकों और व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि यदि वास्तव में यातायात सुधार की मंशा है तो पहले अवैध व तिरछी पार्किंग पर सख्ती की जाए। धरने में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भगीरथ भट्ट, भुवन चौबे, बल्लू मेहरा, जित्तू शाह, चांद बोहरा, हरीश जोशी और प्रकाश मेहरा भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में वन वे ट्रैफिक व्यवस्था को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यह फैसला बिना जनसंवाद के थोपा गया है, जिससे लोहाघाट के बाजारों की रौनक खत्म हो रही है और छोटे व्यापारियों की आजीविका संकट में है। विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वन वे ट्रैफिक व्यवस्था को शीघ्र बंद नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे नगर में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक जनता को राहत नहीं मिलती। धरने के दौरान मीना बाजार चौराहा कांग्रेस के नारों से गूंजता रहा और माहौल पूरी तरह गर्माया हुआ नजर आया।

### एसपी से हुई फोन वार्ता के बाद धरना हुआ समाप्त

**लोहाघाट।** विधायक खुशाल सिंह अधिकारी की इस मुद्दे को लेकर एसपी अजय गणपति से हुई फोन वार्ता के बाद हालांकि धरना समाप्त हो गया है। एसपी ने कहा कि यह निर्णय थोपा नहीं गया है बल्कि नगर के सड़क सम्पर्क मार्ग में लग रहे जाम व यातायात बाधित होने की स्थिति को देखते हुए नागरिक क्षेत्र से ही यह प्रस्ताव आया था कि वर्ष 2021-22 में कुछ माहों तक तत्कालीन एसडीएम जो वर्तमान में जिले के एडीएम केएन गोस्वामी द्वारा इस व्यवस्था को संचालित किया गया था। उसका मैंने स्वयं नगर क्षेत्र का भ्रमण कर परिस्थितयों का जायजा लिया तथा 18 से 31 दिसंबर तक ट्रायल के आधार पर वन वे ट्रैफिक व्यवस्था शुरू की गई है। इसके बाद नगर क्षेत्र के लोगों से ही संवाद कर यह तय किया जाएगा की पर्यटन के बैस कैंप के रूप में उभर रहे लोहाघाट नगर में लोग कैसी ट्रैफिक व्यवस्था पर्यटकों व लोगों को देना चाहेंगे ? इस पर सभी से पुलिस संवाद करेंगी। पुलिस प्रशासन का इरादा व्यापारियों के अहित का नहीं बल्कि ऐसी ट्रैफिक व्यवस्था देने का है जिससे व्यापारियों का करोबार फल फूलनें के साथ नगर में आने वाले हर व्यक्ति को उसका अच्छा ऐहसास हो सकें।

## बुलडोजर के खिलाफ तहसील में गरजे ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम पूछडी क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ वन विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुछ दिन पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद से ही लगातार पीड़ित परिवार एवं विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के लोगों द्वारा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की मांग सरकार से कर रहे है।

ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि आज अतिक्रमण हटाने के बाद भी कड़ाके की ठंड में पीड़ित परिवार खुले आसमान में अपने मासूम बच्चों के साथ रह रहे हैं। इसके विरोध में सोमवार को पीड़ित परिवारों के साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने तहसील में आयोजित एक दिवसीय धरने में प्रतिभाग करते हुए सरकार और वन विभाग की बुलडोजर कार्रवाई का विरोध करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। वही पीड़ित परिवारों की इस लड़ाई को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, मालिकाना हक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एस लाल सहित कई लोगों ने अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर हुई सभा में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब सरकार पर उनको भरोसा नहीं है अब वह न्यायालय की शरण लेंगे। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो रामनगर में एक बड़ा आंदोलन इसके खिलाफ किया जाएगा और 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों को इसका जवाब दिया जाएगा। इस मामले में चार जनवरी को रामनगर में डिग्री कॉलेज की सभागार में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के अलावा जिला जज एवं कई न्यायाधीश एक जागरूकता शिविर का आयोजन करने जा रहे हैं जिसमें अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की गई। इस दौरान कनिष्ठ उप प्रमुख मीना रावत,पुष्कर दुर्गापाल, नवीन सती, एस लाल, भूपेंद्र कुमार, नरेंद्र रावत, मुबासिर, रचना रावत, सचिन कुमार, किशन कुमार, संक्रांत सिंह, महावीर सिंह रावत, धीरेन्द चौहान, इमरान खान, ललित कड़कोटी, वाजिद अली, मोहम्मद ताहिर, चंदन राम टम्टा आदि मौजूद रहे।

# डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी में वार्षिक खेलोत्सव शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति व उपस्थित गणमान्य अतिथियों इंटरनेशनल एथलीट गोल्ड मेडलिस्ट व चेयरमैन उत्तराखंड सिलेक्शन कमेटी विजेंद्र चौधरी,अंतरराष्ट्रीय मैराथन चौंपियन सुरेश पाण्डेय, अध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ उधम सिंह नगर सरफराज चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष ग्राम प्रधान छिनकी लक्ष्मी पांडेय, चिकित्सा अधिकारी सितारगंज डॉ. पूजा, जिला पंचायत सदस्य रीता कफलिया, ग्राम प्रधान आलावृद्धि चंद्रकला रौतेला, क्षेत्र पंचायत सदस्य शरद राना, जिला महामंत्री किसान मोर्चा आईसी पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर 800 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया।




सभी विजेता प्रतिभागियों को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। यहां विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट, विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, खेल प्रशिक्षक भरत बिष्ट, परविंदर खाती, कमल इकराल, महेश कलौनी, कविता सामंत, विशन सिंह कन्याल, मनीषा कुंवर, नरेश अहिरवार, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# नैनीसैनी एयरपोर्ट का विस्तार उत्तराखंड के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम : महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरागढ़ पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने नैनीसैनी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण एवं उन्नयन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के रजत जयंती वर्ष में नैनीसैनी एयरपोर्ट का विकास राज्य सरकार की एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि नौ नवंबर 2025 को उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य नैनीसैनी एयरपोर्ट, पिथौरागढ़ के अधिग्रहण एवं विकास हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जो इस परियोजना के महत्व को दर्शाता है। मंत्री ने जानकारी दी कि इस समझौते के अंतर्गत नैनीसैनी एयरपोर्ट का चरणबद्ध तरीके से विस्तार एवं आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भविष्य में बड़े विमानों का संचालन संभव हो सकेगा। वर्तमान में यह एयरपोर्ट लगभग 70 एकड़ भूमि पर विकसित है, जबकि 72 सीटर विमानों के नियमित संचालन के लिए लगभग 50 से 53 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है तथा शीघ्र ही इसे पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# ट्रैकिंग के साथ विंटर कार्निवाल का आगाज़

## पर्यटन नगरी में पांच दिन रहेगी विविध कार्यक्रमों की धूम, जलसा, लखिया भूत, छोलिया नृत्य रहेगा आकर्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार पांच दिनी विंटर कार्निवाल की शुरुआत हो चुकी है। बता दें जिला पर्यटन विकास विभाग की ओर से कार्निवाल की शुरुआत टांकी बैंड से चाइनापीक तक के ट्रैकिंग का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। ट्रैकिंग का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या व एडीएम विवेक रॉय ने हरी झंडी दिखाकर किया। ट्रैकिंग के साथ ही युवाओं को बर्ड वाचिंग की भी जानकारी दी गई। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि बर्ड वाचिंग और ट्रैकिंग के साथ ही क्लीनिंग ड्राइव का भी आयोजन किया गया।

इसके साथ ही बर्ड वाचिंग के एक्सपर्ट जगजीवन धामी ने युवाओं को नैना बर्ड सेंचुरी की जानकारी दी स इसके साथ ही जाड़ों में आने वाली प्रवासि पक्षियों की भी जानकारी दी।



अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से चाइना पीक एक छोटा ट्रैक आयोजित किया गया है जिसके बाद 26 दिसंबर को बिरला चुंगी से कैंची धाम तक ट्रैकिंग का आयोजन किया जाएगा, उस ट्रैक से पहले यह एक छोटे ट्रैक की तैयारी है जिसमें 30 से अधिक युवा जुड़े है स नैनीताल में छोटे स्वरूप में शुरू किया गया कार्निवाल बड़ा रुप ले रहा है, और नैनीताल में एक बेहतर आयोजन किया जा रहा है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि क्लीनिंग ड्राइव में सबसे अधिक कूड़ा एकत्र करने वाले वालिंटियर को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके साथ ही आज से शहर में विंटर कार्निवाल का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है जिसमें शहर की मालरोड में जलसा, लखिया भूत, छोलिया नृत्य आदि की प्रस्तुति की जाएगी, जिसके बाद शाम में स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम नवाजिश खलिक, ईओ रोहितास शर्मा, पीसी मनराल, दयाकिशन पोखरिया, नितिन कार्की तथा पंकज भट्ट व दीपक मर्तोलिया आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा में 50 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विंटर कार्निवाल को लेकर पुलिस ने भी तैयारियां कर ली हैं। एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल व शहर में पुलिस तैनात का दी है। बता दें कि नैनीताल में विंटर कार्निवाल की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को व्यवस्थाओं को लेकर एसपी डा. जगदीश चन्द्र ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विंटर कार्निवाल कार्यकम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिए 50 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की तैनाती की गई है। वहीं शहर में व्यवस्थाओं के लिए दो पीएससी प्लाटून बुलाई गई है। जो विंटर कार्निवाल के दौरान शहर में तैनात रहेगी। वहीं देर शाम उन्होंने पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया। इस दौरान सीओ रविकांत सेमवाल व टीआई वेद प्रकाश भट्ट मौजूद थे।

### हाईकोर्ट ने वन अधिकारी के तबादले पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने चकराता वन प्रभाग में तैनात एक अधिकारी के स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 मार्च 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि अधिकारी ने वर्तमान तैनाती स्थल पर केवल एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह स्थानांतरण उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के प्रावधानों के विरुद्ध किया गया है। तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता को केवल इसलिए हटाया गया क्योंकि वह आरक्षित वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का विरोध कर रहे थे। अदालत ने राज्य सरकार के वकील से पूछा कि यह स्थानांतरण अधि. नियम के किन प्रावधानों के तहत किया गया है। सरकार की ओर से दलील दी गई कि अधिनियम की धारा 213 के तहत आवश्यक अनुमा. ेदन प्राप्त करने के बाद जनहित में यह आदेश जारी किया गया था। हालांकिए न्यायालय ने टिप्पणी की कि धारा 21 (3) केवल एक निश्चित अवधि के बाद स्थानांतरण की अनुमति देती हैए लेकिन ये तबा. दले अधिनियम के अन्य प्रावधानों के अनुरूप ही होने चाहिए। खंडपीठ ने नोट किया कि राज्य सरकार के पास इस बात का कोई स्पष्ट जवाब नहीं था कि स्थानांतरण की प्रक्रिया में अधिनियम के किन विशिष्ट नियमों का पालन किया गया है। याचिकाकर्ता के पक्ष को ध्यान में रखते हुएए न्यायालय ने अगले आद. ेश तक स्थानांतरण आदेश के प्रभाव और संचालन को स्थगित रखने का निर्देश दिया है।

## एक नजर...

### बिजली के झूलते तारों से बढ़ रहा है खतरा

**नैनीताल।** नगर की सामाजिक कार्यकत्री संध्या शर्मा ने सोमवार को बिजली विभाग के उप खंड अधिकारी प्रियंक पांडे को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में शर्मा ने मल्लीताल के स्प्रिंग फील्ड कंपाउंड क्षेत्र (इनकम टैक्स आफिस से लेकर सरस्वती विद्या मंदिर चौराहा) तथा मोहन को चौराहा से लेकर पोस्ट आफिस मल्लीताल के मार्ग में बिजली के पोलों में झूलते तथा आपस में टकराते बिजली के तारों से उत्पन्न होने वाली परेशानियों को अवगत कराते हुए उनके जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करें ताकि निकट भविष्य में इन क्षेत्रों में बड़ी घटना होने से टल सके।

### महिला सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**नैनीताल।** विद्या भारती द्वारा आयोजित महिला सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माया जीना समाजसेवी एवं मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय इंटर कालेज सिमलखा की संस्कृत प्रवक्ता आरती पंत रहीं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता द्वारा कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण तथा समाज में महिलाओं की भूमिका व महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मातृशक्ति का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहन गीता भंडारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रेरणादाई महिलाओं का संदेश विद्यालय की बहन श्रीमती अनीता व कुमारी कोमल जलाल जी द्वारा दिए गए। कार्यक्रम के उद्देश्य बहन ममता द्वारा बताए गए। आभार प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा व्यक्त किया गया तथा संकल्प कुमारी कोमल जलाल द्वारा करवाने के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में तथा माताएं व बहनें उपस्थित रही।

### यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस एक्टिव

**नैनीताल।** नगर की यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए जाने के विशेष मकसद से पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर निर्माण कार्य सामग्री रख कर अनावश्यक अवरोध उत्पन्न करने पर मल्लीताल पुलिस ने 4 ठेकेदारों/भवन स्वामियों के पुलिस एक्ट के अंतर्गत 40 हजार रुपए के चालान किए। इसके साथ ही सड़क किनारे अनावश्यक खड़े 13 वाहनों का भी चालान किया साथ ही 3 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गयी। कार्रवाई का नेतृत्व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने किया।

### कुमाऊंनी बैठकी होली में होल्यारों ने बांधा समा

**हल्द्वानी।** पौष माह के प्रथम रविवार को गौरा कॉम्प्लेक्स पीलीकोठी लालढांठ हल्द्वानी के प्रसिद्ध कुमाऊनी प्रारंपरिक बैठकी होली का शुभारंभ हो गया। प्रारंभ में केवल निर्वाण व भक्ति से संबंधित पदों का का गायन विभिन्न राग रंगिनियों यथा श्याम कल्याण, झिंझोटी, काफी, जगला काफी, खमाज सहना, देश, जैजैवती, विहाग व भैरवी व परज आदि में किया गया। बैठकी होली का शुभारंभ धरणीधर पांडे द्वारा राग श्याम कल्याण जग के पालन हार से किया गया, उनके साथ तबला संगत राजेंद्र कोठारी द्वारा की गई तत्पश्चात राजेंद्र कोठारी ने राग काफी का गायन किया गया तत्पश्चात हेम त्रिवेदी ने राग काफी में शिव सुमिरन जिन जाना गायन किया। गायन में प्रभात पांडे, हिमांशु गुरुरानी, राजेंद्र जोशी तथा कैलाश जोशी व मुकेश चंद्र भट्ट ने साथ दिया। इस अवसर पर नंदन जोशी, अरुण पांडे, नरेंद्र पंत, चंद्रेश पंत, रोहित भोज, गौरव नेगी, राजेश पंत, रजत कोठारी, भूपाल सिंह राणा, नवीन चंद्र जोशी तथा कौशल पाण्डे आदि उपस्थित रहे।

### लेटीबूगा में शिविर, 45 शिकायतों का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड धारी में बहुद्देशीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर हिम. गिरि स्टेडियम लेटीबूंगा में आयोजित हुआ। शि. विर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आमजन को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया की गई। शिविर में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें सभी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में जनता को विभागवार सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा ने कहा कि धामी सरकार की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुँच रही है। शिविर में उप जिलाधिक. ारी अंशुल भट्ट, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र गंगवार, ग्राम प्रधान खष्टी नयाल, संजय नयाल सहित समस्त अधिकारी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।



## सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप

# बाहरी महिला के विरुद्ध ग्रामीणों ने खोला मोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर से सटे मंगोली क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट की संचालिका महिला के विरुद्ध ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। तय अल्टीमेटम के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने रेस्टोरेंट के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित महिला दबंगई के बल पर सरकारी भूमि सहित ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है। विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि महिला को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है और उनके विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ समय से रेस्टोरेंट संचालिका के परिवार और ग्रामीणों के बीच तनातनी चल रही थी। गत सप्ताह महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व आठ अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इसी को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सोमवार को ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण मंगोली में एकत्र हुए और महिला के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए मंगोली चौकी के साथ ही कोतवाली और तल्लीताल पुलिस भी मौके पर पहुंची। सूचना पर तहस. ीलदार अक्षय भट्ट मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर मामले के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

### जागेश्वर मंदिर समिति के गठन पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जागेश्वर मंदिर के रखरखाव और देखरेख के लिए समिति गठित करने के संबंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में आरोप लगाया गया कि 2013 में कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद, अब तक मंदिर समिति का गठन नहीं हुआ है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि आदेश का पालन क्यों नहीं हुआ और 30 दिसंबर तक स्थिति रिपोर्ट मांगी। याचिका में मांग की गई कि मंदिर में चढ़ावे का ऑडिट करवाया जाए और पुजारियों की मनमानी पर कार्रवाई हो।

# ओएसिस द वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ओएसिस द वर्ल्ड स्कूल में रविवार को विद्यालय का 11वां वार्षिक समारोह उत्सव 2025 भव्यता और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस वर्ष का समारोह विशेष रूप से रेट्रो से मेट्रो हास्य उत्सव एवं उत्तराखंड रजत जयंती समारोह की थीम पर आधारित था, जो दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बना। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रेट्रो गीतों, हास्य नृत्य प्रस्तुतियों और उत्तराखंडी लोकनृत्यों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तराखंड के 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को समर्पित कुमाऊँनी नृत्य कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। उत्तराखंड की कला, लोकसंगीत और सांस्कृतिक विरासत ने सभागार में समां बांध दिया। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह टोलिया, जो लोकसंस्कृति और कला से जुड़े चांदनी इंटरप्राइजेज के संस्थापक हैं, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा, उत्तराखंड के नाना पाटेकर के नाम से प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगकर्मी घनश्याम भट्ट, ख्याति प्राप्त लोकगायक गणेश मार्तोलिया, लोकगायक संदीप सोनू और समाजस. ेवी ओपी पांडेय विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा जोशी ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गति. विधियों के बारे में जानक. ारी दी। कार्यक्रम का मंच संचालन शम्भू दत्त साहिल और अंजू नगरकोटी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक किशोर गहतोड़ी, सीए सरोज आनंद जोशी, डा. प्रवीन रौतेला, दयासागर बिष्ट, मोहन जोशी, विपिन चंद्र पांडेय उपस्थित रहे।



# राधेश्याम और अमरीन को आजीवन कारावास

## अमरीन ने प्रेमी नाज़िम का राधेश्याम से करवाया था कत्ल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल हरीश कुमार गोयल की अदालत ने षडयंत्र के तहत प्रेमी की हत्या के जुर्म में प्रेमिका व उसके साथी को आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार इंदिरा नगर हल्द्वानी निवासी महिला अमरीन जहां 2 जनवरी 2020 को अपने प्रेमी नाजिम को बहला फुसलाकर भीमताल घूमने के बहाने ले गई। जहां उसने अपने दूसरे साथी राधेश्याम वाल्मीकि की मदद से भीमताल रोड में चंदा देवी मंदिर के समीप गोली मारकर हत्या कर दी। नाजिम व अमरीन के बीच प्रेम संबंध थे लेकिन बाद में नाजिम ने शादी कर ली थी और अमरीन जहां को खर्चा देना बंद कर दिया था जिससे अमरीन नाराज थी। सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा ने तर्क दिया कि यह सुनियोजित षडयंत्र के तहत की गई हत्या थी जिसके लिए अधि. कतम दंड दिया जाना चाहिए किन्तु अदालत ने बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि यह मामला दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी में नहीं आता इसलिए मृत्युदंड के बजाय आजीवन कारावास का निर्णय लिया गया। फैसले में स्पष्ट किया गया कि हत्या एक आपराधिक साजिश के तहत की गई थी जिसमें मृतक नाजिम को एक सुनसान जगह पर फुसलाकर ले जाया गया और बेहद करीब से गोली मारी गई। अदालत ने टिप्पणी की कि दोषियों का व्यवहार मानव जीवन के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है और अवैध हथियार का उपयोग अपराध की गंभीरता को और अधिक बढ़ा देता है। कोर्ट ने अमरीन जहाँ को धारा हत्या व साजिश के जुर्म में उम्र कैद और 20 हजार रुपए जुर्माने व राधेश्याम वाल्मीकि को हत्या और साजिश के लिए उम्रकैद के साथ साथ आमर्स एक्ट की धारा 25 के तहत तीन साल के कठोर कारावास की अतिरिक्त सजा सुनाई। मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में अदालत ने जुर्माने की राशि में से 40 हजार रुपएं कानूनी वारिसों को मुआवजे के रूप में देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल को मृतक के आश्रितों के लिए उत्तराखंड पीड़ित मुआवजा योजना के तहत अतिरिक्त मुआवजे पर विचार करने का आदेश दिया गया। दोषियों को सजा काटने के लिए जिला जेल नैनीताल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री धामी का ड्रीम प्रोजेक्ट संकट में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना चंपावत जिले में लाभार्थियों के लिए भारी संकट का कारण बनती जा रही है। भारी बिजली कटौती और यूपीसीएल की लापरवाही के चलते सोलर पावर प्लांट से उत्पादन लगभग ठप हो गया है, जिससे ग्रामीण लाभार्थी बैंक की भारी-भरकम किस्तें चुकाने में असमर्थ हो गए हैं। चंपावत जिले के गड़कोट, नरियाल गांव, भगीना भंडारी और नरसिंह डांडा क्षेत्र में कई ग्रामीणों ने स्वरोजगार की उम्मीद में सोलर पावर प्लांट लगाए थे। योजना के तहत उन्होंने बैंकों से ऋण लेकर प्लांट स्थापित किए, जिनकी मासिक किस्त करीब 1 लाख 10 हजार रुपये है। लेकिन बिजली लाइन न होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यूपीसीएल (उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड) ने लगभग 18 महीने पहले टेक्निकल फिजिबिलिटी रिपोर्ट (टीएफआर) तैयार कर ली थी, ताकि इन क्षेत्रों में बिजली की लाइन बिछाई जा सके। इसके बावजूद आज तक बिजली की लाइन नहीं बिछाई गई, जिससे सोलर प्लांट पूरी तरह से चालू नहीं हो पाए। सोलर प्लांट लगा चुकीं गीता देवी, कुसुम रत्याल, बीना बेलवाल और विजय लक्ष्मी लोहनी ने बताया कि उन्होंने इस योजना के तहत आत्मनिर्भर बनने के लिए कड़ी मेहनत की। लेकिन यूपीसीएल की उदासीनता के कारण उन्हें न तो उत्पादन का लाभ मिल पा रहा है और न ही आय का कोई साधन बचा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बैंक की किस्तें भरना उनके लिए बेहद मुश्किल हो गया है। लाभार्थियों का कहना है कि यदि जल्द बिजली लाइन बिछाकर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट जाएंगे। ग्रामीणों ने सरकार और संबंधित विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर योजना को बचाने और उन्हें राहत देने की मांग की है।

**सौर स्वरोजगार योजना के लाभार्थी बैंक किस्तों में फंसे यूपीसीएल की लापरवाही बनी परेशानी का कारण**



टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। स्टोर में उपकरण आने की प्रक्रिया शुरू हो गई और इस प्रक्रिया को आगे सुचारू ढंग से संचालित किया जा रहा है। जहां भी दिक्कत है उसे जल्द ही दुरूस्त कर लिया जाएगा।

**नरेंद्र तोलिया- मुख्य अभियंता**

# मोटर मार्ग के लिए गांधी चौक पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत वर्षो से जमीरा-सोलिया मोटर मार्ग का निर्माण न होने से गुस्साएं नैनीताल के समीपवर्ती देवीधुरा, सीलिया, जोग्यूड़ा तथा जमीरा गांवों के ग्रामीणों ने भीमताल विकास खंड के पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख तथा कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु पांडे के नेतृत्व में तल्लीताल गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन देते हुए नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द से ग्रामीणों की रोड की मांग की पूरी न होने पर एक महीने बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। तल्लीताल गांधी चौक पर हुए धरना प्रदर्शन के बाद गुस्साएं ग्रामीण जुलूस निकाल. कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिक. ारी ललित मोहन रयाल को मामले को लेकर ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों ने कहा कि वह देवीपूरा ग्रामसभा के जमीरा गाँव-सोलिया में कई वर्षो से रोड के लिए संघर्षत हैं परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। कहा कि रोड न होने की वजह से बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में काफी और असु. विधा होती है और कई लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ चुके हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि गांव के लड़के-लड़कियों के रिश्ते इसी वजह से नहीं हो पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों व कालेल के छात्र-छात्राओं को होती है बच्चों को सुबह स्कूल के लिए घर से सुबह 7 बजे निकलना पड़ता है ऐसे में बच्चों का समय नष्ट होता है वे सुचारू रूप से अपनी पढ़ाई के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं और कालेज पहुँचने तक बच्चों पर जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। कहा कि गांवों में सड़क नहीं होने से पलायन की समस्या बहुत बढ़ गयी है। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, ललित मोहन सिंह, मनोज मेहता, विक्रम बिष्ट, भास्कर सिंह रावत, भगवान सिंह, विपिन सिंह, वीरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, अभिनव सिंह रावत, बलराम सिंह, चंद्रेश मेहता, नीरज भाकुनी, राहुल भाकुनी, चेतन सिंह, लक्ष्मण सिंह, दान सिंह, दीपक सिंह, मोहन सिंह, राम सिंह मेहरा तथा विनोद जोशी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



# जलागम समिति के कलाकारों ने समा बांधा

## भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में पारम्परिक तथा पौराणिक कार्यक्रमों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से पारंपरिक तथा पौराणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों (लोकप्रिय मेला और त्यौहार) का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के सभागार में किया गया। बता दें लोक संस्कृति को समर्पित जलागम समिति संस्थान सजगौरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कालेज के उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती और विशिष्ट अतिथि संगीत शिक्षिका नेहा आर्या ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के अध्यक्ष लाल सिंह रावत ने दोनों अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर व प्रतीक चिन्ह्व भेंट कर किया जबकि संस्था के महासचिव द्वारा सभी का स्वागत किया गया। जलागम समिति के कलाकारों ने सांस्कृतिक संस्थान द्वारा बीस दिवसीय झोड़ा-चांचरी व छपेली एवं उत्तराखंड की पारंपरिक लोक कलाओं लोक नृत्यों के प्रशिक्षण के उपरान्त सोमवार को यह कार्यक्रम किया। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था के कलाकारों के प्रयासों की सराहना की। संचालन उमेश कांडपाल द्वारा किया गया। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत नंदा सुनंदा की वंदना ओ नंदा सुनंदा तू देंडी है जाए... से की गयी। उसके बाद झोडा मेरी रुकता साली..., अजय कुमार ने गी आज कुछे मैत जा..., कलाकारों ने थल को कौतिक पर समूह नृत्य पेश किया उसके बाद नेहा ने गीत जबकि ओटूवा बेलडा गीत पर नृत्य, अजय कुमार ने जागजा ओ चकौरा.. गीत पेश किया। कलाकारों ने बग्वाल नृत्य नाटिका का भव्य मंचन किया। निर्देशन किशन लाल व सह निर्देशन लाल सिंह रावत का रहा जबकि नृत्य निर्देशन रिया टम्टा, संगीत निर्देशन अजय कुमार, गायन कलाकार अजय कुमार, नेहा आर्या, भुवन कुमार नृत्य कलाकार हैरी, तारा, गौरव, आशीष, गुंजन, सचिन, पंकज कुमार, पिंकी, नीलम तिवारी रहे जबकि हारमोनियम में अजय कुमार, ढोलक में गौवर कुमार समेत की बोर्ड में शुभम कुमार व भुवन कुमार तथा बांसुरी में कैलाश कुमार ने संगत दी। अंत में संस्था के अध्यक्ष लाल सिंह रावत ने सभी का आभार जताया।



### आईआईएम काशीपुर के पूर्व अधिकारी की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आईआईएम काशीपुर के पूर्व अधिकारी विनय शर्मा की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने संस्थान द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई विभागीय जांच को चुनौती दी थी। याचिका में शर्मा ने आरोप लगाया था कि उन्हें संवेदनशील दस्तावेज़ अनधिकृत रूप से प्राप्त करने और उसे प्रसारित करने के आरोप में जांच का सामना करना पड़ा। हाईकोर्ट ने पाया कि आईआईएम काशीपुर के अधिका. रियों द्वारा कोई भी न्यायिक आदेश जानबूझकर उल्लंघन नहीं किया गया। इससे पहले भी शर्मा ने संस्थान के अधिकारियों, जिनमें बोर्ड के अंत. रिम अध्यक्ष भी शामिल थे, के खिलाफ अवमानना याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें कोर्ट ने जुलाई 2025 में खारिज कर दिया था।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर वीर भट्टी दुर्गापुर में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा निर्धारित संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नारी की सात शक्तियों के बारे में विद्यालय की छात्राओं द्वारा लघु नाटिका के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम में भारत की प्राचीन काल की प्रेरणादायी नारियों के बारे में भी विस्तार से विद्यालय की छात्राओं द्वारा वेशभूषा में बताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या रही। मुख्य वक्ता नीमा अग्रवाल (क्षेत्र कार्यवाहिका राष्ट्रीय सेविका समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) एवं विशिष्ट अतिथि डा. बबीता मनराल (ग्राम प्रधान बलुवाखान) रही जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षा विमला अधिकारी (सामाजिक कार्यकर्ता) ने की। मुख्य वक्ता नीमा अग्रवाल ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण तथा पंच परिवर्तन के बारे में बड़े विस्तार से आई हुई मातृशक्ति को बताया। उन्होंने भारत के प्राचीन इतिहास में नारियों के योगदान की भूमिका को सभी के समक्ष रखा नारी की सात शक्तियों के बारे में भी विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने वर्तमान समाज में नारी के कार्यो एवं विशेष योगदान के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि डा. बबीता मनराल ने नारी शक्ति के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विमला अधिक. ारी ने नारी के द्वारा अपने बच्चों के विकास में विशेष योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की अभिभावक, मातृशक्ति तथा क्षेत्र की अन्य मातृशक्ति सहित 236 महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में 60 साल से ऊपर की 9 माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान उमा बिष्ट, निर्मला पाठक, कलाव. ती, प्रभा मनराल, ऋतु अधिकारी, गीता गुररानी, मंजू ढोलगाई, प्रेमलता भट्ट एवं गीतांजलि बोरा, पूर्णा नयाल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह एवं प्रबंधक डा. सूर्य प्रकाश मौजूद रहे। संचालन पूर्णा नयाल ने किया।



# स्मृति मंधाना 4000 टी-20 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं



● मंधाना इस फॉर्मेट में पहुंचने वाली दूसरी महिला है, न्यूजीलैंड सूजी बेट्स फिलहाल 4716 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर है

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ पहले महिला टी-20 इंटरनेशनल मैच के दौरान रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया, और महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज टी-20 इंटरनेशनल में 4,000 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कुल मिलाकर, मंधाना इस फॉर्मेट में 4,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाली दुनिया की दूसरी महिला हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड की महान खिलाड़ी सूजी बेट्स के साथ यह उपलब्धि हासिल की है, जो फिलहाल 4,716 रनों के साथ इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने सिर्फ 3,227 गेंदों में 4,000 टी-20 रन बनाए, जो बेट्स से काफी तेज है, जिन्होंने वहां तक पहुंचने के लिए 3,675 गेंदें ली थीं, जो सबसे छोटे फॉर्मेट में मंधाना की निरंतरता और आक्रामक रवैये को दिखाता है। श्रीलंका के खिलाफ मैच में, मंधाना ने 122 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए नौवें ओवर में आउट होने से पहले 25 गेंदों में 25 रन बनाए। हालांकि उनकी पारी छोटी थी, लेकिन यह उन्हें ऐतिहासिक मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी थी। यह मैच पिछले महीने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की यादगार जीत के बाद मंधाना का पहला इंटरनेशनल मैच भी था, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। इससे पहले, भारत के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों को ढीली गें. दों का फायदा उठाने में मुश्किल हुई और वे कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना पाए। सलामी बल्लेबाज विश्मी गुणरत्ने ने श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 39 गेंदों में 43 रन बनाए, जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा ने क्रमश: 20 और 21 रन बनाए। कप्तान चामरी अथापथु शुरुआत में आक्रामक दिखीं, लेकिन युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने उन्हें आउट कर दिया, जिससे भारत को शुरुआती सफलता मिली। ओस के कारण गेंद पर पकड़ बनाने में मुश्किल होने के बावजूद, भारत के गेंदबा. जों ने बीच के ओवरों में नियंत्रण बनाए रखा।

# स्पेन 2025 में फीफा विश्व रैंकिंग में रहा टॉप पर, भारत 142वें स्थान पर

● अन्य बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में नॉर्वे शामिल है जिसने 68-70 अंक हासिल किए

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** सितंबर 2025 में टॉप स्थान हासिल करने के बाद स्पेन अभी भी विश्व चैंपियन अर्जेंटीना से आगे है जबकि भारत विश्व रैंकिंग में अपने 142वें स्थान पर कायम है। स्पेन (पहला, अपरिवर्तित) सितंबर में दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना (दूसरा, अपरिवर्तित) को हटाकर टॉप पर बना हुआ है, जबकि फ्रांस (तीसरा, अपरिवर्तित) साल के आखिर की लाइन-अप में पोडियम पूरा करता है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग का दिसंबर 2025 एडिशन - साल का आखिरी - हाल ही में हुए 42 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के बाद जारी किया गया है, जिसमें फीफा अरब कप कतर 2025 सेंटर स्टेज पर रहा। दोहा, कतर में क्षेत्रीय खिताब जीतने के बाद, मोरक्को (11वां, अपरिवर्तित) अप्रैल 1998 के बाद पहली बार टॉप 10 में जगह बनाने से बस थोड़ा ही पीछे है, जो क्रोएशिया (10वां, अपरिवर्तित) से सिर्फ 0-54 अंकों से पीछे है। क्रोएशिया के साथ, टॉप 10 में शामिल अन्य देश इंग्लैंड (चौथा), ब्राजील (पांचवां), पुर्तगाल (छठा), नीदरलैंड (सातवां), बेल्जियम (आठवां) और जर्मनी (नौवां) अपरिवर्तित रहे। सबसे बड़ी छलांग रैंकिंग में नीचे की ओर लगी, जिसमें सिर्फ तीन टीमों ने एक से ज्यादा स्थान ऊपर चढ़ाई की: जॉर्डन (64वां, 2 स्थान ऊपर), जिसने फीफा अरब कप 2025 में उपविजेता रहने से पहले एटलस लायंस को कड़ी टक्कर दी, वियतनाम (107वां, 3 स्थान ऊपर) और सिंगापुर (148वां, 3 स्थान ऊपर)। कोसोवो (80वां, अपरिवर्तित) 89-02 अंक हासिल करके साल की सबसे बेहतरीन टीम के रूप में उभरी, जो किसी भी अन्य टीम से ज्यादा है, 2025 में 10 मैचों में सात जीत और दो ड्रॉ के अपने शानदार रिकॉर्ड के कारण। कुल मिलाकर, उन्होंने 2025 में साल की सबसे बड़ी 19 स्थानों की छलांग लगाई। अन्य बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में नॉर्वे (29वां, अपरिवर्तित) शामिल है, जिसने 68-70 अंक हासिल किए, और सूरीनाम (123वां, अपरिवर्तित), जो दिसंबर 2024 की रैंकिंग के बाद से 15 स्थान ऊपर चढ़ गया है। पिछले एक साल में बारह अन्य देशों ने भी 10 से 14 स्थान ऊपर चढ़ाई की है। 2025 के आखिर में कॉन्फेडरेशन के हिसाब से टॉप-50 देशों का बंटवारा पिछले साल के आखिर जैसा ही है, जिसमें 26 देश यूईएफए से, सात कॉनमेबोल (1 कम) और काफ से, पांच कोनकाकाफ (1 ज्यादा) और एएफसी से जुड़े हैं, और ओएफसी से कोई भी देश नहीं है।

खेल विशेष

## नोएडा के गोल्फर सुखमन सिंह ने आईजीयू 124वीं एमेच्योर चैंपियनशिप ऑफ इंडिया जीती

**कोलकाता, वार्ता।** नोएडा के गोल्फर सुखमन सिंह ने रविवार को यहां टॉलीगंज क्लब में प्रतिष्ठित आईजीयू 124वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप ऑफ इंडिया जीतकर क्रिसमस का जश्न पहले ही मना लिया। सुखमन ने 36-होल के फाइनल में हरियाणा के हरमन सचदेवा को हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 29 होल के बाद 7अप की अजेय बढ़त बना ली थी। आईजीयू 124वीं एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप ऑफ इंडिया, इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) द्वारा आयोजित दुनिया की सबसे लंबे समय तक चलने वाली एमेच्योर मैचप्ले चैंपियनशिप है। एक बेहतरीन पटर और शानदार लॉन्ग गेम के साथ, सुखमन ने फाइनल की शुरुआत से ही फ्लैग पर अटैक करना जारी रखा। वह छठे होल तक बराबरी पर थे, लेकिन 12 होल के बाद 4अप हो गए और पहले 18 होल के बाद 2 अप पर बने रहे। सुखमन के पिता सिमरजीत सिंह पूर्व इंडिया नंबर 1 एमेच्योर और श्रीलंका एमेच्योर के तीन बार के विजेता होने के साथ-साथ आईजीयू मिड-एमेच्योर चैंपियन भी हैं। हालांकि, हरमन ने 23 होल तक अपनी बढ़त को तीन तक कम कर दिया था, लेकिन उसके बाद सुखमन अपने बेहतरीन फॉर्म में थे और लगातार बर्डी लगाकर 25वें होल तक 6अप हो गए। जब वह 29 होल के बाद 7अप हो गए, तो टूर्नामेंट डायरेक्टर ने उन्हें इवेंट का विजेता घोषित कर दिया क्योंकि उनकी बढ़त अपने प्रतिद्वंद्वी पर अजेय थी। सुखमन ने बाद में कहा कि यह अभी भी एक सपने जैसा लगता है, मुझे खुद को चुटकी लेनी पड़ रही है, हालांकि असल में मैं जीत गया हूं। मैं पूरी ज़िंदगी इसके लिए मेहनत कर रहा था, लेकिन आखिरकार इसे कर पाना, बहुत अच्छा लग रहा है।

## हीरो हॉकी इंडिया लीग के रांची लेग के आज से मिलेंगे मुफ्त टिकट

● हीरो महिला एचआईएल 28 दिसम्बर से 10 जनवरी तक खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी के प्रशंसकों की संख्या में इजाफा करने के मकसद से हॉकी इंडिया ने 28 दिसंबर से रांची में शुरु होने वाली हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 के टिकट मुफ्त देने की घोषणा की हैं। रांची लेग के टिकट आज से टिकट जिनी के वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। हीरो महिला एचआईएल 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक चलेगी जबकि हीरो पुरुष एचआईएल तीन जनवरी को चेन्नई में शुरू होगी और 11 जनवरी से रांची जाएगी और फाइनल लेग हॉकी के गढ़ भुवनेश्वर में 17 जनवरी से 26 जनवरी तक खेला जायेगा। हीरो एचआईएल के रांची लेग के टिकटों की बिक्री आज 1100 बजे शुरू हो गई, जबकि हीरो पुरुष एचआईएल चेन्नई के टिकट बुधवार को 1100 बजे से मिलेंगे। हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि हमने एक बार फिर हॉकी फैंस के लिए चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में सभी मैचों का आनंद लेने के लिए मुफ्त टिकट देने का फैसला किया है। जबकि महिलाओं के मैच रांची में होंगे, पुरुषों की एचआईएल तीन शहरों में खेली जाएगी। हम हॉकी स्टैंड को उन फैंस से भरना चाहते हैं जो अपने पसंदीदा सितारों को एक्शन में देखना चाहते हैं। इस सीजन में हमारे पास दुनिया के कुछ टॉप खिलाड़ी होंगे और हम एक महीने के दौरान कुछ शानदार हॉकी देखने के लिए उत्सुक हैं।

# गिल, अभिषेक व अर्शदीप पंजाब की विजय हजारे ट्रॉफी टीम में शामिल

● भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और 5 टी-20 खेलने है



**नई दिल्ली, वार्ता।** टी 20 विश्व कप टीम से बाहर शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह को पंजाब की 18 सदस्यीय विजय हज़ारे ट्रॉफी टीम में चुना गया है, जो 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

इन तीन भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के अलावा, पंजाब ने पावर-हिटर्स और ऑलराउंडरों का एक मजबूत समूह भी चुना है, जिसमें प्रभसिमरन सिंह, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत बराड़ शामिल हैं। गुरनूर बराड़ और कृष भगत ते गेंदबाज़ी आक्रमण की अगुआई करेंगे। गिल, अभिषेक और अर्शदीप की उपलब्धता कितनी रहेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। भारत को 11 जनवरी से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलने हैं।

इसके बाद 21 जनवरी से पांच टी-20 मैच होंगे। गिल को हाल ही में टी 20 विश्व कप और न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरी के लिए भारत की टीम से बाहर किया गया है। हालांकि वह वनडे टीम के कप्तान हैं, जबकि अभिषेक और अर्शदीप भारतीय टी-20 टीम का नियमित हिस्सा हैं। पिछले सीजन के क्वार्टर फाइनल में हारने वाली पंजाब टीम अपने सभी सात लीग मैच जयपुर में खेलेगी। 2024-25 सत्र में अर्शदीप टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। पंजाब के ग्रुप में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, गोवा और मुंबई जैसी टीमें शामिल हैं। लीग चरण के मुघबले 8 जनवरी को समाप्त होंगे, जो भारत के पहले वनडे से तीन दिन पहले है। पंजाब ने आधिकारिक टीम घोषणा में कप्तान का नाम नहीं बताया है। पंजाब की विजय हज़ारे ट्रॉफी टीम शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, अनमोलप्रीत सिंह, उदय सहारण, नमन धीर, सलील अरोड़ा (विकेटकीपर), सनवीर सिंह, रमनदीप सिंह, जसनप्रीत, गुरनूर, हरप्रीत, रघु शर्मा, कृष भगत, गौरव चौधरी, सुखदीप बाजवा

## शायद मैं एशेज की सही तैयारी नहीं करा पाया: मैकुलम

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि एशेज के लिए उनकी टीम की तैयारियों पर जायज सवाल उठेंगे। सिर्फ़ 11 दिनों के खेल में ही सीरीज गंवाने के बाद, जबकि अभी दो टेस्ट बाकी हैं, उनकी तैयारी अब कड़ी समीक्षा के दायरे में है। एडिलेड में 82 रन की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के 3-0 की अजेय बढ़त लेने के बाद टीएनटी स्पोर्ट्स से बात करते हुए मैकुलम ने माना कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने ष्बल्ले और गेंद दोनों से हमें पछाड़ दिया और फ़ील्डिंग में भी हमें पछाड़ा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के समग्र प्रदर्शन को कई सालों में देखा गया सबसे सटीक कि ज़बरदस्त और निरंतर बताया। इंग्लैंड का इकलौता वॉर्म-अप मैच पर्थ के लाइलैक हिल में एक धीमी पिच पर खेला।

# 2023 वर्ल्ड कप की हार से पूरी तरह टूट गया था: रोहित



● रोहित ने बताया कि यह निराशा उस बड़े व्यक्तिगत निवेश के कारण थी जो उन्होंने 2022 में कप्तानी संभालेने के बाद किया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार के भावनात्मक असर पर बात की है, यह मानते हुए कि इस हार से वह पूरी तरह से टूट गए थे और खेल में अपने भविष्य पर सवाल उठाने लगे थे। मास्टर्स यूनियन कन्वोकेशन 2025 में बोलते हुए, जहां उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रेजुएट होने वाले छात्रों को संबोधित किया, रोहित ने घर पर वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की हार के बाद की स्थिति पर खुलकर बात की। रोहित ने इवेंट के दौरान कहा कि 2023 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद, मैं पूरी तरह से टूट गया था और मुझे लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया था और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ नहीं बचा है। भारतीय कप्तान ने बताया कि यह निराशा उस बड़े व्यक्तिगत निवेश के कारण थी जो उन्होंने 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से किया था, जिसका एकमात्र लक्ष्य था: भारत के लिए वर्ल्ड कप जीतना। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत मुश्किल समय था क्योंकि मैंने उस वर्ल्ड कप में सब कुछ लगा दिया था, न सिर्फ दो या तीन महीने पहले, बल्कि जब से मैंने 2022 में कप्तानी संभाली थी। मेरा एकमात्र लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, चाहे वह टी20 वर्ल्ड कप हो या 2023 वर्ल्ड कप। इसलिए जब ऐसा नहीं हुआ, तो मैं पूरी तरह से टूट गया था। रोहित ने आगे कहा कि भावनात्मक थकावट इतनी ज्यादा थी कि उन्हें मानसिक और शारी. रिक रूप से ठीक होने में महीनों लग गए। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर में कोई एनर्जी नहीं बची थी। मुझे ठीक होने और खुद को वापस लाने में कुछ महीने लग गए। 37 साल के खिलाड़ी ने बताया कि आखिरकार जिस चीज़ ने उन्हें अपनी लय वापस पाने में मदद की, वह थी खुद को खेल के प्रति अपने प्यार की याद दिलाना। रोहित ने कहा कि इसमें थोड़ा समय लगा, और मैं खुद को याद दिलाता रहा कि यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में प्यार है, कि यह मेरे सामने था, और मैं इसे इतनी आसानी से जाने नहीं दे सकता था। धीरे-धीरे, मुझे अपना रास्ता वापस मिल गया, एनर्जी वापस आ गई और मैं मैदान पर फिर से आगे बढ़ने लगा। हालांकि, यह झटका एक टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। रोहित ने उस दौर को ज़िंदगी का एक बड़ा सबक बताया, जिसने उन्हें आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले खुद को रीसेट करने और फिर से फोकस करने में मदद की। उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि ज़िंदगी वहीं खत्म नहीं होती। यह मेरे लिए एक बड़ा सबक था कि निराशा से कैसे निपटना है, खुद को रीसेट करना है और नई शुरुआत करनी है। इस नए फोकस का फायदा मिला, जब भारत ने रोहित की कप्तानी में 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीता, और बारबाडोस में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया।

# टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी करूंगा: सूर्या

**मुंबई, वार्ता।** टी-20 में पिछले कुछ समय से रनों का सूखां होने के बाद पहली बार भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने माना कि उनका फॉर्म अच्छा नहीं है।

हालांकि उन्होंने भरोसा जताया है कि 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में वापसी करेंगे। पिछले एक साल में नंबर 3 और 4 पर खेलते हुए सूर्यकुमार ने 22 पारियों में बिना अर्द्धशतक और सिर्फ 12.84 की औसत एवं 117-87 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उन्होंने 12, 5, 12 और 5 के स्कोर बनाए और अब टी-20 विश्व कप से पहले उनके पास सिर्फ पांच मैच बचे हैं। टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद सूर्यकुमार ने बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में हंसते हुए कहा कि ये वाला पैच थोड़ा लंबा हो गया। मुझे लगता है हर किसी में करियर में उन्हें यह देखने को मिला है। मैं भी इससे उबर कर आऊंगा। मुझे पता है क्या करना है। मुझे पता है चीजें कहां गलत हो रही हैं। मेरे पास इसके ऊपर काम करने के लिए कुछ समय है। अभी न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप आने वाला है। आप सूर्या को वापसी करते हुए जरूर देखेंगे। 2024 टी-20 विश्व कप जीत के बाद रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभालने के बाद से ही सूर्यकुमार का फॉर्म उनका साथ नहीं दे रहा है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में वह सिर्फ एक बार ही 5 का आंकड़ा पार कर सके।

## नेमार के घुटने की सर्जरी होगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेमार सोमवार को अपने बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए कीहोल सर्जरी करवाएंगे। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह दक्षिण-पूर्वी शहर बेलो होरिज़ोंटे के एक अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए दिख रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ब्राजील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार यह प्रोसीजर करेंगे, जिसमें लगभग चार हफ्ते रिकवरी का समय लगने की उम्मीद है। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियन सीजन का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फैसला किया। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व स्टार ने इस साल सभी प्रतियोगिताओं में सैंटोस के लिए सिर्फ़ 28 मैच खेले, जिसमें 11 गोल किए।

## लर्नर टिएन ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

**जेद्दा, वार्ता।** अमेरिकी युवा टेनिस खिलाड़ी लर्नर टिएन ने बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। लर्नर टिएन ने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स जीतने से चूकने के एक साल बाद रविवार को किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए फाइनल मुकाबले में बेल्जियम के अलेक्जेंडर ब्लॉकक्स को 4-3(4), 4-2, 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

**कार्यालय उप प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत**
Phone/Fax 05965 230180/ E-mail:dfo.champawat@rediffmail.com

पत्रांक: 225/4-1 / चम्पावत, दिनांक: 22/12/2025

**नीलाम नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चम्पावत वन प्रभाग के अन्तर्गत निम्न वन पंचायतों में वन पंचायत नियमावली 2005 यथासंशोधित 2012 की धारा 18 (घ) के तहत् पंचायती वनों में वाणिज्यिक बिक्री के माध्यम से संमुपयोज्य वृक्षों के विदोहन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है। उक्त नियमावली के तहत इन वृक्षों एवं अन्य वन उपज के नीलाम एवं बिक्री की कार्यवाही सहायक वन संरक्षक / उप प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत द्वारा दिनांक 06.01.2026 को की जानी प्रस्तावित है। इच्छुक क्रेता उक्त तिथि को उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय, चम्पावत के उपरोक्त पते पर प्रात 11:30 बजे उपस्थित होकर सार्वजनिक नीलाम में भाग ले सकते हैं। नीलाम का विवरण एवं अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के उपरोक्त पते से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम की जाने वाली वन उपज का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र0सं0 | रेंज का नाम | वन पंचायत का नाम | नीलामी हेतु वन उपज का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | भिगराडा | वन पंचायत मेलाचौक | चीड़ सूखे, खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |
| 2 | भिगराडा | वन पंचायत रमक | चीड़ सूखे, खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |
| 3 | भिगराडा | वन पचायत घुरचुम | चीड़ सूखे, खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |
| 4 | चम्पावत | वन पंचायत बसौटीमाफी | चीड़ सूखे, खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |
| 5 | चम्पावत | वन पंचायत बस्टिया-मझेडा | चीड़ सूखे, खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |
| 6 | चम्पावत | वन पंचायत द्यूरी | खैर, हल्दू व तुन के सूखे खड़े, गिरे एवं पड़े वृक्षों की नीलामी |

उप प्रभागीय वनाधिकारी
चम्पावत।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई0 ज्योलीकोट (नैनीताल)**
Email ID :- eepmgsyjeyolikot@rediffimail.com/ntl.pmgsy@gmail.com
दूरभाष नं0 / फैक्स नं0 :- 05942-224034

पत्रांक: 168/स0अ0/विविदा/2025-26 दिनांक: 22/12/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय की अल्पकालीन निविदा सूचना पत्रांक 161/निविदा/2025-26/दिनांक 15.12.2025 में क्र0सं0 4 में कार्य की लागत लाख रू0 में 7.82 के स्थान पर 8.97 पढ़ा जाये। शेष शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

सहायक अभियन्ता
सिं0ख0, पी0एम0जी0एस0वाई0
ज्योलीकोट (नैनीताल)

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल।**

पत्रांक: 2970 /निविदा / 27 दिनांक-22/12/25

**:निविदा सूचना:**

एतद्वारा मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें निम्न तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे शाखा कार्यालय में स्थापित टैण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधियों के द्वारा खोली जायेंगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदायें बेची, प्राप्त व खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | योजना/कार्य का सक्षप्त विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST | निविदा बिक्री की तिथि | निविदा प्राप्त करने एवं खुलने की तिथि | कार्य पूर्ण अवधि | ठेकेदार / फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड धारी के पम्पिंग पेयजल योजनाओं के लिए विभिन्न क्षमता वाले स्टार्टर की आपूर्ति का कार्य। | 11700.00 | 1000.00+GST | 24.12.2025 से 08.01.2026 | 09.01.2026 | एक माह | 'डी' एवं उच्चतर |
| 2 | भवाली नगरीय पम्पिंग पेयजल योजना के श्यामखेत पम्प हाउस में नये पम्प सेट की आपूर्ति का कार्य। | 6800.00 | 500.00+GST | 24.12.2025 से 08.01.2026 | 09.01.2026 | एक माह | 'डी' एवं उच्चतर |
| 3 | चिल्र्डन पार्क स्थित पम्पगृह में अधिशासी अभियन्ता के आवास का नव निर्माण कार्य। | 48100.00 | 2000.00+GST | 24.12.2025 से 08.01.2026 | 09.01.2026 | एक माह | 'डी' एवं उच्चतर |
| 4 | राजकीय आश्रम पद्यति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेतालघाट में हैण्डपम्प में सोलर सबमर्सिबल पम्प बैकल्पिक व्यवस्था कार्य। | 13100.00 | 1000.00+GST | 24.12.2025 से 08.01.2026 | 09.01.2026 | एक माह | 'डी' एवं उच्चतर |

**नियम शर्ते :**
1. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल से उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कय किये जा सकते हैं।
2. डाक द्वारा निविदा मंगाने पर 100.00 मात्र अतिरिक्त देय होगा। डाक द्वारा बिलम्ब से निविदा प्रपत्र पहुँचने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
3. ठेकेदार/फर्म का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. इच्छुक फर्म द्वारा पेयजल योजना में किये जाने वो कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता / सहायक अभियन्ता से सत्यापित कर/प्रमाणित कर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। निविदा में सहायक अभियन्ता द्वारा सत्यापित प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में सम्बन्धित फर्म की तकनीकी निविदा को पूर्ण नहीं माना जायेगा।
5. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेंगी।

(रमेश सिंह गर्ब्याल)
अधिशासी अभियन्ता

### भारत विकास परिषद अविरल गंगा शाखा ने

# स्कूली बच्चों को बांटे बैग व गिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद अविरल गंगा शाखा ने म्यूनिसिपल स्कूल नं. 3 में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी, लंच बॉक्स, गर्म टोपी, दस्ताने, मोजे, कहानियों की किताबें, नहाने का साबुन, खाने-पीने का सामान जैसे बिस्किट और समोसे वितरित किए गए।

इसके साथ ही, स्कूल को दो कैरम बोर्ड भी प्रदान किए गए, ताकि बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास हो सके। इसके अलावा, 20 प्रेरक कहानियाँ और धार्मिक पुस्तकें भी बच्चों को भेंट की गईं। ताकि वे इन पुस्तकों के माध्यम से देश के महान चरित्रों के बारे में जान सकें और अपने जीवन को प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने शाखा के सदस्यों के



साथ वंदे मातरम गीत गाया और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्कूल प्रबंधन ने इस सहायता के लिए भारत विकास परिषद अविरल गंगा शाखा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शाखा समय-समय पर विद्यालय में आकर बच्चों को प्रेरित करती है और हर संभव सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संस्कारित और समर्थ बनाना है, जो कि भारत विकास परिषद का प्रमुख मिशन है। इस कार्यक्रम में डॉ. सत्येंद्र मित्तल, अध्यक्ष शिवचरण पुंडीर, नीरज मित्तल, डॉ. संगीता, उर्मिल, सुगंध जैन, प्रीति अग्रवाल, नीता, अनुपमा, राधेश्याम, रमा,नंद किशोर, संजय शर्मा, ममता, नीलम मधोक, दिनेश सैनी, भारत, मधु, सन्नी मित्तल, नंदिता, मोनिका, ऋषि, रौनक समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# खेत में काम कर रहे किसान पर गुलदार का हमला, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के रांघड़वाला में सोमवार सुबह खेत में ट्रैक्टर चलाते समय एक युवक पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह खेत में ट्रैक्टर चलाते समय एक युवक पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। सन्नी निवासी रांघड़वाला सोमवार सुबह अपने ट्रैक्टर से खेत में जुताई कर रहा था। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार के हमले से किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं। पशुओं के लिए चारा लेने में भी ग्रामीणों को भय सता रहा है। गुलदार के हमले की सूचना मिलते ही पूरे गांव में डर फैल गया।नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी और ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।वहीं वन विभाग के खानपुर रेंज के रेंजर मोहन रावत का कहना है कि घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया है।क्षेत्र में गस्त बढ़ा दी गई है।ग्रामीण वन विभाग को पत्र देंगे तो पिंजरा लगाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने बताया कि पिंजरा लगाने के लिए वन विभाग को पत्र भेजा जा रहा है।

## पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ जिला पूर्णिया बिहार निवासी एक व्यक्ति को तलाश कर उसके परियों से मिलवाया है। परिजनो द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 17 दिसंबर 2025 को पप्पू मंडल पुत्र स्वर्गीय चमन लाल मंडल उम्र 37 वर्ष जिला पूर्णिया बिहार अपने घर से बिना बताए निकल गए थे परिजनों द्वारा थाना रघुवंश नगर जिला पूर्णिया बिहार में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी गुमशुदा व्यक्ति मानसिक रूप से कुछ कमजोर बताया गया था। 19 दिसंबर 2025 को लक्सर पुलिस द्वारा एक अनजान व्यक्ति को लक्सर क्षेत्र में घूमते हुए पाया गया पूछताछ करने पर वह व्यक्ति संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया रहा था प्यार से पूछताछ एवं प्रयासों के पश्चात थाना तरफ से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की गई जिससे उक्त व्यक्ति की पहचान पप्पू मंडल पुत्र स्वर्गीय चमक लाल मंडल निवासी ग्राम नाथपुर रंगरा थाना रघुवंश नगर के रूप में हुई जो 17 दिसंबर 2025 को घर से गुमशुदा हो गया था पुलिस के द्वारा 22 दिसंबर 2025 को गुमशुदा व्यक्ति को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजनो द्वारा हरिद्वार पुलिस एवं लक्सर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए सेल्यूट किया गया।

## पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओं को सत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 22 दिसंबर 2025 को एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम संजय पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम महाराजपुर कला थाना लक्सर बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल अमित नौटियाल कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सहायक एनसीसी अधिकारियों को मिला प्रमोशन

### कैडेट्स को दिए जाने वाले वर्दी, भत्ते की धनराशि, कैंप, फायरिंग आदि पर विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की में कर्नल अमन कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में सहयोगी एनसीसी अधिकारी सम्मेलन आहूत किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स को दिए जाने वाले वर्दी भत्ते की धनराशि, कैंप, फायरिंग व निकट भविष्य में आयोजित किए जाने वाले प्रमाण पत्र परीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार सहयोगी एनसीसी अधिकारी सम्मेलन में 38 विद्यालयों के अधिकारियों व केयरटेकरो ने प्रतिभाग किया व विद्यालयों में चल रहे एनसीसी गतिविधियों पर अपनी रिपोर्ट साझा की । आज आयोजित किए गए सम्मेलन में नेशनल कन्या इंटर कॉलेज, खानपुर के कनिष्ठ स्कंध सहयोगी एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर (डॉ) पारस कुमार व आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर, रुड़की के सेकंड ऑफिसर नीरज नौटियाल को पदोन्नति देकर फर्स्ट ऑफिसर पद्दोन्त किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में वाहिनी के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिनके द्वारा आए हुए अतिथियों को महानिदेशक एनसीसी, नई दिल्ली द्वारा डीबीटी के माध्यम से कैडेट्स के खाते में स्थानांतरित किए जाने वो वर्दी भत्ते के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई व



इस कार्य को तीव्रता से करने हेतु निवेदन किया गया । इस सम्मेलन में वरिष्ठ स्कंध से मेजर (डॉ) गौतम वीर, सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार सुनील कुमार, कैप्टन सुशील कुमार आर्य, कैप्टन आलोक कंडवाल, कैप्टन अजय कौशिक, विशाल शर्मा, रविंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, लेफ्टिनेंट (डॉ) अपर्णा शर्मा, विक्रांत कौशिक व कनिष्ठ स्कंध से फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा, आलोक भूषण, सुशील कुमार, रेणु देवी, शिवानी प्रकेश आदि उपस्थित रहे।

# त्यागी समाज की बैठक, 30 दिसंबर को होगा भूमि का बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी समाज चौरिटेबल ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन त्यागी की अध्यक्षता में महासचिव विकास त्यागी के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव विकास त्यागी द्वारा किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के विस्तार और रुड़की में त्यागी भवन निर्माण को लेकर गंभीर चर्चा हुई और कई अहम निर्णय लिए गए।

भवन निर्माण हेतु धन संग्रह पर जोर: बैठक में वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट राजवीर त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रस्ट के पंजीकरण को तीन वर्ष बीत चुके हैं। अब भवन निर्माण कार्य में तेजी लाना अनिवार्य है। जिला पंचायत सदस्य अरुण त्यागी और गन्ना अध्यक्ष अनिल त्यागी ने प्रस्ताव रखा कि सभी सदस्यों को समाज के अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर धन की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से शुरू हो सके। रुड़की समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी, एडवोकेट बृजेश त्यागी और श्याम कुमार त्यागी ने सुझाव दिया कि प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम एक या दो नए सदस्यों को ट्रस्ट से जोड़े। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस जिम्मेदारी को सहर्ष स्वीकार किया। पुरानी कार्यकारिणी पर पुन: जताया भरोसा बैठक में शिवकुमार त्यागी, एडवोकेट नरोत्तम त्यागी और प्रतोष त्यागी द्वारा ट्रस्ट के तीन वर्ष पूर्ण होने पर पुनर्गठन का प्रस्ताव



रखा गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से और हाथ उठाकर पुरानी कार्यकारिणी के कार्यकाल को ही आगे बढ़ाने का समर्थन किया। अध्यक्ष की घोषणा: ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन त्यागी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि आगामी 30 दिसंबर को त्यागी भवन हेतु शेष बची हुई भूमि का बैनामा ट्रस्ट के पक्ष में कर दिया जाएगा। इसके साथ ही, बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विधि-विधान के साथ भूमि पूजन का कार्य संपन्न होगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सूबेदार सुशील त्यागी, एडवोकेट अविशेष त्यागी, अनिल त्यागी फलोदा, सहदेव त्यागी, सुबोध त्यागी, पुनीत त्यागी, अमित त्यागी, अनिरुद्ध त्यागी, श्याम कुमार त्यागी, कोषाध्यक्ष बृजेश फौजी, एडवोकेट बृजेश, अनुराग त्यागी, विनोद त्यागी, प्रमोद त्यागी, श्याम कुमार त्यागी, अश्वनी त्यागी, अमरेश त्यागी, अरुण त्यागी, विनय त्यागी, राजवीर त्यागी सहित ट्रस्ट के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# लंढौरा नपं में सफाई आयोग के सदस्य ने सुनी कर्मचारियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप ने लंढौरा नगर पंचायत में सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनी। इस दौरान कुछ सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनके ईएसआई कार्ड ना बनने से इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सोमवार को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप ने लंढौरा नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर सफाई कर्मियों की समस्या सुनी। इस दौरान कुछ सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वह ठेकेदार के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उनके ईएसआई कार्ड नहीं बनाया गया है। इसी कारण उन्हें दुर्घटना या बीमारी होने पर इस का लाभ



नहीं मिल पाता है। इस राज्य कर्मचारी आयोग के सदस्य ने नाराजगी जाहिर करते हुए ईओ को इस समस्या के निराकरण करने के लिए कहा। ईओ हेमंत गुप्ता ने बताया कि जिन लोगों के कार्ड नहीं बने है उन्हें एक सप्ताह के अंदर कागजात जमा करने के लिए कहा गया है। इसके बाद सभी सफाई कर्मचारियों के एएसआई कार्ड बनवाया जाएगा। इस मौके पर कानूनगो ओमप्रकाश, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।

## नारसन सीएचसी में स्टाफ की कमी से मरीज परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारसन में स्टाफ की कमीर से मरीज परेशान है। अस्पताल में 43 स्वीकृत पदों के सापेक्ष 25 पद खाली होने से मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल से मिले आंकड़ों के अनुसार, नारसन सीएचसी में कुल 43 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 18 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों के लगभग सभी पद रिक्त पड़े हैं। इनमें फिजिशियन, सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट और एनेस्थीसिया जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों के एक भी पद पर डॉक्टर नियुक्त नहीं है। इस कारण गंभीर बीमारियों, प्रसव व अन्य बीमारी होने पर मरीजों को रुड़की सिविल अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। साथ ही अस्पताल में तकनीकी और सहायक स्टाफ का भी अभाव होने से एक्स-रे और अन्य जांच सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा तो करती है लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट है।

## खानपुर क्षेत्र के अंबुज वर्मा बने आईईएस

### भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में प्राप्त की ऑल इंडिया 63वीं रैंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के भारूवाला गांव निवासी अंबुज वर्मा ने भारतीय इंजीनियरिंग सेवा (आईईएस) परीक्षा में ऑल इंडिया 63वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अंबुज वर्मा के पिता चरण सिंह उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर तैनात हैं जबकि उनकी माता सुनीता वर्मा गृहणी हैं। परिवार में उनकी एक बड़ी बहन आयुषी वर्मा हैं, जिन्होंने एमटेक किया है और उनका विवाह हो चुका है। चरण सिंह ने बताया कि अंबुज की प्रारंभिक शिक्षा कक्षा एक से आठ तक डीडीपीएस बिजनौर से हुई। इसके बाद कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई उन्होंने डीपीएस बुलंदशहर से पूरी की। आगे चलकर अंबुज ने आईआईटी दिल्ली से बीटेक किया। उनका कैंपस प्लेसमेंट जैगुआर लैंड रोवर, बंगलूरू में हुआ। हालांकि उनके मन में यूपीएससी के माध्यम से देश सेवा करने का लक्ष्य था। इसी उद्देश्य से उन्होंने नौकरी से इस्तीफा देकर भारतीय इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। यह अंबुज वर्मा का दूसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग सेवा के तहत ऑल इंडिया 63वीं रैंक हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

## शांति भंग में एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को कोतवाली सिविल लाइन रुड़की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार गौरव शुक्ला पुत्र ऋषि कुमार निवासी अरोड़ा कॉलोनी सोलानीपुरम थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की उम्र 22 वर्ष द्वारा अपने भाई व परिजनों के साथ अपने घर पर गाली गलौच ओर मारपीट कर शांति भंग करने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया उपरोक्त नहीं मानने पर गिरफ्तार कर लिया।

## अवैध शराब के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 21 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर भीकमपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम लोकेश उर्फ पुन्ना पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम भोगपुर थाना लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह कांस्टेबल रघुनाथ अमित रावत शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### इमलीखेड़ा नगर पंचायत में रजत जयंती पार्क के

# निर्माण कार्य क चेयरमैन व ईओ ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा नगर पंचायत के वार्ड 9 में सोमवार को रजत जयंती पार्क का शिलान्यास हवन पूजन के बाद किया गया। इसके बाद इमलीखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी और अधिशासी अधिकारी (ईओ) मंजू चौहान ने सभासदों की मौजूदगी में फीता काटकर पार्क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

**❖करीब 55 लाख से विकसित होने पार्क में नगरवासियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध**

जानकारी के अनुसार करीब 55 लाख रुपये की लागत से विकसित होने वाले इस पार्क में नगरवासियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने बताया कि पार्क में ओपन जिम, बच्चों के लिए झूले, फव्वारा, बैठने के लिए कुर्सियां, हरित फुलवारी, बिजली-पानी की व्यवस्था, कैंटीन सहित मनोरंजन के अन्य साधन विकसित किए जाएंगे। इससे क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य, खेल और मनोरंजन के बेहतर विकल्प मिल सकेंगे।ईओ मंजू चौहान ने कहा कि



रजत जयंती पार्क का निर्माण नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को लाभ मिलेगा। उन्होंने नगरवासियों से पार्क की स्वच्छता और रखरखाव में सहयोग करने की अपील भी की।कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज सैनी, ईओ मंजू चौहान के अलावा सभासद पवन रोड, रोशन लाल, अभिषेक कुमार, सचिन पाल, मेहरबान, शिव कुमार , अजय कुमार, धर्मवीर नगरवासी मौजूद रहें।

# ऑपरेशन कालनेमी : 6 बहुरूपिये बाबा पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अन्तर्गत 06 बहरुपी बाबा भेष धारियों को अन्तर्गत धारा 172 बी0एन0एस0एस मे किया गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमन्त्री उत्तराखण्ड़ द्वारा जारी ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अन्तर्गत श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार महोदय के आदेशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय हरिद्वार एवं श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रुड़की हरिद्वार महोदय की पर्यवेक्षण में श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय कोतवाली रुडकी हरिद्वार के कुशल नेत्तृव में कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा दिनांक 21.12.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत दौराने चौकिंग 06 बहरुपी बाबा जो बाबाओं के भेष मे भीख मांगने के नाम से लोगों से अधिक धनराशि लेकर अपने जीवनयापिका चलाते हैं इन बेहरुपी बाबाओं के उक्त कृत्य से स्थानीय लोगो एवं यात्रियो के भडकने/उग्र होने की सम्भावना के दृष्टिगत थाना कोतवाली रुडकी की पुलिस टीम द्वारा कोतवाली रुडकी क्षेत्र से 06 बेहरुपी बाबाओं को अन्तर्गत धारा 172(2) बी0एन0एस0एस के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बाबाओ के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। 172 में गिरफ्तार बहरूपिये बाबाओ का विवरण-1. नरेश पुत्र मंगलू निवासी बड़ी नारसन थाना मंगलौर उम्र 52 वर्ष 2.तेलूराम पुत्र दिशोंदी निवासी टोडा खटका कोतवाली सिविल लाइन



रुड़की उम्र 68 वर्ष 3.पप्पू पुत्र रज्जाक निवासी ग्राम लालपुर थाना बाबूगढ़ तहसील हापुड जिला हापुड उत्तर प्रदेश उम्र 55 वर्ष 4.फारूक पुत्र अतीक निवासी कलालमपुरा बादशाह मस्जिद वाली गली थाना जनकपुरी सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 66 वर्ष 5.मांगेराम पुत्र स्वराज सिंह निवासी तुगलपुर कमेड़ा थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश उम्र 55 वर्ष 6.मेहरबान सिंह पुत्र गंगाराम निवासी मोहल्ला बजरंग नगर थाना चंदन नगर जिला इंदौर मध्य प्रदेश उम्र 65 वर्ष है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 23 दिसम्बर 2025

# राजनीतिक तमाशा

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को खत्म करने से गांवों में रहने वाले करोड़ों लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। मनरेगा खत्म होना सामूहिक नाकामी है। इसके खिलाफ सभी से एकजुट होना चाहिए। सोनिया गांधी ने 22 दिसम्बर को एक अंग्रेजी में प्रकाशित अपने कॉलम द बुलडोजर डिमालिश ऑफ मनरेगा में यह बात कही। उनका कालम तब आया है, जब राष्ट्रपति मुर्मू विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम बिल को मंजूरी दे चुकी हैं, जो मनरेगा की जगह लेगा। इस नए कानून में ग्रामीण मजदूरों को 125 दिन काम देने की गारंटी दी गई है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के सवालों के बीच गहन चिंतन का मुद्दा है कि संसद का यह शीतकालीन सत्र, जिसमें 15 बैठकें हुईं, महत्वपूर्ण और विवादास्पद विधायी कामकाज के साथ-साथ, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राजनीतिक तमाशे का साक्षी बना। दस विधेयक पेश किए गए और आठ दोनों सदनों से पारित हुए। संसदीय मंजूरी हासिल करने वाले उल्लेखनीय विधेयकों में दर्जनों अप्रचलित कानूनों को खत्म या संशोधित करने वाला विधेयक( बीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला विधेयक( आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व घटाकर नाभिकीय शक्ति में निजी क्षेत्र का निवेश सुगम बनाने वाला विधेयक और सबसे अहम, साल 2005 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए अग्रणी कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े बदलाव शामिल हैं। कई विधेयकों के नामों ने, जो हिंदी में थे, गैर-हिंदी क्षेत्रों के सांसदों के बीच एक बेचौनी पैदा की। उन्होंने उन संवैधानिक प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जो कानूनों का मसौदा अंग्रेजी में तैयार किया जाना, साथ ही जरूरत के मुता. बिक अनुवाद मुहैया कराना जरूरी बनाते हैं। बीमा विधेयक का नाम है 'सबका बीमा सबकी रक्षा', जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक को 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या 'वीबी-जी राम जी' नाम दिया गया है, जो 21 दिसम्बर को राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम बन गया। वंदे मातरम् पर चर्चा में, सदस्यों ने लोकसभा में 65 प्रतिभागियों के साथ 11 घंटे बिताए और राज्यसभा में, 81 प्रतिभागियों के साथ, तकरीबन 13 घंटे बिताए। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों की देशभक्ति पर सवालिया निशान लगाने के एक और मौके की तरह करने के बजाय, संसद इस गीत को याद करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर सकती थी। चुनाव सुधारों पर गर्मागर्म बहस लोकसभा में 62 वक्ताओं के साथ तकरीबन 13 घंटे चली और राज्यसभा में 57 वक्ताओं के साथ तकरीबन 11 घंटे चली। भारतीय चुनावों में विश्वसनीयता के संकट से निपटने के लिए, यह पार्टी लाइनों से परे जाकर खुले मन से चर्चा का मौका था, लेकिन इसे भी गंवा दिया गया। चुनावों की विश्वसनीयता के सवालों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पूर्वाग्रही रवैयों से भारत के संसदीय लोकतंत्र का भला नहीं हो रहा है।

## बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें



पटना में एक डाक्टर को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उसका हिजाब खींचने की घटना की पूरी देश-दुनिया में थू-थू हो रही है, आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर चुप्पी साध लीं है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले ही पढ़ी लिखी बेटी का हिजाब खींचते हैं, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए, जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो उसे कौन से कपड़े पहनने चाहिए, पीएम मोदी को इस पर चुप्पी साधने की बजाय बताना चाहिए कि बेटियां क्या पहनकर बाहर निकलें, बेटियां छोटे कपड़े पहनें तो दिक्कत, हिजाब पहनें, तो दिक्कत, लेकिन असल में दिक्कत बेटियां नहीं, दिक्कत खुद आप हैं, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा अच्छा है, लेकिन जब बेटी पढ़ लिख कर बाहर निकले, तो वह क्या कपड़े पहने हैं, टाइट कपड़े पहने थे, तो गलती उसकी थी, अब कहा जा रहा है, उसने हिजाब पहना था, गलती उसकी है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रोजगार के लिए गारंटी मिशन

राष्ट्रपति ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबीजीरामजी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को अपनी स्वीकृति प्रदान की। अधि. नियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है। इससे पूर्व, संसद ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विधेयक, 2025 पारित किया था, जिसने भारत के ग्रामीण रोजगार और विकास ढांचे में एक निर्णायक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) को प्रतिस्थापित करते हुए आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक वैधानिक ढांचा प्रदान करता है, जो विकसित भारत/2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप है। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और परिपूर्णता (सेचुरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मजदूरी रोजगार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है।



### अधिनियम की प्रमुख विशेषताएं

### रोजगार की वैधानिक गारंटी में वृद्धि

यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। (धारा 5 (1) पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है।

### कृषि और ग्रामीण श्रम के बीच संतुलित प्रावधान

बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोजगार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है।

### समय पर मजदूरी भुगतान

यह अधिनियम मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है (धारा 5 (3), निर्धारित अवधि से अधिक विलंब होने की स्थिति में, अनुसूची-II में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विलंब मुआवजा देय होगा, जिससे मजदूरी सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है और श्रमिकों को विलंब से संरक्षण प्रदान किया जाता है।

### टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार

इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी रोजगार को चार प्राथमिक विषयगत क्षेत्रों में टिकाऊ सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के सृजन के साथ स्पष्ट रूप से जोड़ा गया है (धारा 4 (2), अनुसूची-I के साथ पठित)। सभी कार्य बॉटम-अप एप्रोच यानि गांव स्तर से प्रस्तावित किए जाते हैं तथा सृजित सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाता है, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का कंवर्जेंस, विखंडन से बचाव और स्थानीय जरूरत के अनुसार आवश्यक ग्रामीण अवसंरचना के निर्माण सेचूरेशन लक्ष्य के आधार पर परिणाम-आधारित योजना सुनिश्चित हो सके।

### राष्ट्रीय स्तर पर अभिसरण के साथ विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण

सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेंस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है। यह एकीकृत योजना निर्माण का फ्रेमवर्क, मंत्रालयों और विभागों को कार्यों की अधिक प्रभावी योजना बनाने और क्रियान्वयन करने में सक्षम बनाएगा, दोहराव से बचाव और सार्वजनिक संसाधनों की अपव्यय रोकने में सहायक होगा, तथा सेचूरेशन-आधारित परिणामों के माध्यम से विकास की गति को तेज करेगा।

### सुधारित वित्तीय संरचना

यह अधिनियम एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा, जिसे राज्यों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित और क्रियान्वित किया जाएगा। व्यय-साझेदारी का पैटर्न केंद्र और राज्यों के बीच 60:40, पूर्वोत्तर एवं हिमालई राज्यों के लिए 90:10 तथा विधानसभारहित केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्तपोषण का है। निधि राज्यवार मानकीकृत आवंटनों के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जो नियमों में निर्दिष्ट वस्तुनिष्ठ मानकों पर आधारित होगी (धाराएं 4 (5) एवं 22 (4), जिससे पूर्वानुमेयता, वित्तीय अनुशासन और सुदृढ़ योजना निर्माण सुनिश्चित होगा, साथ ही रोजगार तथा बेरोजगारी भत्ते से संबंधित वैधानिक अधिक. ारों का पूर्ण संरक्षण बना रहता है।

### प्रशासनिक क्षमता की सुदृढ़ता

प्रशासनिक व्यय की अधिकतम सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे बेहतर मानव संसाधन उपलब्धता, प्रशिक्षण, तकनीकी क्षमता तथा मैदानी स्तर पर सहायता सुदृढ़ होती है और संस्थानों की परिणामों को प्रभावी रूप से प्रदान करने की क्षमता मजबूत होती है। विकसित भारत-रोजगार और आजी. विका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम, 2025, विकसित भारत/2047 के विजन के अनुरूप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेंस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोजगार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

### रोजगार की गारंटी और रोजगार की मांग का अधिकार

यह अधिनियम रोजगार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत, धारा 5 (1) सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गई यह वृद्धि, सुदृढ़ की गई जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मजबूत करती है।

-ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार

# अस्तित्व का अंतहीन तर्क, स्वयंभू कायनात का सृष्टा क्यों नहीं



**शाहिद मिर्ज़ा**


इंसानी सभ्यता के इतिहास में ईश्वर का अस्तित्व हमेशा से सबसे बड़ी बहस का केंद्र रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में आधुनिकता और कथित प्रगतिशीलता की आड़ में इस बहस का स्तर निहायत ही सतही और अतार्किक होता जा रहा है। बीते 20 दिसम्बर को द लल्लनटॉप के मंच पर हुई एक चर्चा के दौरान मशहूर लेखक जावेद अख्तर और मुफ्ती शमाइल नदवी के बीच का संवाद आज सोशल मीडिया और वैचारिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस डिबेट में जावेद अख्तर ने एक बार फिर नास्तिकता का पुराना राग अलापते हुए ईश्वर के वजूद को सिरे से नकार दिया और तर्क दिया कि इंसान ने खुदा को बनाया है। वहीं मुफ्ती शमाइल नदवी ने अपने नजरिए से इसका जवाब देने की कोशिश की, लेकिन इस पूरी बहस ने एक ऐसे बुनियादी सवाल को जन्म दे दिया है जिसे अक्सर अनसुना कर दिया जाता है।

### तर्क का दोहरा मापदंड

आस्तिक और नास्तिक के बीच तर्क की कसौटी पर देखा जाए तो एक बहुत ही मामूली सा फर्क महसूस होता है। आस्तिक जहां पूरी सृष्टि की शुरुआत को सुपर पॉवर से जोड़ते हैं, वहीं नास्तिक सृष्टि की रचना से इसको जोड़कर देखते हैं। जावेद अख्तर और उनके जैसे तमाम नास्तिक विचारकों का सबसे बड़ा दावा यह होता है कि यह असीम कायनात (ब्रह्मांड) किसी सुपरपावर ने नहीं बनाई, बल्कि यह खुद-ब-खुद वजूद में आई है। वे वैज्ञानिक थ्योरीज का सहारा लेकर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि जीवन और ब्रह्मांड एक आकस्मिक घटना है। अब यहां मेरा एक सीधा और बुनियादी सवाल खड़ा होता है यदि यह अनंत और अविश्वसनीय रूप से जटिल कायनात बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद-ब-खुद वजूद में आ सकती है, तो वह अल्लाह, खुदा या परमेश्वर खुद-ब-खुद वजूद में क्यों नहीं आ सकता? यह खुद ब खुद खुदा ईश्वर गॉड के वजूद में आने को लेकर क्यों स्वीकार नहीं हो सकती?

### कायनात बनाम क्रिएटर

यह कितनी अजीब विडंबना है कि जो लोग यह मानते हैं कि खरबों आकाशगंगाएं और मानव शरीर की अद्भुत संरचना बिना किसी प्लानिंग के अचानक शून्य से प्रकट हो गई, वहीं लोग उस



चेतन सत्ता (Conscious Intelligence) के वजूद को मानने में वैज्ञानिक साक्ष्य मांगते हैं। यदि हम विज्ञान के कारण और प्रभाव (Cause and Effect) के नियम को ही आधार मानें, तो बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। अगर ब्रह्मांड एक प्रभाव है, तो उसका एक महा-कारण (First Cause) होना अनिवार्य है। नास्तिकों की समस्या यह है कि वे प्रकृति को तो स्वयंभू मान लेते हैं, लेकिन प्रकृति के रचयिता को यह दर्जा देने से इनकार करते हैं। आखिर यह दोहरा पैमाना क्यों?

### शमाइल नदवी और जावेद अख्तर की बहस का सार

लल्लनटॉप की डिबेट में जिस तरह से जावेद अख्तर ने मुफ्ती शमाइल नदवी के सामने अपनी दलीलें रखीं, वह बौद्धिक चालाकी तो हो सकती है, लेकिन तार्किक सत्य नहीं। यदि प्रकृति को स्वयंभू माना जा सकता है, तो उस प्रकृति को पैदा करने वाली हस्ती को स्वयंभू मानने में क्या आपत्ति है? विज्ञान आज भी उस मकाम पर खामोश है जहां यह पूछा जाता है कि कुछ नहीं से सब कुछ कैसे बना। वहां आकर बड़े से बड़े तर्कशास्त्री मौन हो जाते हैं। क्या हम इतने अंधे हो चुके हैं कि हमें बेहतरीन पेंटिंग तो नजर आती है, लेकिन उसे बनाने वाले कलाकार के हाथ दिखाई नहीं देते?

### निष्कर्ष

सच तो यह है कि ईश्वर को नकारना आज एक बौद्धिक फैशन बन गया है। बिना किसी इरादे (Will) और बिना कुन कहो कि हो जा के एक कतरा भी वजूद में नहीं आता। जो लोग कायनात को स्वयंभू मानकर ईश्वर से साक्ष्य मांगते हैं, उन्हें अपने ही तर्क के आईने में झांकना चाहिए। अगर यह दुनिया खुद बन सकती है, तो इसे बनाने वाला भी खुद-ब-खुद वजूद में हो सकता है। मुफ्ती शमाइल नदवी और जावेद अख्तर जैसे लोगों की बहसें अपनी जगह हैं, लेकिन असलियत केवल इतनी है कि उसकी कारीगरी हर तरफ मौजूद है, बस देखने के लिए अक्ल के साथ-साथ सच्चाई को स्वीकार करने का साहस चाहिए। आखिर कहां से आते हैं ये लोग जो अपनी सुविधा के अनुसार सत्य को परिभाषित करते हैं?


(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कहीं सियासत में गच्चा तो नहीं खा गए थे चौ. चरण सिंह

चौधरी चरण सिंह की राजनीति को आज जब पीछे मुड़कर देखा जाता है, तो एक सवाल लगातार कचोटता है क्या वे सियासत की चालों में गच्चा खा गए थे? यह सवाल यूं ही नहीं उठता। यह उस ऐतिहासिक विडंबना से जन्म लेता है, जहां एक गांधीवादी, किसान पक्षधर और जातिवाद-विरोधी नेता अपने ही समय में पराजित दिखता है और उसके विचारों के ठीक उलट शक्तियां आज भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी हैं।

चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस से अलग होना कोई तात्कालिक राजनीतिक निर्णय नहीं था। यह एक वैचारिक विच्छेद था। उनका मानना था कि कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की नैतिक पूंजी को छोड़कर सामंती सोच और पूंजीवादी झुकाव की ओर बढ़ रही है। वे बार-बार कहते रहे कि यदि भारत को वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ना है, तो जातिवाद को जन्म से अलग करना होगा। उनके लिए जाति सामाजिक अन्याय की जड़ थी, विकास की सबसे बड़ी बाधा थी। उन्होंने यह प्रश्न जवाहरलाल नेहरू के सामने भी रखा, लेकिन यह प्रश्न सत्ता के गलियारों में अनसुना रह गया। इसका अर्थ यही था कि कांग्रेस ब्राह्मणवादी सामाजिक ढांचे से टकराने का साहस नहीं जुटा पा रही थी। चौ. चरण सिंह का गांधीवाद किसी प्रतीकात्मक राजनीति तक सीमित नहीं था। उनके विचारों में ग्राम स्वराज, कुटीर उद्योग, सहकारिता, छोटे किसानों की प्राथमिकता और स्थानीय संसाधनों पर समुदाय का अधिकार केंद्रीय तत्व थे। वे मानते थे कि विकास का पैमाना बदले बिना भारत में गरीबी का उन्मूलन संभव नहीं है। उनका स्पष्ट कहना था कि अमीरों को संरक्षण देकर गरीबी हटाने की बात करना बौद्धिक हास्य है। उनका प्रसिद्ध तर्क था कि यदि नीचे से भरना शुरू किया जाए तो ऊपर वाला स्वयं जीवित रहेगा, लेकिन यदि नीचे वाले को इंतजार में रखा गया तो वह इंतजार में ही समाप्त हो जाएगा। चौधरी चरण सिंह ने उन्नीस सौ चौरासी के अपने चुनावी प्रसारण में 'ट्रिकल डाउन थ्योरी' को सिरे से खारिज किया था। उनका सवाल सीधा था भला अमीर क्यों गरीब के लिए छोड़ेगा? उसकी तो उपभोग करने की क्षमता ही असीम होती है। यह सिद्धांत न भारत में कभी काम आया, न दुनिया में कहीं सफल हुआ। इसके बावजूद आज भारत सहित अधिकांश देश इसी रास्ते पर चल रहे हैं। ऊपर वालों को भरने की होड़ में नीचे वाले के अस्तित्व का प्रश्न ही अप्रासंगिक बना दिया गया है।

उनकी दृष्टि में विकास केवल सड़कों, कारखानों और मुनाफे का नाम नहीं था। स्वच्छ जल, शौचालय, महिलाओं का स्वास्थ्य और छोटे किसानों की सुरक्षा उनके लिए उतने ही जरूरी प्रश्न थे। वे कहते थे कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही स्वस्थ समाज की नींव है। यदि माताएं स्वस्थ नहीं होंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी अस्वस्थ होंगी। यह सोच अपने समय से बहुत आगे की थी, जिसे आज भी पूरी तरह समझा नहीं गया है। चौधरी चरण सिंह जातिवाद के कट्टर विरोधी थे। उन्हें लगता था कि भारतवर्ष का सबसे बड़ा शत्रु जातिवाद है। आजादी के आठ दशक बाद भी गरीब गरीब ही बना हुआ है, इसका मूल कारण वही जातिगत विभाजन है, जिसने निम्न वर्ग को सत्ता, संसाधन और अवसर से दूर



रखा। तमाम योजनाओं के बावजूद गरीबी का उन्मूलन इसलिए नहीं हो पा रहा क्योंकि उसके सामाजिक कारणों को छुआ ही नहीं गया, लेकिन यहीं पर इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना सामने आती है। कांग्रेस से अलग होने के बाद चौधरी चरण सिंह ने अपनी राजनीति के संरक्षण के लिए सांप्रदायिक शक्तियों का सहारा लिया। उत्तर प्रदेश में उन्होंने समाजवादी दलों और जनसंघ के साथ सरकारें बनाईं। यही प्रयोग उन्नीस सौ सतहत्तर में जनता पार्टी के रूप में दोहराया गया। इसका हश्र ढाई साल में ही सामने आ गया। सांप्रदायिकता ने अपने लक्ष्य साधे और सरकार गिरा दी। इससे भी अधिक चौंकाने वाली घटना यह रही कि वही जनसंघ उन्नीस सौ अस्सी में पिछले दरवाजे से इंदिरा गांधी को समर्थन देकर कांग्रेस को सत्ता में ले आया। यह आघात चौधरी चरण सिंह के लिए असहनीय था। जिन ताकतों को उन्होंने सामंतवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध एक अस्थाई औजार समझा था, वही ताकतें उनके लिए सबसे बड़ा धोखा बन गईं। माना जाता है कि यही मानसिक आघात उनके पक्षाघात का कारण बना और कुछ ही समय बाद वे दुनिया से विदा हो गए। आज जब हम पीछे देखते हैं, तो साफ दिखाई देता है कि सांप्रदायिकता ने न केवल सत्ता पर कब्जा किया, बल्कि उसने पूंजीवादी शक्तियों से हाथ मिलाकर एक ऐसा गठजोड़ बना लिया है, जिसमें सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद तीनों एक साथ काम कर रहे हैं। भारत जैसे विशाल उपभोक्ता बाजार में वैश्विक पूंजीवाद को जिस स्तर का संरक्षण मिला है, वह अभूतपूर्व है। दूरसंचार से लेकर दवाइयों तक, मोटर कारों से लेकर रसायन उद्योग तककृहर क्षेत्र में कॉरपोरेट का वर्चस्व है। विडंबना यह है कि जिस कुटीर उद्योग, सहकारिता और पंचायत राज के रास्ते को गांधी और चौधरी चरण सिंह ने पूंजीवाद से बचाव का माध्यम माना था, आज उन्हीं शब्दों को मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। सहकारिता की आड़ में भी नीतियां अंततः कॉरपोरेट के हित में ही केंद्रित होती दिख रही हैं। गांधी और चरण सिंह के अनुयाई भी इस छल को समझने में विफल दिखाई देते हैं। चौधरी चरण



**वीरेश तरार**

सिंह की नीतियां आज भी भारत को इस त्रिकोणीय जाल सामंतवाद, सांप्रदायिकता और पूंजीवाद से बाहर निकालने का रास्ता दिखाती हैं, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या उनके अनुयायियों में वह वैचारिक साहस बचा है? क्या वे केवल उनकी स्मृति का उपयोग करेंगे या उनके विचारों को जीवित करेंगे? यह भी कम दुखद नहीं है कि चौ. चरण सिंह की समाधि पर दशकों तक किसी प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि नहीं दी। सत्ता की जरूरत पड़ने पर उन्हें भारत रत्न दिया गया, लेकिन यह सम्मान भी राजनीति की मजबूरी अधिक और वैचारिक स्वीकार्यता कम लगता है। यदि सच्चे मन से उन्हें सम्मान देना होता, तो यह बहुत पहले हो सकता था। आज जब गांधी के नाम को योजनाओं से हटाया जा रहा है, जब गांधी केवल मुद्रा पर छपे चेहरे तक सीमित कर दिए गए हैं, तब चौधरी चरण सिंह की याद हमें यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या लोकतांत्रिक भारत में वे अंतिम सच्चे गांधीवादी थे। शायद हां। और शायद यही कारण है कि उनकी राजनीति अपने समय में हार गई, लेकिन उनके विचार आज भी हमें आईना दिखाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू। पीडीपी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

## अमेरिकी प्रशासन ने करीब 30 करियर राजनयिकों को वापस बुलाया


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार विदेशों में अमेरिकी मिशनों में राजदूत और अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात विदेश सेवा के करीब 30 अधिकारियों को वापस बुला रही है। एसोसिएटेड प्रेस ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार कम से कम 29 देशों में राजनयिक मिशनों के प्रमुखों को पिछले हफ्ते सूचित किया गया था कि उनका कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो जाएगा। इन सभी ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में अपने पद संभाले थे। सबसे ज्यादा अमेरिकी राजदूतों को अफ्रीका से वापस बुलाया गया है।

## संसदीय समिति ने शुरू की जेजू एयरलाइन विमान हादसे की जांच

**सोल।** दक्षिण कोरियाई संसदीय समिति ने पिछले वर्ष दिसम्बर में हुए एक यात्री विमान हादसा मामले की सोमवार को जांच शुरू कर दी। द. कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नेशनल असेंबली की विशेष जांच समिति ने जेजू एयर के यात्री विमान हादसा मामले में अपनी जांच शुरू करने के लिए अपनी पहली बैठक की। यह विमान पिछले 29 दिसम्बर को राजधानी सोल से लगभग 290 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर क्रैश हो गया था। जांच लगभग 40 दिनों में पूरी किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हादसे में विमान में सवार चार क्रू मेंबर और 175 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# सिडनी के हमलावर ने पिता से सीखा बंदूक चलाना

### ऑस्ट्रेलियाई पुलिस की जांच में खुलासा



■ पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर 15 लोगों की हत्या के आरोपी व्यक्ति ने सिडनी के बाहर न्यू साउथ वेल्स राज्य के एक इलाके में अपने पिता के साथ बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लिया था। सोमवार को जारी आस्ट्रेलियाई पुलिस एक बयान के अनुसार उन लोगों ने सुनियोजित हमले के औचित्य के बारे में एक वीडियो रिकार्ड किया था।

यह बयान सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल से नवीद अकरम की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी के बाद सार्वजनिक किया गया, जहां उसकी पेट की चोट का इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने 14 दिसम्बर की गोलीबारी की घटना स्थल पर अकरम को घायल कर दिया और उसके पिता, 50 वर्षीय साजिद अकरम को मार डाला। न्यू साउथ वेल्स राज्य सरकार ने पुष्टि की कि नवीद अकरम को सोमवार को अस्पताल से जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बयान में आरोप लगाया गया है कि 24 वर्षीय युवक और उसके पिता ने बान्डी बीच पर एक वार्षिक यहूदी कार्यक्रम मना रही भीड़ की ओर चार तात्कालिक विस्फोटक उपकरण फेंककर अपना हमला शुरू किया, लेकिन उपकरण फटने में विफल रहे। पुलिस ने इन उपकरणों को तीन एल्युमिनियम पाइप बम और एक टेनिस बाल बम बताया, जिनमें विस्फोटक, काला पाउडर और स्टील बाल बियरिंग भरी हुई थीं। इनमें से कोई भी फटा नहीं, लेकिन पुलिस ने इन्हें सक्रिय आईईडी बताया। अधिकारियों ने अकरम पर 59 अपराधों का आरोप लगाया है, जिनमें हत्या के 15 मामले, घायल बचे लोगों के संबंध में हत्या के इरादे से नुकसान पहुंचाने के 40 मामले और एक आतंकवादी कृत्य करने का मामला शामिल है। आठ दिवसीय हनुक्का उत्सव की शुरुआत में हुआ यह यहूदी विरा. धी हमला 1996 में तस्मानिया राज्य में एक अकेले बंदूकधारी द्वारा 35 लोगों की हत्या के बाद से आस्ट्रेलिया में हुई सबसे भीषण सामूहिक गोलीबारी की घटना थी। न्यू साउथ वेल्स सरकार ने सोमवार को संसद में मसौदा कानून पेश किए, जिनके बारे में प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि वे आस्ट्रेलिया में सबसे सख्त कानून बन जाएंगे। नए प्रतिबंधों में बंदूक प्रशिक्षण लाइसेंस के लिए पात्रता की शर्त के रूप में आस्ट्रेलियाई नागरिकता को अनिवार्य बनाना शामिल होगा। इससे साजिद अकरम, जो स्थाई निवास वीजा धारक भारतीय नागरिक थे, लाइसेंस के दायरे से बाहर हो जाते। साजिद अकरम के पास कानूनी तौर पर छह राइफल और शाटगन भी थीं।

# भारत से संघर्ष में अल्लाह की मदद मिली: मुनीर

### पाक सेना प्रमुख बोले: नहीं तो हालात बिगड़ जाते, मई में भारत ने तबाह किए थे 11 पाक एयरबेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसम्बर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोल. ीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे। अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है। मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले टीटीपी के आतंकियों में करीब 70 प्रतिशत अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं। आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंद. ुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसम्बर को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था।



■ मुनीर ने यह बयान 10 इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कान्फ्रेंस में दिया
■ उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए

## आसिम मुनीर को सऊदी अरब सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**इस्लामाबाद/रियाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस दौरान सऊदी अरब ने मुनीर को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। मुनीर को यह सम्मान सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने रियाद में दिया है। इसको लेकर सेना ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद ने एक शाही फरमान जारी कर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को किंग अब्दुलअजीज मेडल आफ एक्सीलेंट क्लास से सम्मानित किया है, जो सऊदी अरब का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। इस दौरान सऊदी नेतृत्व ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की व्यावसायिकता और रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे के संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। इस सम्मान के जरिए सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ अपने मजबूत संबंधों को और भी मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाया है।

## हिरोशिमा ने सरकार से परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का किया आग्रह

**टोक्यो।** जापान के हिरोशिमा प्रांत ने सोमवार को सरकार से देश के परमाणु-मुक्त सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। क्योटो न्यूज़ के अनुसार, हिरोशिमा प्रांत की विधानसभा ने सर्वसम्मति से जारी बयान में परमाणु हथियारों के तीन सिद्धांतों की समीक्षा को लेकर स्थानीय चिंताओं का हवाला दिया गया। इन सिद्धांतों के तहत जापान में परमाणु हथियारों के कब्जे, उत्पादन या प्रवेश की अनुमति देने पर रोक हैं। बयान में कहा गया कि परमाणु बमबारी झेलने वाला एकमात्र देश होने के नाते परमाणु हथियारों से मुक्त विश्व की प्राप्ति की दिशा में निरंतर प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। यह बयान प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के नेतृत्व वाली सरकार में सुरक्षा नीति तैयार करने में शामिल एक अधिकारी के हालिया बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जापान को परमाणु हथियार रखने चाहिए। इस बयान से स्थानीय लोगों, जिनमें परमाणु बम हमले में बचे लोग भी शामिल हैं, की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा परमाणु बमों से तबाह हुए हिरो. शिमा और नागासाकी प्रांतों या नगर विधानसभाओं द्वारा देश के परमाणु-विरोधी सिद्धांतों पर पुनर्विचार के संबंध में यह पहली लिखित राय है।

## न्याय विभाग ने फिर जारी की राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर



न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयॉर्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थायी रूप से हटा दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन के हाल ही में जारी दस्तावेजों की एक तस्वीर फिर से जारी की है, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नजर आ रहे हैं। विभाग ने कहा है कि इस तस्वीर में कोई भी एपस्टीन पीड़ित नहीं दिखाया गया है। न्याय विभाग ने दक्षिणी जिला न्यूयार्क की ओर से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के बाद इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था।

न्याय विभाग ने एक पोस्ट में कहा, दक्षिणी जिला न्यूयार्क ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की एक तस्वीर पर संभावित कार्रवाई के लिए संकेत दिया था। सावधानी के तौर पर, न्याय विभाग ने समीक्षा के लिए तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया था। समीक्षा के बाद यह पाया गया कि तस्वीर में कोई एपस्टीन पीड़ित नहीं है, इसलिए इसे बिना किसी बदलाव के फिर से प्रकाशित किया गया है। इसके पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन दस्तावेजों से जुड़ी 16 फाइलें न्याय विभाग की वेबसाइट से हटा दी गई हैं। इनमें से एक हटाई गई फाइल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर थी। अन्य हटाई गई फाइल में ज्यादातर स्पष्ट चित्र, डाक पेटियों वाले खांचे (स्लाट) टाइल से बना गलिया और नाम व अपार्टमेंट के नंबर वाली नोटबुक के पन्ने शामिल थे। न्याय विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और केवल वैधानिक रूप से आवश्यक जानकारी को ही छिपाएगा। विभाग को कानून के तहत पीड़ितों, नाबालिगों या संभावित पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी को छिपाना होता है। विभाग ने यह भी कहा कि कोई भी जानकारी प्रसिद्ध लोगों या राजनीतिक रूप से संवेदनशील व्यक्तियों बचाने के लिए छिपाई नहीं गई है और भविष्य में भी नहीं छिपाई जाएगी। न्याय विभाग को पीड़ितों और उनके वकीलों की ओर से कुछ जानकारी हटाने के अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

# भारतीय मूल के युवक की धमकी पर चर्च के कार्यक्रम रद्द

■ चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक सिंगापुरवासी व्यक्ति पर एक चर्च में झूठी आतंकवादी धमकी देने का आरोप लगाया गया। इस कारण रविवार की सभी प्रार्थना सभाएं रद्द कर दी गईं।


कोकुलानंथन मोहन, जिन पर संयुक्त राष्ट्र (आतंकवाद विरोधी उपाय) विनियमों के विनियमन 8(2)(ए) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है। उन्होंने ऊपरी बुकिट तिमाह क्षेत्र में सेंट जोसेफ चर्च में एक संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एक पाश आवासीय क्षेत्र शामिल है। चार्जशीट के अनुसार 26 वर्षीय व्यक्ति पर रविवार को सुबह लगभग 7.11 बजे चर्च में तीन कार्डबोर्ड रोल रखने का आरोप है, जो पत्थर के कंकड़ों से भरे हुए थे और जिनमें उभरे हुए लाल तार लगे हुए थे, जिन्हें काले और पीले चिपकने वाले टेपों से एक साथ बांधा गया था। यह कथित तौर पर किसी अन्य व्यक्ति को इस झूठे विश्वास में डालने के इरादे से किया गया था कि वस्तु में विस्फोट या आग लगने की संभावना है और इस प्रकार व्यक्तिगत चोट या संपत्ति को नुकसान हो सकता है। सिंगा. पुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उस व्यक्ति ने कथित तौर पर चर्च परिसर के भीतर एक खुद से बनाई वस्तु रखकर घटना को अंजाम दिया था, जो एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण से मिलती जुलती थी। माना जाता है कि उसने अकेले ही यह काम किया था, और फिलहाल ऐसा कोई सबूत नहीं है. जिससे यह पता चले कि यह धार्मिक रूप से प्रेरित हमला था या आतंकवादी कृत्य था। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हेंनें आरोपी की मनोरोग संबंधी मूल्यांकन के लिए तीन सप्ताह के लिए हिरासत में लिया गया है और वे 12 जनवरी को अदालत में वापस आएंगे।

# अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या की निंदा

### बांग्लादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक डेमोक्रेट सांसद ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने की निंदा करते हुए बंगलादेश प्रशासन से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने का आग्रह किया है।

इलिनॉइस के डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने सोमवार को कहा कि वे बंगलादेश में खतरनाक अस्थिरता के बीच दीपू चंद्र दास की लक्षित हत्या से 'स्तब्ध' हैं। कृष्णमूर्ति ने एक बयान में कहा कि बंगलादेश सरकार को तेज और संपूर्ण तरीके से पारदर्शी जांच करनी चाहिए और इस घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए। इसके अलावा, हिंदू समुदायों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को हिंसा से बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बंगलादेशी अधिकारियों ने ईश निंदा के आरोपों में दीपू चंद्र दास (25) की हत्या से जुड़े 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह हमला गुरुवार को मेमन. सिह शहर में हुआ था। बंगलादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जबकि पुलिस ने तीन अन्य को हिरासत में लिया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गिरफ्तारियों की पुष्टि की और पूरी जांच का वादा किया। सरकार ने पूरी जांच का वादा करते हुए सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की प्रतिबद्धता जताई है। गौरतलब है कि मुस्लिम बहुल बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और वहां साम्प्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है।



■ घटना के जिम्मेदार लोगों को कानूनन सजा देनी चाहिए: कृष्णमूर्ति




# ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज को हटाने की मांग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए जानलेवा आतंकवादी हमले के बाद तीन लाख से ज्यादा लोगों ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के इस्तीफे और आप्रवासन नीति में बदलाव की मांग की है। याचिका से जुड़ी वेबसाइट चेंजडॉटऑर्ग के अनुसार, अब तक तीन लाख 10 हज़ार लोग इस याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

सिडनी बीच आतंकवादी हमले के पीड़ितों को 21 दिसम्बर को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अल्बानीज़ के खिलाफ भीड़ ने नारेबाज़ी की थी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों को प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को एक सुरक्षित जगह पर ले जाना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लोगों ने उन्हें कमज़ोर कहा और चिल्लाकर कहा कि उनके हाथ खून से सने हैं। याचिका में लिखा था कि बॉन्डी बीच पर हाल की दुखद घटनाओं और राष्ट्रीय चिंताओं को देखते हुए, अब देश के नेतृत्व पर ध्यान देने का समय आ गया है। कई निर्दोष लोगों की जान लेने वाली बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी हमारे समाज को सुरक्षित रखने के लिए ज़रूरी कार्रवाई की एक और याद दिलाती है। इस इस्ताक्षर याचिका पर बड़े पैमाने पर आप्रवासन पर चिंता जताई है, जिसका ऑस्ट्रेलिया में विरोध हो रहा है। याचिका में कहा गया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की नीति जनता की राय से मेल नहीं खाती एवं सरकार और लोगों के बीच खाई बढ़ाती है। याचिका में लिखा है कि हमें ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सुरक्षित रखने के लिए उन लोगों के लिए एक बेहतर छानबीन नीति की ज़रूरत है जिन्हें हम इस देश में लाते हैं। उल्लेखनीय है कि 14 दिसम्बर को दो आतंकवादियों ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर भीड़ पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक हमलावर सहित 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने हमलावरों की पहचान 50 वर्षीय साजिद अकरम और उसके 24 साल के बेटे नावेद अकरम के तौर पर की। यह हमला तब हुआ जब बीच पर यहूदी समुदाय के लोग हनुक्का पर्व मना रहे थे।



■ तीन लाख लोगों ने किए याचिका पर हस्ताक्षर

### अल्बानीज ने बॉन्डी बीच आतंकी हमले को लेकर यहूदी समुदाय से माफ़ी मांगी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने नफरती भाषण से निपटने के लिए नया कानून बनाने का वादा करते हुए बॉन्डी बीच पर यहूदियों पर की गई सामूहिक गोलीबारी के बाद देश के यहूदी समुदाय से माफी मांगी है। अल्बानीज ने कैनबरा में सोमवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे सिडनी के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के आयोजन में 15 लोगों की गोलीबारी से मौत के लिए 'जिम्मेदारी का बोझ' महसूस करते हैं।

## शेंगेन में रूसी राजनयिकों पर यात्रा प्रतिबंध भेदभावपूर्ण: रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि यूरोपीय संघ की ओर से शेंगेन क्षेत्र में रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर लगाया गया प्रतिबंध स्पष्ट तौर पर भेदभावपूर्ण नीति के तहत लिया गया निर्णय है।

स्विट्जरलैंड में रूसी राजदूत सर्गेई गार्मोनिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को यूरोपीय संघ ने रूस के खिलाफ 19वें प्रतिबंध पैकेज के तहत यूरोपीय संघ में रूसी राजनयिकों की आवाजाही उस देश तक सीमित कर दी थी जहां वे मान्यता प्राप्त हैं। इसके अलावा रूसी राजनयिकों और उच्चायोग के कर्मचारियों को अधिकारियों को सूचित करना होगा यदि वे किसी अन्य यूरोपीय संघ सदस्य देश की यात्रा करने या वहां से गुजरने का इरादा रखते हैं। ये प्रतिबंध 25 जनवरी, 2026 से लागू होने वाले हैं। गार्मोनिन ने कहा कि अब तक बर्न में रूसी दूतावास को स्विस पक्ष से कोई स्पष्टीकरण नहीं मिला है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि स्विट्जरलैंड यूरोपीय संघ की ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया दिये जाने का इंतजार कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है यह स्पष्ट रूप से एक भेदभावपूर्ण नीति है। उधर, रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने कहा है कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसियों को मल्टी-एंट्री शेंगेन वीजा जारी करने पर प्रतिबंध और रूसी राजनयिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध के बाद रूस पहले से ही जवाबी उपायों पर काम कर रहा है।

